CMYK

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 15°C

मुरादाबाद, शनिवार 14 मार्च 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 208 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत ख़बरों के लिए QR कोड स्कैन करें।
मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 24 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



'जिंदाबाद' से कुछ नहीं होता, बदलाव के लिए संकल्प जरूरीः राहुल गांधी पेज 2




लक्ष्मी ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में शॉट पुट में गोल्ड जीता खेल टाइम्स



नेपाल की नई सरकार की प्राथमिकता भारत से रिश्ते मजबूत करने की होगी सम्पादकीय



मुजतबा खामेनेई की जान की कोई गारंटी नहीं: नेतन्याहू पेज 12

# अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन पर ईरान का हमला

**तेहरान।** अमेरिका को उम्मीद थी कि उसके हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर की मौत के बाद युद्ध शायद जल्द खत्म हो जाएगा, लेकिन ईरान ने जिस तरह से पलटवार किया है, उससे अमेरिका, पश्चिम एशिया में फंसता नजर आ रहा है। अब ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने अमेरिका के ताकतवर युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन पर हमले का दावा किया है।

आईआरजीसी ने एक बयान में दावा किया है कि उनकी एक बैलिस्टिक मिसाइल ने अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को निशाना बनाया है। आईआरजीसी का कहना है कि इस हमले के चलते युद्धपोत काम करने की स्थिति में नहीं रह गया है और उसे खाड़ी जल क्षेत्र से पीछे हटना पड़ा है। हालांकि अमेरिका ने इस दावे को खारिज कर दिया है। ईरान ने एक बयान जारी कर कहा है कि एक सटीक मिसाइल और ड्रोन हमले ने अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को निशाना बनाया है। ईरान ने कहा है कि ओमान के जलक्षेत्र में युद्धपोत पर हमला किया गया, जो ईरान की समुद्री सीमा से करीब 340 किलोमीटर दूर है। ईरान के सरकारी मीडिया ने बताया कि हमले के बाद -शेष पृष्ठ दो पर



■ इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने अमेरिका के ताकतवर युद्धपोत पर हमले का दावा किया

## इराक में अमेरिका का केसी- 135 टैंकर विमान क्रैश चालक दल के चार सदस्यों की मौत

**बगदाद।** ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियानों के दौरान अमेरिकी वायुसेना का केसी-135 रिफ्यूलिंग टैंकर विमान पश्चिमी इराक में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में छह क्रू सदस्य सवार थे, जिनमें से चार की मौत की पुष्टि हो गई है। अमेरिकी सेना ने बताया कि ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियानों का समर्थन कर रहा केसी-135 रिफ्यूलिंग विमान पश्चिमी इराक में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। विमान में सवार छह चालक दल के सदस्यों में से चार की मौत की पुष्टि हो गई है। हादसे के बाद बचाव अभियान जारी है। पश्चिम एशिया क्षेत्र की निगरानी करने वाली यूएस सेंट्रल कमांड के अनुसार, यह दुर्घटना फ्रेंडली एयरस्पेस में दो विमानों से जुड़े एक अज्ञात घटना के बाद हुई। घटना में शामिल दूसरा विमान सुरक्षित लैंड कर गया।

## फिर निशाने पर दुबई, धमाके से इमारतें हिलीं आसमान में छाया धुआं

**दुबई।** पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव के बीच दुबई में लगातार दूसरे दिन जोरदार धमाकों की आवाज सुनी गई। शुक्रवार को तेज धमाकों की आवाज से शहर की कई इमारतें हिल गईं। इस दौरान मध्य दुबई के एक हिस्से में आसमान में काले धुएं का घना गुबार देखा गया। चश्मदीदों के अनुसार, दो बड़े धमाके हुए जिससे पूरा इलाका दहल गया। दुबई मीडिया ऑफिस ने सोशल मीडिया पर इस घटना की जानकारी दी।

## 24वां रोज़ा

### ख्वाहिशें छोड़ें, अल्लाह से रिश्ता जोड़ता है रोज़ा



कुरआने-पाक में ज़िक्र है- 'मगर तुम लोग दुनिया की जिंदगी को अख्तियार करते हो, हालांकि आखिरत बहुत बेहतर और पाइन्दातर है।' इन पाकीज़ा आयतों की रोशनी में रमज़ान के इस आखिरी अशरे और खास तौर से चौबीसवें रोज़े की फज़ीलत को अच्छी तरह समझा जा सकता है। इस आयत में दुनियावी ज़िंदगी यानी नफ्सी ख्वाहिशात को छोड़ने और आखिरत से रिश्ता जोड़ने की बात कही गई है। यहां दो सवाल हैं। एक तो आखिरत से रिश्ता क्यों जोड़ें? दूसरा, आखिरत से रिश्ता कैसे जोड़ा जाए? जहां तक पहले सवाल का ताल्लुक है, तो कुरआने-पाक की मजकूर सत्रहवीं आयत में इसका जवाब है। यह कि आखिरत से रिश्ता जोड़ें, क्योंकि आखिरत 'बहुत बेहतर' है और पाइन्दातर है।




## पीरियड्स लीव पर सीजेआई की महत्वपूर्ण टिप्पणी

# महिलाओं को कोई काम नहीं देगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को महिला कर्मचारियों और छात्राओं के लिए देशभर में मासिक धर्म अवकाश नीति की मांग करने वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। अदालत ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि ऐसी नीति अनजाने में लैंगिक रूढ़िवादिता को बढ़ावा दे सकती है और इससे महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर कम हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि और नियोक्ता महिलाओं को नौकरी देने से कतराने लगेंगे।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि ऐसी मांगें अनजाने में महिलाओं के बारे में रूढ़िवादी सोच को भी मजबूत कर सकती हैं। अदालत ने टिप्पणी की कि मासिक धर्म को किसी कमजोरी या हीनता के रूप में पेश करना सही नहीं है। हालांकि, अदालत ने यह भी कहा कि संबंधित सक्षम प्राधिकारी इस विषय पर दी गई याचिकाकर्ता की प्रतिनिधित्व पर विचार कर सकते हैं और सभी हितधारकों से परामर्श करके नीति बनाने की संभावना की जांच कर सकते हैं। यह याचिका शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी ने दायर की थी, जिसमें महिलाओं के लिए छात्रों और कामकाजी महिलाओं दोनों के लिए मासिक धर्म अवकाश की राष्ट्रीय नीति बनाने की मांग की गई थी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता के अधिकार क्षेत्र पर भी सवाल उठाया और कहा कि इस मामले को लेकर खुद कोई महिला कोर्ट में नहीं आई है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एमआर शमशाद ने बताया कि कुछ राज्य और संस्थान पहले ही इस दिशा में कदम उठा चुके हैं। उन्होंने केरल का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां स्कूलों में कुछ राहत दी गई है और कई निजी कंपनियां भी स्वेच्छा से कर्मचारियों को यह अवकाश दे रही हैं। इस पर -शेष पृष्ठ दो पर



■ महिला कर्मचारियों और छात्राओं के लिए मासिक धर्म अवकाश नीति की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करने से अदालत ने किया इन्कार

## सात साल जेल में रहने के बाद एनडीपीएस मामले के दोषी को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मादक औषधि एवं मनोरोगी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) एक्ट के तहत दोषी ठहराए गए एक व्यक्ति को बड़ी राहत देते हुए जमानत दे दी है।

अदालत ने यह फैसला इसलिए लिया क्योंकि वह व्यक्ति पिछले सात साल से अधिक समय से जेल में बंद है और उसकी अपील पर फिलहाल जल्दी सुनवाई होने की संभावना नहीं है। जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने मनोज कुमार गुप्ता की अपील स्वीकार करते हुए पटना हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें पहले उनकी सजा को निलंबित करने और जमानत देने से इन्कार किया गया था। मनोज कुमार गुप्ता ने मई 2025 में पटना हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। यह मामला साल 2000 में दर्ज एक एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें एनडीपीएस एक्ट की कई गंभीर धाराओं के तहत आरोप लगाए गए थे। ये धाराएं आमतौर पर बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की तस्करी और उससे जुड़े अपराधों से संबंधित होती हैं।

# सरकार का दावा: देश में तेल और गैस का संकट नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ राज्यों को जमाखोरी पर सख्ती के निर्देश नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच जारी तनाव और होर्मुज क्षेत्र में तेल व गैस के जहाजों की आवाजाही प्रभावित होने की खबरों के बीच भारत में ईंधन संकट की आशंकाएं जताई जा रही हैं। हालांकि केंद्र सरकार ने साफ कहा है कि देश में पेट्रोल, डीजल और घरेलू रसोई गैस की कोई कमी नहीं है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा कि सरकार लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है और देश में तेल-गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। उन्होंने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और घबराकर बुकिंग या खरीदारी न करने की अपील की। संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि भारत की कुल शोधन क्षमता 258 मिलियन मीट्रिक टन है और देश पेट्रोल व डीजल के उत्पादन में आत्मनिर्भर है। उन्होंने कहा कि देश की सभी रिफाइनरियां फिलहाल 100 प्रतिशत या उससे अधिक क्षमता पर काम कर रही हैं और उनके पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। इस वजह से पेट्रोल और डीजल के आयात की आवश्यकता नहीं है। एलपीजी आपूर्ति को लेकर शर्मा ने कहा कि देशभर के 25 हजार से अधिक एलपीजी वितरकों में कहीं भी गैस खत्म होने की स्थिति नहीं आई है।

## एलपीजी संकट पर संसद में विपक्ष की नारेबाजी

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दूसरे फेज के 5वें दिन, शुक्रवार को भी विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। राहुल गांधी समेत विपक्षी सांसदों ने 8 निलंबित सांसदों की वापसी की मांग की।

इस पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सदन की मेजों पर चढ़ोगे तो यही एक्शन होगा। लोकसभा में हंगामे का कारण पहले 12 बजे तक कार्यवाही स्थगित कर दी गई। इसके बाद दूसरी बार 2 बजे तक फिर से कार्यवाही स्थगित की गई। 2 बजे शुरू हुई कार्यवाही भी केवल 1 घंटा चली। इसके बाद लोकसभा को 16 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इस दौरान विपक्ष ने पीएम मोदी के खिलाफ नारेबाजी की। इधर टीएमसी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के खिलाफ दोनों सदनों में प्रस्ताव दिया है।

■ टीएमसी ने सीईसी ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के खिलाफ दोनों सदनों में दिया प्रस्ताव

## आपदा प्रभावित छह राज्यों के लिए 1912 करोड़ की सहायता राशि मंजूर

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने वर्ष 2025 में बाढ़, आकस्मिक बाढ़ , बादल फटने, चक्रवात 'मोंथा' और भूस्खलन से प्रभावित आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, नागालैंड तथा केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के लिए 1,912.99 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता को मंजूरी दी है।केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई एक उच्चस्तरीय समिति की बैठक में यह मंजूरी दी गई। गृह मंत्रालय ने एक वक्तव्य में बताया कि यह केन्द्रीय सहायता राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष से प्रदान की गई है, जो वर्ष की प्रारंभिक शेष राशि में उपलब्ध राज्य आपदा मोचन कोष के 50 प्रतिशत के समायोजन के अधीन है। मंजूर की गई कुल राशि 1,912.99 करोड़ रुपये में से, आंध्र प्रदेश के लिए 341.48 करोड़ रुपये, छत्तीसगढ़ के लिए 15.70 करोड़ रुपये, गुजरात के लिए 778.67 करोड़ रुपये, हिमाचल प्रदेश के लिए 288.39 करोड़ रुपये, नगालैंड के लिए 158.41 करोड़ रुपये तथा जम्मू-कश्मीर के लिए 330.34 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है।

# ईरान बोला: भारत हमारा दोस्त, होर्मुज स्ट्रेट में सुरक्षित रास्ता देंगे

**नई दिल्ली।** भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने कहा है कि ईरान भारत को सुरक्षित रास्ता देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत और ईरान के बीच दोस्ताना संबंध हैं।

नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत के दौरान उनसे सवाल पूछा गया कि क्या ईरान भारत को होर्मुज स्ट्रेट में रास्ता देगा। इस पर फतहाली ने कहा कि हां, क्योंकि भारत हमारा दोस्त है। उनके मुताबिक भारत और ईरान के बीच लंबे समय से सहयोग और विश्वास का रिश्ता रहा है। इसी बीच ओमान के सोहर प्रांत में ड्रोन गिरने से दो भारतीय कामगारों की मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक सुरक्षा बलों ने एक ड्रोन को मार गिराया था, जिसके बाद उसका मलबा गिरने से यह हादसा हुआ। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि मुजतबा खामेनेई गंभीर रूप से घायल हैं और कोमा में हैं। ब्रिटिश मीडिया द सन की रिपोर्ट के मुताबिक 28 फरवरी को अमेरिका-इजराइल के हमले में घायल होने के बाद उन्हें तेहरान के सिना यूनिवर्सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि उनकी हालत बेहद गंभीर है। हमले में चोट इतनी गहरी थी कि उनका एक पैर काटना पड़ा और लिवर को भी गंभीर नुकसान पहुंचा है।

■ ओमान में ड्रोन अटैक, दो भारतीयों की मौत

## पीएम मोदी ने की ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियान से बात

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति डा. मसूद पेजेशकियान से क्षेत्र की गंभीर स्थिति पर चर्चा की हैं। मोदी ने शांति और स्थिरता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया और शांति बहाली के लिए बातचीत तथा कूटनीति का आग्रह किया। उन्होंने तनाव बढ़ने, आम नागरिकों की जान जाने तथा नागरिक बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की। भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और संरक्षा, साथ ही सामान व ऊर्जा के निर्बाध आवागमन की आवश्यकता भारत की सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं।




नई दिल्ली: बढ़ती गैस सिलेंडरों की किल्लत के मद्देनजर प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकती पुलिस।

# कांग्रेस ने लगातार असम में झूठ बोला: प्रधानमंत्री

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने असम के लोगों से लगातार झूठ बोला। कांग्रेस की गलत नीतियों ने इस राज्य को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा कि हमने देखा कि बाहरी देशों के युद्ध की वजह से हमारे किसानों पर असर पड़ता है। हमने कृषि को बाहरी संकट से बचाने के लिए आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन दिया है।

कांग्रेस ने साबित कर दिया कि वो किसी भी स्थिति में देश के लिए ईमानदार नहीं है। मोदी ने कहा कि आज युद्ध की स्थिति में कांग्रेस केवल गलत प्रचार करने में जुटी है। वे केवल देश को अंधेरे में रखना चाहते हैं, देश को गुमराह कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि टी-गार्डन के किसानों का सम्मान करना मेरे लिए कर्ज चुकाने जैसा है। आपकी चाय बेचकर मैं पीएम बन गया। मां कामाख्या देवी ने मुझे चाय बागान के लोगों का कर्ज चुकाने का मौका दिया है। पीएम 13-14 मार्च को असम के दो दिन के दौर पर हैं। उन्होंने पहले दिन 24.250 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने नॉर्थ ईस्ट के लिए 3 नई ट्रेनों की शुरुआत भी की। पीएम दो दिन में यहां कुल मिलाकर 47800 रुपये के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। 14 मार्च को सुबह करीब 10.45 बजे प्रधानमंत्री सिलचर में भूमि पूजन करेंगे और करीब 23,550 करोड़ रुपये के अलग-अलग प्रोजेक्ट्स देश को समर्पित करेंगे।



■ किसानों को विदेशों पर निर्भर रखा, दौरे के पहले दिन 24,250 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन-शिलान्यास किया

## यूपीपीएससी की एपीओ परीक्षा 22 मार्च को आठ जिलों में होगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने सहायक अभियोजन अधिकारी (एपीओ) प्रारंभिक परीक्षा-2025 का एडमिट कार्ड जारी कर दिया है।

यह परीक्षा 22 मार्च को प्रदेश के आठ प्रमुख जिलों में आयोजित की जाएगी। आयोग के परीक्षा नियंत्रक हर्ष देव पांडेय ने इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आयोग के अनुसार परीक्षा सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक एक ही सत्र में संपन्न होगी। परीक्षा के लिए प्रयागराज के अलावा अलीगढ़, बरेली, गोरखपुर, कानपुर नगर, लखनऊ, मेरठ और वाराणसी को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

■ सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक एक ही सत्र में संपन्न होगी

## एक नजर

### बहू ने शराब पीकर घर में लगाई आग



**बिजनौर।** मुक्करपुर खेमा उर्फ बुखारा, कब्रिस्तान वाली गली निवासी कमालुद्दीन अंसारी पुत्र जमीलुद्दीन ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि करीब सात वर्ष पहले उनके पुत्र की शादी सना से हुई थी। जिनसे एक बेटा और एक बेटी हैं। आरोप है कि कुछ समय बाद सना का सलमान कुरैशी के यहां आना-जाना शुरू हो गया, जिसके बाद से वह आए दिन घर में झगड़ा करने लगी है। पीड़ित का कहना है कि सना रोजाना शराब पीती है और जब उसे शराब नहीं मिलती है, तो घर में हंगामा करती है। आरोप है कि 11 मार्च को सना ने शराब के नशे में गाली-गलौज करते हुए परिवार को झूठे मुकदमों में फंसाने और जेल भिजवाने की धमकी दी। साथ ही घर में आग लगा दी। जिसे समय रहते फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने बुझा दिया गया। आरोप है कि 11 मार्च 2026 को सना ने सलमान कुरैशी को बुलाकर पीड़ित के बेटे के साथ मारपीट कराई। जिससे उसे चोटें आईं।

### झालू में खूनी झड़प



**झालू।** मुख्य बाजार में बीती रात दो पक्षों के बीच हुई मारपीट से बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। झड़प के दौरान एक युवक घायल हो गया, जबकि अचानक हुई मारपीट से बाजार में भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। मौहल्ला मौलवियान निवासी अरशद पुत्र असलम ने बताया कि 12 मार्च की रात करीब आठ बजे उसका छोटा भाई असद घर से सामान लेने के लिए मुख्य बाजार गया था। आरोप है कि पहले से घात लगाए बैठे नावेद, अजीम, आवेश, सावेज, परवेज पुत्रगण हसीनुद्दीन निवासी मोहल्ला मौलवियान, प्रशांत पुत्र शूरवीर तथा एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे घेर लिया और उसके पैर में लाठी मार दी। भाई की आवाज सुनकर जब अरशद मौके पर पहुंचा, तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान नावेद ने उस पर जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह घायल होकर खून से लथपथ हो गया। अचानक हुई इस घटना से मुख्य बाजार में भगदड़ मच गई और आसपास मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। इसके बाद आरोपी गाली-गलौज करते हुए मौके से फरार हो गए और जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित अरशद का कहना है कि आरोपियों से उसका काफी समय से विवाद चल रहा है, जो वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है। उसका आरोप है कि करीब आठ दिन पहले खेत में खड़े छह आम के फलदार पेड़ों को इन लोगों द्वारा काटे जाने की शिकायत उसने वन विभाग, पुलिस चौकी और जिलाधिकारी कार्यालय में की थी। इसी शिकायत से नाराज होकर आरोपियों ने इस वारदात को अंजाम दिया। मुख्य बाजार जैसे भीड़भाड़ वाले इलाके में हुई इस घटना से स्थानीय लोगों में डर का माहौल बन गया। नगर में यह भी चर्चा है कि यदि पुलिस पहले ही पुराने विवाद को गंभीरता से लेकर सख्ती दिखाती, तो शायद इस प्रकार की घटना टाली जा सकती थी। पीड़ित ने थाना हल्दौर में तहरीर देकर पूरे मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं चर्चा है कि पुलिस ने मामले में शांति भंग की धारा में चालान कर औपचारिकता पूरी कर दी।

# दिनदहाड़े ताले तोड़ कर लाखों की चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर के यशोदा कुंज, नई बस्ती में दिनदहाड़े चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर करीब 30 लाख रुपए से अधिक की नकदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी होने पर इलाके में हड़कंप मच गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार यशोदा कुंज, नई बस्ती निवासी अमित अग्रवाल अपने परिवार के साथ सुबह करीब 10 बजे गाज़ियाबाद लड़की का रिश्ता देखने गए थे। जबकि उनका बेटा दुकान पर चला गया था। इसी दौरान सुबह करीब 11 से 12 बजे के बीच चोरों ने घर के ताले तोड़कर अंदर घुसकर अलमारी के दोनों लॉकर तोड़ दिए और लाखों के जेवरात व नकदी चोरी कर ली। पीड़ित के अनुसार चोर घर से करीब पांच लाख रुपए की नकदी, चार सोने के कंगन, दो सोने की चेन, चार अंगूठियां तथा सोने-चांदी के सिक्के ले गए। शाम करीब साढ़े पांच बजे जब परिवार घर लौटा, तो घर के ताले टूटे देख चोरी की जानकारी हुई। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस करीब सात बजे मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ ही चोरों की तलाश में जुट गई है।

# मुर्गा व्यापारी को जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** चाहशीरी बी-22 निवासी दानिश अंसार पुत्र अंसार अहमद ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह मुर्गों की सप्लाई का काम करता है। मछली बाजार के पास रहने वाला शब्बू पुत्र नसीम उसका ग्राहक है, जिस पर करीब 20 हजार रुपए बकाया हैं। 13 मार्च 2026 को जब पीड़ित ने अपने भतीजे को पैसे लेने के लिए भेजा, तो आरोपी ने उसके साथ अभद्रता की और गाली-गलौज करते हुए धमकी दी कि दोबारा पैसे मांगने पर उसे और उसके मालिक को जान से मार देगा तथा झूठे मुकदमे में फंसा देगा।

### आरोपी ने गाड़ी के शीशे तोड़े

पीड़ित का कहना है कि उसी दिन उसकी मुर्गा सप्लाई की गाड़ी यूपी20सीटी 2576 आरोपी के घर के सामने खड़ी थी, तभी आरोपी ने दबंगई दिखाते हुए गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। घटना को मौके पर मौजूद राजा पुत्र मोबीन ने भी देखा।

पीड़ित ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने, 20 हजार रुपए दिलाने और गाड़ी के टूटे शीशों का हर्जाना दिलाने की मांग की है।

# इज़राइल के खिलाफ नारेबाजी

**हल्दौर।** अंतर्राष्ट्रीय कुद्स दिवस के मौके पर ग्राम छजुपुरा सादात में एलिया एजुकेशनल वैलफेयर सोसाइटी के बैनर तले रैली का आयोजन किया गया। रैली में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर फ़िलिस्तीनी जनता के साथ एकजुटता व्यक्त की और इज़राइल के खिलाफ नारेबाजी की। जुमे की नमाज के बाद जामा मस्जिद अबुतालिब से रैली की शुरुआत हुई। हाथों में बैनर, तख्तियां और शहीदों की तस्वीरें लिए प्रतिभागी गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए इमाम बाड़ा तक पहुंचे। इस मौके पर पेश नमाज मौलाना मैहदी अब्बास ज़ैदी ने कहा कि कुद्स दिवस की शुरुआत करीब 47 वर्ष पहले इमाम खुमैनी द्वारा की गई थी। इसका मकसद पूरी दुनिया को यह संदेश देना था कि फ़िलिस्तीन का मुद्दा केवल एक क्षेत्र का नहीं, बल्कि मानवता और न्याय का सवाल है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया के कई देशों में लोग फ़िलिस्तीन के समर्थन में आवाज़ उठा रहे हैं और अत्याचार के खिलाफ खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि रमज़ान के आखिरी जुमे को कुद्स दिवस घोषित कर इमाम खुमैनी ने मुसलमानों को फ़िलिस्तीनी मुद्दे पर एकजुट होने का आह्वान किया था। साथ ही उन्होंने मुस्लिम जगत की एकता और अत्याचार के खिलाफ खड़े होने का संदेश दिया। रैली में शामिल लोगों ने फ़िलिस्तीन की आज़ादी तक समर्थन जारी रखने का संकल्प लिया और अत्याचार के विरोध में एकजुट रहने की बात कही।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | दिल्ली मंडल के अंतर्गत आनंद विहार डिपो की प्राइमरी-बेस्ड शताब्दी/तेजस/शताब्दी-टाइप/राजधानी/दुरंतो/गतिमान/AC/एक्सप्रेस ट्रेनों में, वॉशिंग लाइन/सिक लाइन पर रखरखाव कार्यों के दौरान और ऑन-बोर्ड इलेक्ट्रिकल एस्कॉर्टिंग ड्यूटी के समय, AC कोचों के ताज़ी हवा और रिटर्न एयर फिल्टर, AC ग्रिल तथा कूलिंग/कंडेंसर कॉइल्स की सफाई का कार्य, तीन वर्षों की अवधि के लिए। |
| निविदा संख्या | 30-विद्युत-11टी-कोचिंग-2025-26 |
| कार्य की अनुमानित लागत (रू० में) | 12,68,02,167.22/- रू० |
| निविदा फार्म का मूल्य | 0.00/- |
| कार्यालय का पता | वरि० मण्डल विद्युत अभियंता/कोचिंग, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | 7,84,000/- रू० |
| कार्य समाप्ति की अवधि | 36 महीने |
| निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय | 08.04.2026 को 15:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि व समय | 08.04.2026 को 15:01 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in व वरि० मण्डल विद्युत अभियंता/कोचिंग/दिल्ली |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 864/2026



**कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक**
(मुरादाबाद/चन्दौसी/अमरोहा/बिजनौर)
**उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद**
ऑफिस कॉम्प्लेक्स (भूतल), सेक्टर-5, मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद। E-mail: emombd@upavp.com

**सर्वसाधारण को सूचना**

परिषद की जिगर विहार योजना, मुरादाबाद में स्थित **अल्प आय वर्ग भवन संख्या जी.ए/267** प्रदेशन-पत्र पत्रांक 264 दिनांक 08.04.1986 द्वारा कुमारी फिरदौस मुख्तार पुत्री श्री मुख्तार अहमद के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी ने दिनांक 26.04.1986 को इस कार्यालय से किराया - किश्त क्रय किरायेदारी का अनुबन्ध निष्पादित कराकर दिनांक 30.04.1986 को भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया गया। आवंटी द्वारा पूर्ण भुगतान करते हुए दिनांक 27.09.2002 को इस कार्यालय से विक्रय विलेख निष्पादित कराकर दिनांक 28.09.2002 को उप निबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद में पंजीकृत करा लिया गया। कुमारी फिरदौस मुख्तार द्वारा अपने जीवनकाल में अपने भतीजे श्री मौहम्मद आजम पुत्र डा० इफ्तेखार अहमद के पक्ष में एक पंजीकृत वसीयतनामा किया गया, जो उप निबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद में बही सं० III जिल्द सं० 127 पृष्ठ सं0 99 से 108 क्रमांक 323 पर दिनांक 26.08.2013 को पंजीकृत है। श्री मौहम्मद आजम पुत्र डा० इफ्तेखार अहमद के द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्रीमती सायमा शरीफ पुत्री श्री शरीफ अहमद, पत्नी श्री मौहम्मद आजम के पक्ष में कर दिया, जो उप निबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद में दिनांक 21.02.2017 को रजिस्ट्रीकृत किया गया है। श्रीमती सायमा शरीफ पुत्री श्री शरीफ अहमद, पत्नी श्री मौहम्मद आजम के द्वारा उक्त भवन को श्रीमती उजमा अंसारी पत्नी मौहम्मद यूनुस अंसारी व मौहम्मद यूनुस अंसारी पुत्र श्री सिराज अहमद अंसारी को विक्रय कर दिया है, जो उप निबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद में बही सं0 1 जिल्द सं0 13742 के पृष्ठ सं0 139 से 156 तक क्रमांक 3759 दिनांक 11.04.2022 को रजिस्ट्रीकृत है। अब आवेदकगण श्रीमती उजमा अंसारी पत्नी मौहम्मद यूनुस अंसारी व मौहम्मद यूनुस अंसारी पुत्र श्री सिराज अहमद अंसारी के द्वारा परिषद की वेबसाइट upavp.in https://janhit.upda.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र संख्या MU202622610351866 दिनांक 26.02.2026 करते हुए विक्रय उपरान्त विक्रय के आधार पर सम्पत्ति के अभिलेखों में नाम अन्तरण किये जाने हेतु अनुरोध किया है।

यदि इस नामान्तरण में किसी व्यक्ति/ऋणदायी संस्था को कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित सम्पत्ति **प्रबन्ध कार्यालय, उ० प्र० आवास एवं विकास परिषद, ऑफिस कॉम्प्लेक्स (भूतल), सेक्टर-5, मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद** में प्राप्त करा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई क्लेम/आपत्ति मान्य न होगी तथा नियमानुसार नामान्तरण संबंधी कार्यवाही की जायेगी।

**आज्ञा से - सम्पत्ति प्रबन्धक**


# मेडिकल छात्रों की बस हादसे का शिकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** स्वाहेड़ी मेडिकल कालेज से छात्रों को लेकर जिला अस्पताल जा रही मिनी बस की ट्रैक्टर से टक्कर हो गई। जिससे बस में सवार छात्रों में चीख-पुकार मच गई। खबर मिलते ही प्रशासन भी मौके पर पहुंच गया। दूसरी बस द्वारा छात्रों को अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना में एक-दो छात्र मामूली रूप से घायल हुए हैं। जबकि बस ड्राइवर भी मामूली रूप से घायल हुआ है। घटना बिजनौर-मंडावर मार्ग पर महादेवपुरम चौराहे से पहले लगभग 20 कदम दूरी पर हुई। बताया जाता है कि जैसे ही बस अंग्रेजी शराब की दुकान के सामने पहुंची, तो बिजनौर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने बस में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर आगे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बस ड्राइवर ने समझदारी दिखाते हुए बस को सड़क किनारे बनी दुकानों के सामने मोड़ दिया। जिससे दुर्घटना होने से टल गई।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया जैसे ही तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने ब्रेक लगाए ट्रैक्टर नियंत्रित होकर बस से जा टकराया।

### हो सकती थी बड़ी दुर्घटना

बिजनौर-मंडावर मार्ग पर जहां दुर्घटना हुई वहीं दुकानों के सामने काम कर रहे दिहाड़ी मजदूर बैठे खाना खा रहे थे। बस चालक ने समझदारी दिखाते हुए बस को ब्रेक लगाकर वहीं रोक दिया। अगर बस चालक समझदारी से काम न लेता, तो किसी की जान भी जा सकती थी।

### छत से गिरकर बच्ची घायल

**अफज़लगढ़।** मौहल्ला बेगम सराय में छत पर खेल रही तीन वर्षीय मासूम बच्ची अचानक नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। सिदरा (तीन वर्ष) पुत्री वकील अहमद देर शाम करीब साढ़े सात बजे अपने घर की छत पर खेल रही थी। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह छत से नीचे गिर गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन बच्ची को तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

# मस्जिदों में अमनो अमान की दुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** ताजपुर में रमजान के पाक महीने में जुमा अलविदा की नमाज सभी मस्जिदों में अमनों आमान के साथ अदा की गई। ताजपुर की जमा मस्जिदों पर अलविदा जुमा की नमाज को लेकर पुलिस बल मस्जिदों के बाहर तैनात रहा। अलविदा जुमा की नमाज को लेकर सुबह से ही पुलिस गश्त करती नजर आ रही थी। ताजपुर की सभी मस्जिदों में नमाजियों ने अमनों आमान से नमाज अदा की अलविदा जुमा की नमाज सभी मस्जिदों में हुई। जामा मस्जिद के इमाम हजरत मुफ्ती अरशद साहब ने मुसलमानों से खिताब फरमाते हुए कहा कि रमजान का पाक महीना बरकतों वह रहमतों का महीना है। रमजान का पाक महीना का आखिरी अशरा चल रहा इस आखिरी अशरे में जो भी



अल्लाह ताला से मांगता है अल्लाह ताला उसकी हर तमन्ना को पूरा करते हैं। इसलिए अल्लाह ताला से अपने गुनाहों की माफी मांगनी चाहिए। जो भी अल्लाह ताला से अपने गुनाहों की माफी मांगता है, अल्लाह ताला उसकी हर गलती को माफ कर देता है। उन्होंने कहा है कि सभी धर्मों के लोग आपसी भाईचारे के साथ रहे। एक-दूसरे से नफरत ना करें। देश की खुशहाली के लिए एक साथ मिलजुल कर देश को मजबूत करने में मदद करें। नमाज के बाद शहर इमाम हजरत मुफ्ती अरशद ने मुल्क की सलामती व तरक्की के लिए दुआ कराई।इस मौके पर कारी राशीद, हाफिज शमीम अहमद, मुफ्ती अरशद, डा. शमशाद अहमद, डा. अनीस अहमद अंसारी, जमील अहमद एड., नईम अहमद एड., जिला पंचायत सदस्य इमरान, मकसूद ठेकेदार आदि मौजूद रहे।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्योरिटी | कार्य के पूरा करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवं कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 27/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2025:- कोचिंग डिपो में विद्युत परिसंपत्तियों के रखरखाव और तकनीकी अवसंरचना का विस्तार तथा प्री-कूलिंग और चार्जिंग पॉइंट्स के लिए विद्युत कार्य एवं डाउन यार्ड मुरादाबाद में फ्रेट लोड के लिए लाइन संख्या 13 एवं 14 पर अंडर गियर जांच के लिए प्रकाश व्यवस्था एवं वेल्डिंग सुविधाओं का प्रावधान। | 1,76,30,839.11 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय मुरादाबाद | 2,38,200.00 | 6 (छ:) माह | निविदाएँ दिनांक 06.04.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जाएंगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय मुरादाबाद |

सं.: 07/2025 दिनांक: 13.03.2026 862/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# स्वयं को अपडेट रखें : राहुल विश्नोई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स में 'क्लास रूम से कॉरपोरेट हाउस' कॉरपोरेट की अपेक्षाएं, विषय पर गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एवं वक्ता राजीव विश्नोई हेड एचआर एवं कॉरपोरेट अफेयर व सौरभ कुमार एचआर एक्जीक्यूटिव (एग्रीस्टो इंडिया) रहें। कार्यक्रम का प्रारंभ राजीव विश्नोई, सौरभ कुमार, कुलपति डा. एनके गुप्ता एवं डीन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स डा. सर्वेश कुमार शीतल द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शैक्षणिक ज्ञान को कॉरपोरेट जगत में कैसे लागू किया जाए, इस विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

राजीव विश्नोई ने अपने अनुभव साक्षा करते हुए बताया कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल पाठ्यक्रम का ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि क्म्युनिकेशन स्किल, नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क और समस्या समाधान जैसी क्षमताओं का विकास भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने करियर लक्ष्यों को स्पष्ट रखते हुए निरन्तर सीखने और स्वयं को अपडेट रखने की प्रेरणा दी। कुलपति डा. एनके गुप्ता ने अपने संदेश में कहा कि गेस्ट लेक्चर विद्यार्थियों को उद्योग जगत की कार्यप्रणाली से अवगत कराने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है, इससे विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई को व्यावहारिक जीवन से जोड़ने में सहायता मिलती हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ओम अग्रवाल, तनु चौधरी, आयुष सिंह, निखिल कुमार आदि ने अपने करियर से जुड़ी जिज्ञासाओं एवं स्टार्ट-अप कैसे करें आदि विषयों पर प्रश्न पूछकर उनका समाधान प्राप्त किया।

स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के डीन डा. सर्वेश कुमार शीतल ने अपने धन्यवाद संबोधन में कहा कि विभाग द्वारा समय-समय पर विद्यार्थियों के लिए कॉरपोरेट गेस्ट लेक्चर एवं औद्योगिक भ्रमण कराया जाता है, ताकि विद्यार्थियों को कॉरपोरेट जगत की आवश्यकताओं और चुनौतियों के बारे में जानकारी मिल सकें और वे अपने करियर के लिए तैयार हो सकें।

### सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

**धामपुर।** आरएसएम कॉलेज की रासेयो छात्र इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ ग्राम सरकड़ा (चकराजमल) में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण के साथ प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल की अध्यक्षता एवं कार्यक्रम अधिकारी डा. रवि धनकड़ के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डा. रवि धनकड़ ने प्राचार्या को बुके भेंट कर स्वागत किया। स्वयंसेवकों द्वारा सभी अतिथियों को बैज पहनाकर सम्मानित किया गया तथा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। वरिष्ठ शिक्षक प्रो. अमित कुमार चौहान ने स्वयंसेवकों को रासेयो के उद्देश्य, महत्व तथा एक स्वयंसेवक की जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं वरिष्ठ शिक्षक प्रो. शौराज सिंह ने स्वयंसेवकों को सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान समाज में अपने महाविद्यालय की गरिमा को सर्वोपरि रखते हुए विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए प्रेरित किया।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/प्रथम द्वारा ई-टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं जो उसी दिन **16:00 बजे** तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 322-DRM-MB-25-26 12.03.2026 | 323-DRM-MB-25-26 12.03.2026 | 324-DRM-MB-25-26 12.03.2026 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Provision of PQRS depot at HRW station in the section of ADEN/HW. | Improvement of water supply arrangement, drainage/ sewerage system and consequent improvement to colonies quarter at Haridwar under Sr. DEN/I/MB | Improvement of water supply arrangement, drainage / sewerage system and consequent improvement to colonies quarter at Aithal, Pathri, Ikkar, Jwalapur & Laksar etc. railway station under Sr. DEN/I/MB |
| निविदा का प्रकार | Works | Works | Works |
| निविदा की कीमत | Nil | Nil | Nil |
| अनुमानित लागत (रु.) | 19,08,383.59 | 4,57,23,253.81 | 4,57,24,522.55 |
| धरोहर राशि (रु.) | 38,200.00 | 3,78,600.00 | 3,78,600.00 |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 09.04.2026, 16:00 | 09.04.2026, 16:00 | 09.04.2026, 16:00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 26.03.2026 | 26.03.2026 | 26.03.2026 |
| आफर की वैधता | 60 Days | 60 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 Months | 06 Months | 06 Months |

सं.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 12.03.2026 848/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**कार्यालय जिला पंचायत, सम्भल (बहजोई)**

पत्रांक- 1990 / जि0पं0सं0/गौ आश्रय स्थल/ पं0रा0वि0/2025-26 दिनांक- 12/03/ 2026

**कुटेशन विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत, सम्भल के प्रबन्धाधीन गौवंश आश्रय स्थल, ग्राम बहॉपुर पट्टी प्रहलाद विकास खण्ड बहजोई में गौवंश के खान-पान हेतु अंकन 50/- रू. प्रति पशु प्रतिदिन के अनुसार एवं गौवंश देख-रेख हेतु अंकन 450/- रू. (जीएसटी रहित) प्रतिदिन की दर से 10 श्रमिकों (18 वर्ष से अधिक आयु के) हेतु ठेका दिनांक 31.03.2027 तक के लिए दिया जाना है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म/संस्था/एन.जी.ओ./गौ रक्षक समिति अपना उपर्युक्त कुटेशन दिनांक 24.03.2026 समय 02:00 बजे तक कार्यालय जिला पंचायत, सम्भल में बन्द लिफाफे में दे सकते हैं तथा उसी दिन समय 03:00 बजे से कुटेशन समिति द्वारा उपस्थित कुटेशनदाताओं के समक्ष कुटेशन खोले जायेंगे। गौवंश आश्रय स्थल पर गौवंश की देख-रेख/खान-पान की समस्त जिम्मेदारी कुटेशनदाता की होगी। ठेके की अवधि दिनांक 31.03.2027 तक वैध होगी, जिसे घटाने व बढ़ाने का अधिकार अध्यक्ष जिला पंचायत, सम्भल में निहित होगा। कुटेशन के साथ आधार कार्ड, पेन कार्ड, जी.एस.टी. पंजीयन एवं श्रम पंजीयन प्रमाण पत्र छायाप्रति तथा अंकन 20,000/- रू. की जमानत राशि जमा करना अनिवार्य होगी। कुटेशन स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। समय-समय पर जारी शासनादेशों/आदेशों का पालन करना होगा, उल्लंघन करने पर कुटेशन निरस्त कर दिया जायेगा तथा कोई दावा (क्लेम) मान्य नहीं होगा। गौवंशो के खान-पान का भुगतान कम से कम 10 दिन का किया जायेगा।

उक्त के अतिरिक्त नखासा रीठ के नीलाम दिनांक 04.04.2026 समय 12:00 बजे से किया जायेगा, निर्धारित तिथि को नीलाम न होने की दशा में सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को समय 12:00 बजे से नीलाम की कार्यवाही की जायेगी, बोली बोलने से पूर्व अंकन 50,000.00 रू. की जमानत जमा तथा उच्चतम बोली प्राप्त होने पर सम्पूर्ण धनराशि यथासमय जमा करना अनिवार्य होगा।

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत,सम्भल



**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**परीक्षा विशेष रेलगाड़ियाँ-2026**

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस (एस आई) भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की परीक्षा-2026 में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए निम्नलिखित तिथियों पर परीक्षा विशेष रेलगाड़ियां चलाई जायेंगी:-

**04510/04509 सहारनपुर जं. - गाजियाबाद - सहारनपुर जं अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04510 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04510 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04509 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04509 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 11:30 | सहारनपुर जं. | 22:30 | ---- |
| 14:45 | ---- | गाजियाबाद | ---- | 19:00 |

**चलने के दिन: 04510 सहारनपुर जं.** से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक एवं **04509 गाजियाबाद** से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक।
**ठहराव:** टपरी, नागल, तलहेड़ी बुजुर्ग, देवबन्द, रोहाना कलां, बामनहेरी, मुजफ्फरनगर, जड़ौदा नारा, मन्सूरपुर, खतौली, सकौती टाँडा, दौराला, पाबली खास, मेरठ कैंट, मेरठ शहर, परतापुर, मोहिउद्दीनपुर, मोदीनगर, मुरादनगर दुहाई, गुलधर एवं नया गाजियाबाद स्टेशन। **स्थान:** सामान्य।

**04350/04349 बिजनौर - बरेली जं. - बिजनौर अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04350 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04350 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04349 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04349 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 04:20 | बिजनौर | 18:20 | ---- |
| 08:50 | ---- | बरेली जं. | ---- | 13:00 |

**चलने के दिन: 04350 बिजनौर** से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक एवं **04349 बरेली जं.** से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक।
**ठहराव:** हल्दौर, चाँदपुर सियाऊ हॉल्ट, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद एवं रामपुर स्टेशन। **स्थान:** सामान्य।

**04247/04248 लखनऊ जं. - सहारनपुर जं. - लखनऊ जं. अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04247 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04247 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04248 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04248 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 04:10 | लखनऊ जं. | 16:10 | ---- |
| 07:15 | ---- | सहारनपुर जं. | ---- | 13:00 |

**चलने के दिन: 04247 लखनऊ जं.** से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक एवं **04248 सहारनपुर जं.** से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक।
**ठहराव:** मलिहाबाद, सण्डीली, बालामऊ जं., एवं हरदोई स्टेशन। **स्थान:** सामान्य।

**04430 सहारनपुर जं. - गाजियाबाद अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04430 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04430 प्रस्थान |
|---|---|---|
| सहारनपुर जं. | ---- | 16:10 |
| गाजियाबाद | 21:10 | ---- |

**चलने के दिन: 04430 सहारनपुर जं.** से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक।
**ठहराव:** टपरी, नागल, तलहेड़ी बुजुर्ग, देवबन्द, रोहाना कलां, बामनहेरी, मुजफ्फरनगर, जड़ौदा नारा, मन्सूरपुर, खतौली, सकौती टाँडा, दौराला, पाबली खास, मेरठ कैंट, मेरठ शहर, परतापुर, मोहिउद्दीनपुर, मोदीनगर, मुरादनगर दुहाई, गुलधर एवं नया गाजियाबाद स्टेशन। **स्थान:** सामान्य।

**हिसार-नई दिल्ली-हिसार पैसेंजर ट्रेन संख्या 54424/54423 का अलीगढ़ जंक्शन तक अस्थायी विस्तार — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 54424 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 54424 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 54423 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 54423 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 05:20 | हिसार | ---- | 22:50 |
| | | हिसार-नई दिल्ली-हिसार के बीच कोई बदलाव नहीं | | |
| 09:40 | 10:00 | नई दिल्ली | 17:30 | 18:20 |
| 13:00 | ---- | अलीगढ़ जं. | ---- | 14:00 |

**चलने के दिन: 54424 सहारनपुर जं.** से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक एवं **54423 गाजियाबाद** से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक।
**ठहराव:** तिलक ब्रिज, आनन्द विहार हॉल्ट, साहिबाबाद, गाजियाबाद जं., मारीपत, दादरी, अजायबपुर, दनकौर, वैर, चोला, सिकन्दरपुर, खुर्जा जं., डाँवर, सोमना, कुलवा एवं महरावल स्टेशन। **स्थान:** सामान्य।

**04422/04421 गाजियाबाद-मुरादाबाद-गाजियाबाद अनारक्षित विशेष — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04422 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04422 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 4421 आगमन | रेलगाड़ी सं. 4421 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 10:00 | गाजियाबाद | 21:15 | --- |
| 12:40 | --- | मुरादाबाद | --- | 18:00 |

**चलने के दिन : 04422 गाजियाबाद** से तथा **04421 मुरादाबाद** से दिनांक **14.03.2026 एवं 15.03.2026** को।
**स्थान :** सामान्य।
**ठहराव :** हापुड़, गजरौला जं. एवं अमरोहा स्टेशन।

**04548/04547 सहारनपुर जं.-मेरठ सिटी-सहारनपुर जं. अनारक्षित विशेष — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04548 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04548 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04547 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04547 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 13:20 | सहारनपुर जं. | 18:20 | --- |
| 15:40 | --- | मेरठ सिटी | --- | 16:00 |

**चलने के दिन : 04548 सहारनपुर जं.** से तथा **04547 मेरठ सिटी** से दिनांक **14.03.2026 एवं 15.03.2026** को।
**स्थान :** सामान्य।
**ठहराव :** टपरी, नागल, तल्हेड़ी बुजुर्ग, देवबंद, रोहाना कलां, बामनहेरी, मुजफ्फरनगर, जड़ौदा नारा, मंसूरपुर, खतौली सकौती टाण्डा, दौराला, पबली खास और मेरठ छावनी स्टेशन।

**04220 लखनऊ-वाराणसी जं. अनारक्षित विशेष — 02 फेरे**

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04220 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04220 प्रस्थान |
|---|---|---|
| लखनऊ | --- | 18:20 |
| वाराणसी | 23:45 | --- |

**चलने के दिन : 04220 लखनऊ** से दिनांक **14.03.2026 एवं 15.03.2026** को।
**स्थान :** सामान्य।
**ठहराव :** बाराबंकी जं., दरियाबाद, रुदौली, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईन गंज, अकबरपुर जं., मालीपुर, शाहगंज जं. और जौनपुर जं. स्टेशन।

**04222 लखनऊ-प्रयागराज संगम अनारक्षित विशेष — 02 फेरे**

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04222 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04222 प्रस्थान |
|---|---|---|
| लखनऊ | --- | 17:45 |
| प्रयागराज संगम | Open Timing | --- |

**चलने के दिन : 04222 लखनऊ** से दिनांक **14.03.2026 एवं 15.03.2026** को।
**स्थान :** सामान्य।
**ठहराव :** बछरावां, हरचंदपुर, रायबरेली जं., फुरसतगंज, गौरीगंज, अमेठी, मां चन्दिका देवी धाम अंतू, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., बिश्नाथगंज, मऊ अइम्मा, सिवैथ, फाफामऊ जं. और प्रयाग जं. स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.govin अथवा NTES ऐप देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

मुकद्दस रमजान माह की मुबारकबाद
24वां रोजा वक्त इफ्तार 14 मार्च शाम 6:28
25वां रोजा वक्त सहरी 15 मार्च सुबह 5:03

मुकद्दस रमजान की बधाई
डॉ. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम
स्टेशन रोड, स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद गाजी
पूर्व विधायक
बढ़ापुर व अफजलगढ़ विधानसभा क्षेत्र

# शाहनवाज व शहरोज ने बढ़ाई नमाजियों की शान

## नमाजियों पर फूलों की बारिश, गले मिल कर दी मुबारकबाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** जुमे की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। सभी मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी। नमाज के बाद नगर पालिका अध्यक्षा के पुत्र व चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील एवं शहरोज खलील ने नमाजियों को गले लगा कर मुबारकबाद दी। नमाजियों पर फूलों की बारिश की गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार जुमे के मौके पर नगर की जामा मस्जिद सहित क्षेत्र की अन्य मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाजी पहुंचे। सुबह से ही लोग मस्जिदों की ओर जाते दिखाई दिए। नमाज के समय मस्जिदों और आसपास के इलाकों में रौनक देखने को मिली। नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रही। सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी, एसडीएम विजय शंकर मिश्रा और थाना प्रभारी अवनीत मान सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा।

जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती उवैस अकरम ने नमाजियों को खिताब करते हुए रमजान के पवित्र महीने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रमजान बरकतों और रहमतों का महीना है और इसके आखिरी अशरे में मांगी गई दुआएं खास तौर पर कबूल होती हैं। मुफ्ती उवैस अकरम ने लोगों से अपने गुनाहों की माफी मांगने और जरूरतमंदों की मदद करने की खास गुजारिश की। उन्होंने कहा कि समाज में गरीबों और बेसहारा लोगों की मदद करना इस महीने की असली पहचान है। उन्होंने सभी धर्मों के लोगों से आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि नफरत से दूर रहकर सभी को देश की मजबूती और खुशहाली के लिए मिलकर काम करना चाहिए और त्योहारों को भी प्रेम और भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। शहर इमाम मुफ्ती उवैस अकरम की अगुवाई में नमाजियों ने मुल्क की सलामती, भाईचारे और मुल्क की तरक्की के लिए विशेष दुआएं मांगीं।

जुमे के मद्देनजर जहां पालिका की ओर से एक सप्ताह से मस्जिदों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा था। जुमे के दिन सभी मस्जिदों के बाहर सड़कों के दोनों ओर चूने का छिड़काव किया गया। सभी ने नगर पालिका की व्यवस्था की तारीफ की।

## मंडावर में बाबू की हत्या



**मंडावर।** ट्रैक्टर के मिस्त्री इस्तेखार उर्फ बाबू की हत्या कर दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मुख्तार पुत्र नजर मौहम्मद निवासी मौहल्ला शाहविलायत ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि मेरा भाई इस्तेखार उर्फ बाबू ट्रैक्टर इंजन की रिपेयरिंग की दुकान मंडावर चुंगी पर करता है। बीती रात करीब दस बजे इस्तेखार ट्रैक्टर के इंजन की रिपेयरिंग कर रहा था। तभी दानिश पुत्र मकबूल, शौकीन पुत्र मजीद, वसीम पुत्र नामालूम व दो अज्ञात व्यक्ति हाथों में लोहे के पंच पहने और हाथ में लकड़ी की फंटी लेकर आए। वह मेरे भाई से अवैध वसूली करते हुए दस हजार रुपये मांगने लगे। जब मेरे भाई ने पैसे देने को मना कर दिया, तो दानिश, शौकीन, वसीम व दो अज्ञात लोगों ने लोहे के पंच व लकड़ी की फंटी से जान से मारने की नीयत से बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। इस्माइल को आता देख आरोपी मेरे भाई को गंभीर घायल अवस्था में छोड़कर और पुलिस से कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। मेरे भाई के शरीर पर गंभीर चोट आने के कारण मौत हो गई। पुलिस ने लाश को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## एक नजर

### कोटद्वार के दीपक इफ्तार में शामिल



**नजीबाबाद।** स्थानीय होटल इंद्रलोक में सामूहिक रोजा इफ्तार आयोजित किया गया । इफ्तार में कोटद्वार के समाजसेवी दीपक उर्फ मौहम्मद दीपक एवं साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने शिरकत की । इफ्तार के मौके पर आपसी भाईचारे और सौहार्द का खूबसूरत माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में इंसानियत व एकता की मिसाल बने कोटद्वार निवासी दीपक से मिलने के लिए काफी लोग पहुंचे। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता को मजबूत करते हैं।

### नजीबाबाद में पुलिस रही मुस्तैद



**नजीबाबाद।** अलविदा जुम्मे की नमाज के दृष्टिगत शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चैकिंग की गई। भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सीओ एवं प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पैदल गश्त की गई।

### चांदपुर की छह छात्राएं हरिद्वार से बरामद

**बिजनौर।** चांदपुर से कल रहस्यमय ढंग से कक्षा 12 की छह छात्राएं लापता हो गई थी। इन्हें आज हरिद्वार के कस्बा रोशनाबाद से सकुशल बरामद कर लिया गया है। इन्हें काउंसलिंग के लिए बिजनौर के वन स्टाप सैंटर में रखा गया है। इनका कहना है कि वह अपनी मर्जी से नौकरी करने के लिए वहां गई थी। वह एक ही कॉलेज में पढ़ती है और आपस में दोस्त हैं।

मुकद्दस रमजान माह की दिल की गहराईयों से सभी रोजेदारों को मुबारकबाद
अजमल उमर एड.
वरिष्ठ समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी चेयरमैन पद- भाजपा
नगर पंचायत, मण्डावर

रमजान माह की शुभकामनाएं
रामअवतार सैनी
सपा विधायक
नूरपुर विधानसभा क्षेत्र
जनपद-बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जनपद-बिजनौर
पूर्व चेयरमैन, झालू

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
जावेद रहमान शम्सी
मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष/ प्रभारी-पश्चिमी उ. प्र. उद्योग व्यापार मण्डल, मुरादाबाद
इंडियन बुक डिपो व स्पोर्ट्स, धामपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. इमरान समी कुरैशी
ग्राम प्रधान
कोतवाली देहात
जनपद बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
साजिद कुरैशी
प्रधान पद के भावी उम्मीदवार
ग्राम करौंदा मुस्लिम,
कोतवाली देहात

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
कपिल कुमार
जिला पंचायत सदस्य
पूर्व प्रत्याशी-19 बढ़ापुर वि.स. क्षेत्र
समाजवादी पार्टी

मुकद्दस रमजान की बधाई
विवेक सेन
सदस्य जिला पंचायत
जिला योजना समिति बिजनौर
मुरादाबाद मंडल महासचिव
आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य-आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी-धामपुर विधानसभा-20




मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौ. इलियास
पूर्व लोकसभा प्रभारी
बसपा, मुरादाबाद
निवास-स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. साईम राजा
मैनेजर
मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट, किरतपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल मन्नान
चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर

रमजान माह की शुभकामनाएं
चौधरी रवि कुमार सिंह
चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी अब्दुल कादिर
वरिष्ठ समाजसेवी
नहटौर

रमजान माह की बधाई
मूलचन्द चौहान
पूर्व मंत्री
उत्तर प्रदेश सरकार

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
नजीबुल हसन
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद जैद रशीद
युवा समाजसेवी, नहटौर
अनस इकरार
चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
एम.आर पाशा
राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
वहाब कुरैशी
उत्तरी सहकारी समिति के पूर्व वाइस चेयरमैन
नहटौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मनोज पारस
सपा विधायक
नगीना
विधानसभा क्षेत्र

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. आसिफ शान
चेयरमैन
नगर पंचायत, मण्डावर

# कार्यालय नगर पालिका परिषद चांदपुर ( बिजनौर )

## अति अल्पकालीन निविदा सूचना

पत्रांक: 1136/न.पा.परि. चांदपुर/नि.सू./2026 दिनांक: 13.03.2026

यह पालिका अपने ठेकेदारों/फर्मों से निम्नलिखित कार्यों को कराने हेतु राज्य वित्त आयोग/ बोर्ड फण्ड से प्राप्त धनराशि के सापेक्ष दिनांक 14.03.2026 से दिनांक 28.03.2026 को समय अपराहन 01 :00 बजे दिन तक सीलबंद निविदायें आमंत्रित करती है। निविदा, कार्यालय नगर पालिका परिषद, चांदपुर में डाले जायेंगे, तथा दिनांक 30.03.2026 को अधिशासी अधिकारी एवं अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, चांदपुर के समक्ष खोले जायेंगे। टेण्डर प्रपत्र कार्यालय समय में दिनांक 14.03.2026 से दिनांक 28.03.2026 को समय 1 :00 बजे दिन तक नगर पालिका परिषद, चांदपुर के कार्यालय से नियत शुल्क जमा करके प्राप्त किये जा सकते है। टेण्डर प्रपत्र क्रय करते समय कार्य के अनुमानक का 10 प्रतिशत बतौर धरोहर राशि के रूप में राष्ट्रीय बचत पत्र/एफ.डी.आर./ टी.डी.आर. अधोहस्ताक्षरी के पद नाम से बंधक करा कर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा तथा नगर पालिका ठेकेदारी पंजीयन प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र व हैसियत प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना भी अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में निविदा प्रपत्र विक्रय नहीं किया जायेगा। कार्य कराने संबंधी जानकारी पालिका कार्यालय दिवस में किसी भी दिन ली जा सकती है। निविदा को बिना कोई कारण बतायें अधोहस्ताक्षरी द्वारा निरस्त किया जा सकता है, जिस पर निविदा दाता को कोई आपत्ति नहीं होगी। सशर्त व अस्पष्ट निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्रांकलन धनराशि (जी.एस.टी. अतिरिक्त) | धरोहर राशि (10 %) | टेण्डर फीस (जीएसटी सहित) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | राज्य वित्त आयोग/ बोर्ड फण्ड | | | | |
| 01 | मौ. सरायरफी वार्ड नं. 13 में फीना रोड पर स्वागत द्वार का निर्माण। | 771306.00 | 77130.00 | 225+500+ 41=766 | 03 माह |
| 02 | मौ. सरायरफी वार्ड नं. 09 में नूरपुर रोड पर स्वागत द्वार का निर्माण। | 771306.00 | 77130.00 | 225+500+ 41=766 | 03 माह |
| 03 | मौ. पतियापाड़ा वार्ड नं. 10 में हल्दौर रोड पर स्वागत द्वार का निर्माण। | 771306.00 | 77130.00 | 225+500+ 41=766 | 03 माह |
| 04 | मौ. चिम्मन वार्ड नं. 07 में दत्तियाना रोड पर स्वागत द्वार का निर्माण। | 771306.00 | 77130.00 | 225+500+ 41=766 | 03 माह |
| 05 | मौ. मुफ्तीसराय में बास्टा रोड पर स्वागत द्वार का निर्माण। | 771306.00 | 77130.00 | 225+500+ 41=766 | 03 माह |
| 06 | मौ. सरायरफी वार्ड नं. 25 में धनौरा रोड पर स्वागत द्वार का निर्माण। | 771306.00 | 77130.00 | 225+500+ 41=766 | 03 माह |
| 07 | मौ. पतियापाड़ा वार्ड नं. 14 में नहटौर रोड पर स्वागत द्वार का निर्माण। | 771306.00 | 77130.00 | 225+500+ 41=766 | 03 माह |
| 08 | मौ. पतियापाड़ा में बिजनौर रोड पर स्वागत द्वार का निर्माण। | 771306.00 | 77130.00 | 225+500+ 41=766 | 03 माह |
| 09 | मौ. सरायरफी वार्ड नं. 01 में श्रीमती केसर सभासद के मकान से पुलिया तक व लिंक रोड में सीसी रोड व नाली का निर्माण। | 313616.00 | 31361.00 | 150+500+ 27=677 | 03 माह |
| 10 | मौ. पतियापाड़ा वार्ड नं. 03 में श्री जुल्फुकार पटवारी के मकान से श्री शकील के मकान तक सी.सी. रोड व नाली का निर्माण। | 203058.00 | 20305.00 | 75+500+ 14=589 | 03 माह |
| 11 | मौ. पतियापाड़ा वार्ड नं. 03 में श्री ललता प्रसाद के मकान से श्री भोला ठाकुर के मकान तक सी.सी. रोड व नाली का निर्माण। | 528813.00 | 52881.00 | 225+500+ 41=766 | 03 माह |
| 12 | मौ. कायस्थान वार्ड नं. 07 में श्री बब्लू चन्द्रा के मकान से श्री संजय, श्री राजवीर से श्री सुनिल व श्री आकाश वर्मा के मकान से श्री जयप्रकाश के मकान तक सी.सी. रोड व नाली का निर्माण। | 310759.00 | 31075.00 | 150+500+ 27=677 | 03 माह |
| 13 | मौ. मुफ्तीसराय वार्ड नं. 08 में श्री खुर्शीद के मकान के पास नाला निर्माण। | 396771.00 | 39677.00 | 150+500+ 27=677 | 03 माह |
| 14 | मौ. सरायरफी वार्ड नं. 09 में नूरपुर रोड से श्री हितेश के मकान तक सीसी रोड व नाली का निर्माण। | 321913.00 | 32191.00 | 150+500+ 27=677 | 03 माह |
| 15 | मौ. पतियापाड़ा वार्ड नं. 10 में श्री महबूब के मकान से श्री रईस के मकान तक सी.सी. रोड का निर्माण। | 377463.00 | 37746.00 | 150+500+ 27=677 | 03 माह |
| 16 | मौ. पतियापाड़ा वार्ड नं. 10 में श्री उमर के मकान से श्री शादाब के मकान तक सी.सी. रोड का निर्माण। | 113613.00 | 11361.00 | 75+500+ 14=589 | 03 माह |
| 17 | मौ. पतियापाड़ा वार्ड नं. 10 में श्री मुजफ्फर के मकान से श्री नफीस के मकान तक सी.सी. रोड का निर्माण। | 131189.00 | 13118.00 | 75+500+ 14=589 | 03 माह |
| 18 | मौ. सरायरफी वार्ड नं. 11 में मस्जिद से श्री मेराजुद्दीन के मकान तक सीसी रोड का निर्माण। | 527257.00 | 52725.00 | 225+500+ 41=766 | 03 माह |
| 19 | मौ. सरायरफी वार्ड नं. 13 (फीना बस्ती) में पम्प हाऊस से श्री बब्लू के मकान तक सी.सी. रोड व नाली का निर्माण। | 538804.00 | 53880.00 | 225+500+ 41=766 | 03 माह |
| 20 | मौ. पतियापाड़ा वार्ड नं. 14 में श्री विवेक के मकान से श्री श्रवण के मकान तक सी.सी. रोड का निर्माण। | 506106.00 | 50610.00 | 225+500+ 41=766 | 03 माह |
| 21 | मौ. पतियापाड़ा वार्ड नं. 14 में अल रफी होटल से श्री वकील व श्री यामीन के मकान तक सी.सी. रोड का निर्माण। | 440609.00 | 44060.00 | 150+500+ 27=677 | 03 माह |
| 22 | मौ. पतियापाड़ा वार्ड नं. 15 में श्री शिव कुमार शर्मा के मकान से श्री दीपक वर्मा के मकान तक सी.सी. रोड का निर्माण। | 538323.00 | 53832.00 | 225+500+ 41=766 | 03 माह |
| 23 | मौ. साहूवान वार्ड नं. 16 में श्री सुनील कुमार शर्मा के मकान से श्री मनोज कुमार शर्मा के मकान तक सी.सी. रोड व नाली का निर्माण। | 462670.00 | 46267.00 | 150+500+ 27=677 | 03 माह |
| 24 | मौ. चिम्मन वार्ड नं. 17 में श्री शकील के मकान से श्री गुलशन के मकान तक सी.सी. रोड का निर्माण। | 393174.00 | 39317.00 | 150+500+ 27=677 | 03 माह |
| 25 | मौ. बाजार वार्ड नं. 19 में श्री गुलजार के मकान से श्री सालिम के मकान तक व श्री शरीफ के मकान से श्री सलाउद्दीन के मकान तक सी.सी. रोड का निर्माण। | 101212.00 | 10121.00 | 75+500+ 14=589 | 03 माह |
| 26 | मौ. बाजार वार्ड नं. 19 में नाज होटल से मदरसे तक सी.सी. रोड का निर्माण। | 208849.00 | 20884.00 | 75+500+ 14=589 | 03 माह |
| 27 | मौ. बाजार वार्ड नं. 19 में काजियों वाली मस्जिद से श्री पाशुलाल के मकान व श्री मनोज बर्तन वालों की दुकान तक सी.सी. रोड व नाली का निर्माण। | 654160.00 | 65416.00 | 225+500+ 41=766 | 03 माह |
| 28 | मौ. काजीजादगान वार्ड नं. 23 में श्री कलवा के मकान से श्री रिसाला के मकान तक सी.सी. रोड का निर्माण। | 171694.00 | 17169.00 | 75+500+ 14=589 | 03 माह |
| 29 | मौ. सरायरफी वार्ड नं. 25 में श्री जमील अहमद के मकान से श्री खुर्शीद व श्री इल्यास के मकान तक सी.सी. रोड का निर्माण। | 753950.00 | 75395.00 | 225+500+ 41=766 | 03 माह |
| 30 | मौ. सरायरफी वार्ड नं. 25 में श्री राहत अली के मकान के पास निर्मित ट्यूबवैल के कमरे का निर्माण। | 291968.00 | 29196.00 | 150+500+ 27=677 | 03 माह |
| 31 | प्रकाश विभाग हेतु विद्युत सामग्री ड्राईवर 50 वॉट व 100 वॉट एवं पी.सी.बी. 50 वॉट की आपूर्ति का कार्य। | 722500.00 | 72250.00 | 225+500+ 41=766 | 01 माह |
| 32 | प्रकाश विभाग हेतु 250 नग पी.सी.बी. 100 वॉट की आपूर्ति का कार्य। | 247500.00 | 24750.00 | 75+500+ 14=589 | 01 माह |
| 33 | प्रकाश विभाग हेतु 30 बण्डल 2.50 एम.एम. सिंगल कोर कॉपर वायर की आपूर्ति का कार्य। | 197400.00 | 19740.00 | 75+500+ 14=589 | 01 माह |
| 34 | नगर पालिका परिषद चान्दपुर के बरामदे की छत व मंच पर पी.बी.सी. पेनेलिंग व छत पर वेदर कोट का कार्य। | 365400.00 | 36540.00 | 150+500+ 27=677 | 01 माह |

**अवर अभियन्ता ( सिविल )**
**नगर पालिका परिषद**
**चांदपुर ( बिजनौर )**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**चांदपुर ( बिजनौर )**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**चांदपुर ( बिजनौर )**

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, चान्दपुर ( बिजनौर )

पत्रांक: 1137/न.पा.परि.चा./2025-26 दिनांक: 13 मार्च, 2026

## शुद्धि-पत्र

समस्त ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, चान्दपुर को शासनादेश संख्या-8/806/320(6)/ 15वां वि.आ./2025-26 दिनांक 18 नवम्बर, 2025 (निर्दिष्ट अनुदान प्रथम किश्त), निर्दिष्ट अनुदान अर्जित ब्याज व बुनियादी अनुदान अर्जित ब्याज के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से इस कार्यालय के पत्रांक-1107/ न.पा. परि.चान्दपुर/नि.सू./2026 दिनांक 06 मार्च, 2026 को कुल 32 कार्यों की निविदा ई-टेण्डिंग के माध्यम से www.etender.up.nic.in पर निविदा आमंत्रित की गयी थी। भूलवश कार्य संख्या-01 व 15 पर अंकित कार्य में बास्टा रोड बारात घर के सामने 94 मी. पाईप लाईन दोनों कार्यों में सम्मिलित कर ली गयी थी। इस पाईप लाईन के कार्य को कार्य संख्या-01 में न कराकर कार्य संख्या-15 में अंकित कार्य में कराया जायेगा।

इसी प्रकार कार्य संख्या-02 व 08 पर अंकित कार्य में बिजनौर बाईपास रोड पर डॉ. लाखन पाल के मोड़ से फाटक वाली मस्जिद तक 122 मी. लम्बाई की पाईप लाईन दोनों कार्यों में सम्मिलित कर ली गयी थी। इस पाईप लाईन के कार्य को कार्य संख्या-02 में न कराकर कार्य संख्या-08 में कराया जायेगा।

उक्त ई-टेण्डिंग में प्रतिभाग करने वाले समस्त फर्मों/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि कार्य संख्या-01 पर अंकित कार्य जिस फर्म/ठेकेदार के नाम स्वीकृत होगा उसको 94 मी. पाईप लाईन का कम भुगतान किया जायेगा। इसी प्रकार कार्य संख्या-02 पर अंकित कार्य जिस फर्म/ठेकेदार के नाम स्वीकृत होगा उसको 122 मी. पाईप लाईन का कम भुगतान किया जायेगा।

**( कु. सलमा नूर हमीदी )** लेखाकार, अके. **( अजय कुमार )** अवर अभियन्ता ( जल ) **( आजाद सिंह )** अवर अभियन्ता ( सिविल ) **( कुनाल रस्तौगी, आई.ए.एस. )** अधिशासी अधिकारी **( जीनत परवीन )** अध्यक्ष

# नहटौर डिग्री कॉलेज में एनएसएस शिविर संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नहटौर डिग्री कालेज की रासेयो छात्रा इकाई के सात दिवसीय शिविर का समापन कालेज के स्वामी विवेकानंद सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डा. संजीव गौड़, कार्यक्रम अधिकारी सीमा शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित कर किया गया।



प्राप्त समाचार के अनुसार छात्रा मानसी, प्रियांशी, इकरा द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। सोनी, तनु, विपाशा, वंशिका के द्वारा 'पेपर में न्यारे-न्यारे ढाल के बालक' एवं अनुष्का, शिवानी, तानिया, अंजलि, उपासना के द्वारा 'बेटी- बचाओं, बेटी पढ़ाओं' विषय पर नाटिका प्रस्तुत की गई। इसके साथ ही छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत, हास्य व्यंग्य, गजल, नज़्म आदि मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

इस मौके पर प्राचार्य डा. संजीव गौड़ ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि रासेयो के माध्यम से हम संगठित होकर कार्य करना सीखते हैं। जब हम ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, मतदान जागरुकता, जल संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता, प्रौढ़ शिक्षा, स्वरोजगार, नशे से दूर रहना आदि विषय पर समझाने का कार्य करते है, तो हम में एक अच्छे नागरिक होने के गुण विकसित होते है। इस तरह के शिविर सामाजिक सौहार्दपूर्ण वातावरण का निर्माण करते है। मैं आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। इस मौके पर चंचल, अलसबा, सायमा, गीतिका, राशि, तनिष्का, मेहर. पायल, इंशा, कंचन, अदीबा, सिदरा, गुड़िया, मीनाक्षी, विनीता, महिमा, रिया, पिया, अक्शा, मनीषा, दीपांशा, जीनत आदि छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का सफल संचालन ममहाविद्यालय अंग्रेजी विषय की प्रवक्ता गुलअफ्शा ने किया। अंत में कार्यक्रम अधिकारी सीमा शर्मा ने सभी का आभार प्रकट किया।

# युवक का शव घर पहुंचने पर मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** लगभग दो सप्ताह पूर्व सऊदी अरब में सड़क दुर्घटना में हुई युवक की मौत के बाद शव घर पहुंचने से परिजनों में कोहराम मच गया तथा नगर में शोक की लहर दौड़ गई। नम आंखों के बीच मृतक का दफिना कर दिया गया है।



नगर मौहल्ला तराई निवासी मौहम्मद कैफ 27 फरवरी को सऊदी अरब में उमराह करने के बाद अपनी कम्पनी के साथियों के साथ कमरे पर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में मौहम्मद कैफ और एक पाकिस्तानी नागरिक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका उपचार चल रहा है। घटना के बाद से ही परिजन शव के भारत आने का इंतजार कर रहे थे। करीब 15 दिन बाद आज मौहम्मद कैफ का शव शेरकोट पहुंचा। जिसे देखकर परिजनों में कोहराम मच गया और बड़ी संख्या में लोग सांत्वना देने के लिए उनके घर पहुंचने लगे। परिजनों के अनुसार मौहम्मद कैफ को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। नगर में इस घटना को लेकर गहरा शोक व्यक्त किया जा रहा है।

## पेट्रोल पम्प व गैस एजेंसी संचालकों के साथ एसडीएम ने की बैठक

**नगीना।** एलपीजी गैस सिलेंडर की किल्लत और वितरण को लेकर बढ़ती शिकायतों के बीच एसडीएम विजय शंकर मिश्रा ने सख्त रूख अपनाया है। एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि गैस सिलेंडर की डिलीवरी ओटीपी सत्यापन के बाद सीधे उपभोक्ताओं के घर पर ही की जाएगी।

प्राप्त समाचार के अनुसार एसडीएम विजय शंकर मिश्रा द्वारा तहसील सभागार में गैस एजेंसियों एवं पैट्रोल पम्प संचालकों के साथ संयुक्त बैठक की गई। एसडीएम ने सभी गैस एजेंसी के प्रबंधकों व स्वामियों को नियमानुसार कनेक्शन धारक को सही समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। गैस एजेंसी स्वामियों द्वारा बताया गया कि गैस बुक होने के बाद उनके द्वारा कनेक्शन धारकों को तत्काल गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। कनेक्शन धारकों को सिलेंडर प्राप्त करने से पहले अपने रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर से ओटीपी एजेंसी को देना अनिवार्य है तभी एजेंसी द्वारा उपभोक्ता को गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा। अगली बुकिंग पहली बुकिंग से पच्चीस दिन के बाद हो पाएगी। एसडीएम द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि घरेलू गैस सिलेंडर की कोई कमी तहसील नगीना क्षेत्र में नही है। वर्तमान में पर्याप्त मात्रा में घरेलू सिलेंडर भरे हुए उपलब्ध हैं। गैस कम्पनियों से लगातार गैस की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में प्राप्त हो रही है। सभी उपभोक्ता नियमानुसार बुकिंग कराकर सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं।

एसडीएम द्वारा सभी पेट्रोल पम्प के संचालकों को नियमानुसार डीजल व पेट्रोल वितरण करने के निर्देश दिए गए।

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्री मुकेश कुमार पुत्र स्व. श्री लाला तुलाराम मौहल्ला जाब्तागंज-2** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/ अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री योगेन्द्र कुमार लाहौटी पुत्र श्री शिवसरन लाहौटी** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: **551 /1B जाब्तागंज-2** नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्रीमती अनुपम अग्रवाल पत्नी श्री मनोज अग्रवाल व श्रीमती मनीषा सिंघल पत्नी श्री मुकेश कुमार सिंघल मौहल्ला जाब्तागंज-2** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/ अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री नीरज सिंघल, निशान्त सिंघल व दीपक सिंघल पुत्रगण श्री उमेश चन्द्र अग्रवाल व श्रीमती कमलेश पत्नी श्री उमेश चन्द** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: **515 /1C जाब्तागंज-2** नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र इशमीत सिंह (35 वर्ष) गलत संगत में पड़ गया है। मुझे अंदेशा है कि इशमीत सिंह कोई संज्ञेय या गंभीर घटना को अंजाम न दे दे। उसको मेरे व परिवार के अन्य लोगों के द्वारा समझाया गया, परन्तु वह सुनवा नहीं हो रहा है। वह मेरे साथ गाली-गलौच व अभद्र व्यवहार करता है। मैंने इससे पूर्व सन् 2021 में इशमीत सिंह को संबंध विच्छेद कर घर से निकाल दिया था। लेकिन दस्तावेजी घोषणात्मक कार्यवाही नहीं की गई थी। मैं आज फिर उससे संबंध विच्छेद कर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। **सुरजीत सिंह पुत्र लाब सिंह निवासी मौहल्ला मकबरा, निकट गीता भवन मंदिर, परगना व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।**

**आदेशानुसार हाईकोर्ट ऑफ जुडिकेचर एट इलाहाबाद**
**हाईकोर्ट ऑफ जुडिकेचर एट इलाहाबाद**

सिविल रिवीजन सं. 93/2025

**श्रीमति नेहा जैन एन्ड 7 अदर्स ---रिवीजनिस्टस**

**बनाम**

**श्रीमति राजरानी जैन एन्ड 6 अदर्स ---विपक्षीगण**

1/1- सन्दीप कुमार जैन पुत्र श्रीयांस कुमार जैन व स्व. राजरानी जैन निवासी मौ. सब्जी मण्डी नहटौर, परगना नहटौर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।

1/2- श्रीमति रीना जैन पत्नी स्व. मनोज कुमार जैन पुत्री श्रीयांस कुमार जैन व स्व. राजरानी जैन नि. मकान नं. 369 फलैट नं. 12 पाकेट-ए सैक्टर 29 डूंडाहेडा गुडगांव हरियाणा।

1/3- श्रीमति पूनम जैन पत्नी अनीश जैन पुत्री श्रीयांस कुमार जैन स्व. राजरानी जैन निवासी मकान नं. 198 सत्ती स्ट्रीट सत्ती मौहल्ला रूड़की, तहसील रूड़की, जिला हरिद्वार उत्तराखण्ड

1/4- श्रीमति रश्मि जैन पत्नी स्व. अनुज जैन पुत्री श्रीयांस कुमार जैन व स्व. राजरानी जैन निवासी 21 शुभम अपार्टमैन्टस 37 आई. पी. एक्सटैन्शन पटपडगंज ईस्ट दिल्ली

1/5- श्रीमति अनुपमा जैन पत्नी नीरज जैन पुत्री श्रीयांस कुमार जैन व स्व. राजरानी जैन निवासी सेड का मठ मौ. गोपालगढ़ भरतपुर राजस्थान

1/6- श्रीमति विपाशा जैन पत्नी जगदीश जैन पुत्री श्रीयांस कुमार जैन व स्व. राजरानी जैन निवासी डी-31 प्लाट नं. 25 सरस्वती कुंज आई.पी. एक्सटैंशन पटपड गंज आई.पी. एक्सटैंशन पूर्वी दिल्ली-110092

इत्तिला हो कि रिवीजनिस्ट ने रिवीजन न्यायालय लघुवाद न्यायाधीश बिजनौर द्वारा पारित, आदेश दि. 22-05-2025 वाद सं. 205/2015 श्रीमति राजरानी बनाम नेहा जैन आदि के विरूद्ध दायर किया है जो इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ। अदालत से बतारीख 8-4-2026 वास्ते समात इस रिवीजन में मुकर्रर की है अगर खुद आप या कोई ओर सख्श जो कानून से वाकिफ हो अपनी से सवाल करने में मजाज हो हाजिर न होवेगा तो उसकी समाअत और तजवीज आपकी गैर हाजरी में की जायेगी।

नियत दिनांक:- 08.04.2026

**प्रबंधक**
**डिप्टी रजिस्टार इलाहाबाद उच्च न्यायालय**

## एक नजर

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर कल



**स्योहारा।** अवध शुगर मिल द्वारा सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन 15 मार्च को किया जाएगा। शिविर शुगर मिल डिस्पेंसरी परिसर में आयोजित होगा। जिसमें मुरादाबाद के अनुभवी और विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा हृदय, पेट, दिमाग हड्डी, किडनी, स्त्री रोग सहित विभिन्न बीमारियों की जांच की जाएगी तथा मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी दिया जाएगा। अवध शुगर मिल जीएम सुखबीर सिंह ने बताया कि मिल प्रबंधन क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य को लेकर सदैव गंभीर रहा है। इसी उद्देश्य से हर वर्ष नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कराया जाता है। उन्होंने नागरिकों से शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की है। नागरिक सुबह नौ बजे से 11 बजे तक पंजीकरण कराकर शिविर में अपनी जांच करा सकते हैं।

### मस्जिदों में उमड़ी नमाजियों की भीड़



**स्योहारा।** पाक रमजान मुबारक के चौथे जुमे की नमाज नगर व क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में पूरे अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई। मस्जिदों में रोजेदारों और नमाजियों की भीड़ देखने को मिली। इस अवसर पर उलेमा ए इकराम ने अपने बयान में रमजान मुबारक के पाक महीने की अहमियत और फजीलत बयान करते हुए रोजा, नमाज, जकात और फितरा अदा करने तथा अल्लाह का ज्यादा से ज्यादा जिक्र करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना सब्र, इबादत, इंसानियत और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का महीना है। इसलिए सभी लोगों को इस पाक महीने में नेक कामों की तरफ ज्यादा से ज्यादा ध्यान देना चाहिए। नमाज के दौरान और उसके बाद रोजेदारों और नमाजियों ने अल्लाह तआला से अपने गुनाहों की माफी, घर-परिवार की सलामती और बरकत के लिए दुआएं मांगी। साथ ही मुल्क में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली के लिए तथा पूरी दुनिया में शांति और भाईचारे के कायम रहने की भी खास तौर पर दुआ की गई। नगर की प्रमुख मस्जिदों के साथ-साथ आसपास के गांवों की मस्जिदों में भी बड़ी संख्या में लोगों ने नमाज अदा की। जुम्मे की नमाज के दौरान नगर की प्रमुख मस्जिदों के आसपास तथा चौराहों पर पुलिस गश्त करती रही।

### मंसूरसराय में विशेष सफाई अभियान



**स्योहारा।** ग्राम मंसूर सराय में त्योहारों को देखते हुए विशेष सकाई अभियान चलाया जा रहा है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मौहम्मद आज़म के नेतृत्व में गांव की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गांव की गलियों, नालियों और सार्वजनिक स्थानों की नियमित रूप से सकाई कराई जा रही है, ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। प्रधान प्रतिनिधि मौहम्मद आज़म स्वयं पूरे अभियान की निगरानी कर रहे हैं। उनके निर्देशन में गांव की सड़कों गलियों और नालियों की स्फाई कराई जा रही है। ग्रामीणों कहना है कि मौहम्मद आज़म द्वारा गांव की सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। त्योहार से पहले चलाया जा रहा यह सफाई अभियान सराहनीय कदम है। ग्रामीणों ने प्रधान प्रतिनिधि के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि यदि इसी तरह गांव की व्यवस्थाओं पर लगातार ध्यान दिया जाता रहा, तो गांव स्वच्छ और सुंदर बना रहेगा।

### श्री हरि पंचांग का विमोचन




**धामपुर।** अनंत श्री धर्म प्रचार संस्थान द्वारा पिछले सोलह वर्षों से निरंतर प्रकाशित किए जा रहे श्री हरि पंचांग के नवीन संस्करण का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में नगर के अनेक गणमान्य नागरिक, धर्मप्रेमी और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। पंचांग के संपादक प्रकांड पंडित आचार्य डा.दिनेशचंद भारद्वाज ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पंचांग भारतीय सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने बताया कि तिथि, वार, नक्षत्र, योग और करण इन पांच अंगों के समन्वय को ही पंचांग कहा जाता है। ज्योतिष शास्त्र में इन पांचों तत्वों की व्यवस्थित गणना और प्रस्तुति से ही पंचांग का निर्माण होता है, जो धार्मिक अनुष्ठानों, पर्व-त्योहारों और शुभ कार्यों के निर्धारण में मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है। आचार्य डा. भारद्वाज ने कहा कि श्री हरि पंचांग पिछले 16 वर्षों से सनातन धर्मावलंबियों को धार्मिक तिथियों, व्रत-पर्व, शुभ मुहूर्त और ज्योतिषीय जानकारी प्रदान करता आ रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह पंचांग समाज में धार्मिक जागरुकता बढ़ाने और सनातन संस्कृति के संरक्षण में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद धामपुर के अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ने पंचांग के नए संस्करण का विमोचन करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक ग्रंथ हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने संस्थान द्वारा लगातार किए जा रहे इस प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ला, डा.एनपी सिंह, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष सहयोगी संस्था के रूप में श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के सदस्य भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इनमें अध्यक्ष अरुण कुमार अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, सुनील कुमार, दिनेश राणा, विजय शर्मा, डा.दिनेश सिंह, गौरक्षक गौतम गिरी, शौर्य अत्रि, निकुंज शर्मा, मोती शर्मा, उत्तम भारद्वाज, प्रणब भारद्वाज, कविता भारद्वाज, बबीता त्यागी सहित अन्य श्रद्धालु शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का स्वागत और आभार व्यक्त किया गया तथा पंचांग की प्रतियां उपस्थित लोगों को वितरित की गई।

# गोवर्धनपुर नंगली में अवैध शराब का धंधा

## पुलिस पर मिलीभगत के गंभीर आरोप, ग्रामीणों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** थाना क्षेत्र के ग्राम गोवर्धनपुर नंगली में इन दिनों अवैध शराब का कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में करीब चार स्थानों पर धड़ल्ले से शराब बेची जा रही है, जिससे क्षेत्र का माहौल लगातार बिगड़ता जा रहा है और युवाओं पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में लंबे समय से अवैध शराब की बिक्री का धंधा चल रहा है। आरोप है कि कुछ लोग अपने घरों और गुप्त ठिकानों से शराब बेच रहे हैं। शाम होते ही इन ठिकानों पर शराब खरीदने वालों की भीड़ लग जाती है। जिससे आसपास रहने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शराबी अक्सर गांव की गलियों में हंगामा और गाली-गलौज भी करते हैं। जिससे ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल बना रहता है। ग्रामीणों ने मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

उनका कहना है कि अवैध शराब की बिक्री की जानकारी स्थानीय पुलिस को होने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की मिलीभगत से ही गांव में अवैध कारोबार खुलेआम चल रहा है। उनका कहना है यदि पुलिस चाहे तो एक ही दिन में इस अवैध धंधे पर पूरी तरह रोक लगाई जा सकती है, लेकिन कार्रवाई न होना कई तरह के सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार हल्का इंचार्ज से भी शिकायत की गई, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला और स्थिति जस की तस बनी हुई है। इससे ग्रामीणों में पुलिस के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि अवैध शराब की वजह से गांव का माहौल लगातार खराब हो रहा है। नशे के कारण आए दिन झगड़े-फसाद की स्थिति बन जाती है, जिससे महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। कई परिवारों में घरेलू कलह और आर्थिक समस्याएं भी बढ़ रही हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि पुलिस ने जल्द ही इस अवैध कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की, तो वे इस मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से करेंगे। उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि गांव में चल रहे अवैध शराब के कारोबार की निष्पक्ष जांच कराई जाए और इसमें शामिल लोगों के साथ-साथ लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि गांव में कानून व्यवस्था और शांति कायम रह सके।

## परिवार नियोजन को लेकर एएनएम-आशाओ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सीएमओ के निर्देशानुसार मिशन मार्च के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग को मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत जनसंख्या नियंत्रण एवं परिवार नियोजन सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए सभी आशा कार्यकत्री, एएनएम और स्वास्थ्य केंद्रों को सक्रिय रूप से कार्य करने को कहा गया है, ताकि जनपद की निर्धारित उपलब्धियां समय पर पूर्ण की जा सकें।

स्वास्थ्य अधिकारियों ने निर्देश दिए हैं कि परिवार नियोजन की सुविधाएं समाज के अंतिम पायदान पर खड़े प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक अनिवार्य रूप से पहुंचनी चाहिए। उन्होंने कहा कि फैमिली प्लानिंग केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। परिवार कल्याण नोडल अधिकारी ने स्पष्ट किया कि आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए विभाग के हर स्तर पर सक्रिय सहयोग और जवाबदेही आवश्यक है।

वहीं एफपीएलएमआईएस प्रबंधक ने कहा कि इस कार्यक्रम की सफलता केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसके लिए जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्य करने की आवश्यकता है। साथ ही सभी नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को पर्याप्त मात्रा में परिवार नियोजन की सामग्री उपलब्ध रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसी क्रम में नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा में आशा कार्यकत्रियों और एएनएम की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मिशन मार्च के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में सभी स्वास्थ्य कर्मियों को परिवार कल्याण से संबंधित आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध कराई गई, ताकि अधिक से अधिक लाभार्थियों तक इन सेवाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। कार्यक्रम में पीएसआई इंडिया का भी सहयोग रहा।

बैठक में चिकित्सा अधिकारी डा. बीके स्नेही और डा. मीनाक्षी सिसोदिया ने एएनएम व आशा कार्यकत्रियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान फार्मासिस्ट वीर सिंह दीपक कुमार स्टाफ नर्स ममता रानी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## छात्राओं ने किया प्रेमधाम आश्रम का भ्रमण



**बिजनौर।** कृष्णा कालेज के गृह विज्ञान विभाग की एम.एस.सी. गृह विज्ञान हयूमन डेवलपमेंट व बी.एस.सी. गृह विज्ञान तृतीय वर्ष की छात्रओं ने प्रेमधाम आश्रम का भ्रमण किया। कसलेज संस्थापक राजीव कुमार, प्रबन्धक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, लॉ प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां, साइंस प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने प्राध्यापकों व छात्राओं के समूह को प्रेमधाम आश्रम के लिए रवाना किया। गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं ने प्रेमााम आश्रम में दिव्यांग एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ बच्चों का हाल जाना और यहां के डा. थामस व विजय कुमार तथा अन्य कर्मचारीगणों के द्वारा गृह विज्ञान विभाग की विभागधयक्ष डा. शालिनी शर्मा व सहायक प्रवक्ता प्रीति चौहान, मुक्ता चौधरी, ज्योति चौहान व सायमा खानम का स्वागत किया गया। गृह विज्ञान विभाग के समस्त विद्यार्थियों ने समस्त दिव्यांगो और मानसिक रुप से अस्वस्थ बच्चों के लिए आश्रम प्रबंधन द्वारा दी गई व्यवस्थाओं को जाना। विजय कुमार ने जानक.ारी दी कि बच्चों के मेडिकल की सुविधा आश्रम में होने के साथ-साथ फिजियोथेरेपी एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने बच्चों को पढ़ाने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए जानकारी दी तथा उन्होंने बताया कि यहां पर बच्चों को योग, खेलकूद, संगीत और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलता है, जिससे आत्मविश्वास बढ़ता है। आश्रम के संचालकों का कहना है कि उनका और उन्हे उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना व समाज में सम्मानपूर्वक जीवन जीने के लिए तैयार करना है। इस सेवा काम में स्थानीय लोगों और समाज सेवियों का भी सहयोग मिल रहा है।

# गैस की किल्लत की अफवाह पर प्रशासन सख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडर की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि क्षेत्र में गैस की पर्याप्त उपलब्धता है। उपभोक्ताओं को नियमित रूप से सिलेंडर की आपूर्ति की जा रही है। साथ ही जमाखोरी और कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।



### कालाबाजारी और जमाखोरी पर होगी कार्रवाई

प्राप्त समाचार के अनुसार तहसील सभागार में एसडीएम एवं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में गैस एजेंसी संचालकों और आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र की सभी गैस एजेंसियों के स्टॉक की समीक्षा की गई, जिसमें यह सामने आया कि एजेंसियों के पास पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं।

बैठक के दौरान प्रशासन ने गैस एजेंसी संचालकों को निर्देशित किया कि वे उपभोक्ताओं को समय से गैस सिलेंडर की डिलीवरी सुनिश्चित करें और किसी भी स्थिति में जमाखोरी या अनियमितता न होने दें। यदि किसी एजेंसी या व्यक्ति द्वारा गैस सिलेंडर की कालाबाजारी या जमाखोरी की शिकायत मिलती है, तो उसके विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन ने एजेंसी संचालकों से यह भी कहा कि वे अपने उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी कराएं। इसके लिए एजेंसियों पर विशेष काउंटर खोलकर उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी कराई जाएगी, ताकि भविष्य में गैस वितरण में किसी प्रकार की समस्या न आए।

इसी दौरान आपूर्ति विभाग की टीम द्वारा नगर क्षेत्र में कई पेट्रोल पंप और अन्य स्थानों पर निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान एक स्थान पर घरेलू गैस सिलेंडर पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति को कड़ी चेतावनी दी गई और भविष्य में ऐसी स्थिति मिलने पर सख्त कार्रवाई की बात कही गई।

प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे गैस की कमी को लेकर किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और बुकिंग के दो से तीन दिनों के भीतर उपभोक्ताओं को सिलेंडर की डिलीवरी सुनिश्चित की जा रही है।

# गुलदार की दहशत: वन विभाग ने मटौरामान में पिंजरा लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम मटौरा मान में मादा गुलदार की सक्रियता से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। गन्ने के खेत में गुलदार के तीन शावक मिलने के बाद मादा गुलदार को भी इलाके में बार-बार देखा जा रहा है। ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वन विभाग ने पिंजरा लगा दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार गुरुवार को गांव के हितेश्वर सिंह के गन्ने के खेत में गुलदार के तीन शावक मिले थे। जिससे ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया था। शावकों की तलाश में मादा गुलदार की लगातार मौजूदगी के कारण ग्रामीणों का खेतों में जाना मुश्किल हो गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, वन विभाग की टीम ने तत्काल कार्रवाई की। आज प्रभावित क्षेत्र में एक पिंजरा स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य मादा गुलदार को सुरक्षित रूप से पकड़ना है।



पिंजरा लगाने के साथ ही वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ एक बैठक की। इस दौरान उन्हें सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई और कई सावधानियां बरतने की सलाह दी गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को अकेले खेतों में न जाने, बल्कि हमेशा समूह में जाने की सलाह दी। उन्हें खेतों में काम करते समय तेज आवाज में गाने चलाने या आपस में बात करते रहने को कहा गया, ताकि जानवरों को आहट से दूर भगाया जा सके। बच्चों को किसी भी स्थिति में अकेले घर से बाहर या खेतों के पास न जाने देने की हिदायत दी गई। आत्मरक्षा के लिए हमेशा एक मजबूत लाठी साथ रखने को कहा गया।

डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। मादा गुलदार अपने शावकों की वजह से अधिक आक्रामक हो सकती है, इसलिए पिंजरा लगा दिया गया है और टीम लगातार क्षेत्र में निगरानी कर रही है।

## हाथों पर पट्टी बांधकर आतंकवाद का विरोध

**कोतवाली देहात।** शिया समुदाय द्वारा जुमे की नमाज के बाद यौमे कुद्स दिवस के मौके पर आतंकवाद का विरोध किया गया। शिया समुदाय के लोगों हाथों पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया तथा राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम नगीना को भेजा।

जुमे की नमाज के बाद शिया समुदाय लोग मौहल्ला सादात स्थित शिया जामा मस्जिद में एकत्र हुए। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि इस वक्त दुनिया के ज्यादातर देश किसी न किसी तरह के आतंकवाद से पीड़ित है। फिलिस्तीन पर अमेरिका व इजरायल द्वारा बमबारी की जा रही है तथा मस्जिदे अलअक्सा पर भी अत्याचार किया जा रहा है। अमेरिका में इजरायल द्वारा संपूर्ण विश्व में फैलाए जा रहे आतंकवाद के कारण किसी भी देश की संप्रभुता को खतरा हो सकता है। उन्होंने इजरायल द्वारा ईरान के सुप्रीम लीडर सैयद अली खामेनेई व उनके परिवार की हत्या की घोर निंदा करते हुए आक्रोश व्यक्त किया।

## एक नजर

### गन्ना उत्पादन बढ़ाने के दिए सुझाव



**नांगल सोती।** उत्तम शुगर मिल बरकतपुर के मिल अधिकारियों ने ग्राम दयालवाला के नारायण पब्लिक स्कूल में किसान गोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें क्षेत्र के लगभग 200 किसानों ने भाग लिया। इस दौरान मिल मालिक के पुत्र जय अदलखा ने किसानों को संबोधित करते हुए गहरी जुताई, भूमि शोधन, बीज शोधन, गन्ने की पौध और लाल सड़न रोग के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए उनके निस्तारण के बारे में बताया। इसके साथ ही उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि सभी किसान समय से गन्ने की ट्रेंच विधि से बुवाई करे ताकि अधिक पैदावार की जा सके। इसके साथ मिल के संयुक्त अध्यक्ष ने बताया कि किसान मिल द्वारा स्वीकृत गन्ना प्रजाति की ही बुवाई करे, रोगग्रस्त गन्ना प्रजाति 0238 की बुवाई कदापि न करे। इसके साथ ही उन्होंने पेड़ी के गन्ने की देखभाल करने की जानकारी साझा की। गोष्ठी के बाद मिल अधिकारियों ने किसानों के साथ मिल के गन्ना क्षेत्र का भ्रमण किया और वैज्ञानिक विधि से गन्ने की बुवाई करके किसानों को दिखाई। मिल के संयुक्त अध्यक्ष ने लाल सड़न रोग में बारे में किसानों चर्चा की, रोग लगने पर समय रहते मिल को अवगत करा उपयुक्त कीटनाशक का इस्तेमाल करने की सलाह दी। इस दौरान अधिशासी निदेशक एस.एल. शर्मा, गन्ना महाप्रबंधक विकास पुंडीर, नम्रता पांडे, कुलदीप सिंह, चांदवीर सिंह, अजय बालियान, नीरज कुमार। साधुराम सिंह, राजेश प्रधान, शिवकुमार, हेमेंद्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, महिपाल सिंह, नरेश कुमार,ज्वाला सिंह आदि किसान और मिल अधिकारी मौजूद थे।

### पति को तलाश करने की गुहार



**अफजलगढ़।** ग्राम माननगर निवासी ललिता देवी पत्नी दिनेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पति दिनेश कुमार (22 वर्ष) पुत्र थम्मन सिंह काशीपुर उत्तराखंड में किराए के मकान पर रहता था। नौ मार्च को चतरपुर से फोन लेने के लिए आए थे। रात करीब नौ बजे फोन पर उससे बात हुई, लेकिन दस मार्च की सुबह जब फोन किया तो उनका मोबाइल बंद आ रहा था। शंका होने पर काशीपुर दिनेश कुमार के कमरे पर जाकर देखा, तो कमरे के बाहर बाइक खड़ी थी और कमरे पर ताला लगा हुआ था। मोबाइल लगातार स्विच ऑफ आ रहा है। ललिता देवी ने पुलिस में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करा कर पति को तलाश करने की गुहार लगाई है।

### वीकेआईटी में पुण्यतिथि मनाई




**बिजनौर।** वी.के.आई.टी. ग्रुप ऑफ कॉलेज में आज कॉलेज के संस्थापक ए.के. सिंह के पिताजी स्व. श्री वीर सिंह की 14वीं पुण्यतिथि मनायी गई। कॉलेज के संस्थापक ए.के. सिंह, मैनेजिंग डायरेक्टर अभिषेक सिंह एवं उपस्थित सभी ने स्व. वीर सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। ए.के. सिंह ने बताया कि कैसे आज तक उनके पिताजी का आशीर्वाद उनके साथ चलता आ रहा है और उन्ही के विचारों से प्रेरित होकर उन्होंने सन् 2008 में कुंवर कली एजुकेशन ट्रस्ट की स्थापना की ताकि इसके जरिये शिक्षा के प्रति उनके विचारों को जन-जन तक पहुचाया जा सके। अन्त में उपस्थित सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें भावपूर्ण श्रृद्धाजंलि दी।

### पटाखेबाज बुलेट सवारों पर कार्यवाही की मांग

**स्योहारा।** नगर में पटाखा छोड़ने वाली बुलेट का शोर बढ़ता जा रहा है। जिससे आम नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर बाजारों और रिहायशी इलाकों में कुछ युवक तेज रफ्तार से बुलेट बाइक चलाते हुए तेज आवाज में पटाखे जैसी आवाज निकाल कर माहौल को शोरगुल से भर देते हैं। नगरवासियों का कहना है कि इस तरह की हरकतों से जहां एक तरफ बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को दिक्कत होती है, वहीं दूसरी तरफ अचानक तेज आवाज होने से लोग घबरा भी जाते हैं। नागरिकों ने पुलिस प्रशासन अभियान चलाकर ऐसे बुलेट बाइक सवारों सबक सिखाने की मांग की है।

### दुर्गा विहार कॉलोनी में जलभराव



**धामपुर।** दुर्गा विहार कॉलोनी, त्रिवेणी ब्लॉक के निवासियों ने जल निकासी की समस्या को लेकर एसडीएम को प्रार्थना पत्र सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि नाली में अवरोध लगाए जाने के कारण पानी की निकासी रुक गई है, जिससे क्षेत्र में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि पिछले कई वर्षों से कॉलोनी का पानी इसी मार्ग से निकलता रहा है, लेकिन हाल ही में कुछ लोगों द्वारा नाली को जगह-जगह बंद कर दिया गया है। इसके चलते कॉलोनी की सड़कों और आसपास के क्षेत्रों में पानी भरने लगा है। जिससे गंदगी और बदबू फैल रही है तथा संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। कॉलोनी के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल हस्तक्षेप करते हुए नाली को खुलवाया जाए, ताकि पानी की निकासी सुचारु रूप से हो सके और लोगों को हो रही परेशानी से राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने स्थायी समाधान के लिए तालाब के खसरा नंबर 251 में पक्का नाला निर्माण कराने की भी मांग की है। कॉलोनीवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से जनहित में शीघ्र कार्रवाई करने की अपील की है।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
सलमान अलीमुद्दीन
युवा समाजसेवी
ग्राम मानियावाला
ब्लॉक-अफजलगढ़


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर


मुकद्दस रमजान की बधाई
मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मकसूद अहमद अंसारी
( ठेकेदार )
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर


# अलविदा माहे रमज़ान: अमनो-अमान व मुल्क की तरक्की को उठे हज़ारों हाथ

## दूर-दराज़ से आए रोज़ेदार, एहतियात के तौर पर रहा भारी पुलिस बल तैनात, राजनीतिक हस्तियां भी रही मौजूद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** शाही जामा मस्जिद में जुमा-ए-अलविदा की नमाज अदा करने के लिए नगर के साथ दूर दराज क्षेत्रों से भारी संख्या में नमाजियो व राजनैतिक हस्तियो ने भाग लिया। नमाज़ के बाद दुनिया में अमन व शान्ति के लिए हज़ारों हाथ दुआओं के लिए उठे।

शुक्रवार को रमजानुल मुबारक के जुमा अलविदा की नमाज नगर की छोटी बड़ी मस्जिदों और खासकर शहर की शाही जामा मस्जिद में अदा की गई। नमाज के दौरान पुलिस सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे ओर ड्रोन कैमरों की कड़ी निगरानी की गई। शहर इमाम शाही जामा मस्जिद हजरत मौलाना आफताब हुसैन वारसी ने जुमा अलविदा का खुत्बा पेश किया जिसको रोजेदार व नमाजियों ने बड़े अदब के साथ सुना। खुत्बा पेश होने के बाद नमाज अदा हुई और मुल्क और शहर की तरक्की सलामती के लिए सैकड़ों हाथ दुआ के लिए उठे। शांति पूर्वक नमाज सम्पन्न होने के बाद खुदा का शुक्र अदा किया गया। शाही जामा पूरी तरह खचाखच भरी रही और नमाज अदा कर अपने घरों को लौटे। मस्जिद इंतजामिया कमेटी की ओर से नमाजियों के लिए वजू, सफे बिछाने और चिलचिलाती धूप से बचने के लिए शामियाने लगाए। इस दौरान शहर विधायक नवाब इकबाल महमूद, पूर्व प्रत्याशी विधानसभा आंवला साजिद खां,चेयरपर्सन पति चौधरी मुशीर खां, इतरत हुसैन, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की, सईद अख्तर इसराईली, सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष फिरोज खान, साद आदिल, नाजिम सैफी, नदीम अब्बासी, आदि नमाजी उपस्थित रहे। उधर पुलिस प्रशासन की ओर से पुलिस सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गए। **सिरसी संवाददाता के अनुसार**:- कस्बे भर की मस्जिदों में जुमा अलविदा की नमाज़ अदा की गयी। जबकि मस्जिदों के बाहर पुलिस एवं पीएसी के जवान मौजूद रहे।

जुमातुल विदा की नमाज जामा मस्जिद अहले सुन्नत, शिया जामा मस्जिद के अलरवा अन्य मस्जिदों में भी अदा की गयी। प्रशासन द्वारा मस्जिद की छत व बाहर नमाज पढ़ने पर रोक लगाए जाने की वजह से नमाजियों की संख्या के आगे मस्जिदें छोटी पड़ गयीं। नमाज के बाद मुल्क में अमन, भाईचारा व खुशहाली के लिए दुआ की गई। इस मौके पर चौकी प्रभारी मौ. शाह फैसल पुलिस एवं पीएसी के साथ मौजूद रहे।

**उप नगरी सरायतरीन** रमजान मुबारक के महीने के चौथा जुम्मा जुमातुलविदा पर मस्जिदों में भीड़ नजर आई। चिलचिलाती धूप में भी नमाज़ियों से मस्जिदें खचाखच भरी रही। नमाज के बाद बाजारों में भी रौनक रही। लोगों ने इफ्तारी के लिए फलों व अन्य खाने-पीने की चीजों की खरीदारी की। आखरी अशरे में लैलतुल कद्र की रात होती है। इस अशरे में लोग मस्जिदों में एतिकाफ कर रहे हैं। 23 रमजान शुक्रवार को पूरे हो गए। ईद के करीब आने के साथ ही अब रोजेदारों का उत्साह और बढ़ने लगा है। चौथे जुमे की नमाज के लिए आज शहर की मस्जिदों में खासी भीड़ नजर आई। मुहल्ला दरबार स्थित शाही जामा मस्जिद के प्रांगण में नमाज के लिए रोजेदार खड़े दिखे। मस्जिदों में भी जुमे की नमाज के लिए तैयारियां सुबह से ही शुरू हो गई थीं। जैसे-जैसे जुमे की नमाज का वक्त करीब नजर आता रहा, वैसे ही रोजेदार मस्जिदों में पहुंचने लगे। इनमें बुजुर्गों और नौजवानों के साथ छोटे-छोटे बच्चों ने भी मस्जिद में पहुंचकर जुमे की नमाज अदा की। खुतबे के बाद इमाम साहब ने नमाज पढ़ाई। नमाज के बाद मुल्क में अमन चैन की दुआ की गई।



सम्भल। शाही जामा मस्जिद में जुमा अलविदा की नमाज अदा करते रोज़ेदार।

## कारखानों में रखा गया अवकाश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** हैंडीक्राफ्ट के कारखानों में शुक्रवार को अवकाश के चलते भी रोजेदारों और नमाजियों की भीड़ अधिक रही। मुस्लिम बहुल मौहल्लों में जुमे को ईद जैसा नजारा देखने को मिला। कुर्ता-पजामा पहने और सिर पर टोपी लगाए रोजदार जुमे की नमाज अदा करने पहुंचे।

## नमाज शांतिपूर्वक सम्पन्न होते ही ली राहत की सांस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जुमा अलविदा की नमाज शांति पूर्वक अदा कराने को लेकर कई दिनों से पुलिस-प्रशासन का होमवर्क कामयाब रहा। भारी सुरक्षा व्यवस्थ्ा के बीच शाही जामा मस्जिद और शहर की अन्य मस्जिदों में जुमा अलविदा की नमाज अदा की गई। शाही जामा मस्जिद में नमाज अदा कराने को लेकर पुलिस-प्रशासन की पहले से की गई तैयारियों के चलते नमाज शांति पूर्वक सम्पन्न होते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने राहत की सांस ली। संवेदनशील स्थानों के अलावा जगह-जगह कड़ी चौकसी रही।

## जुमा अलविदा की नमाज के दौरान डीएम रहे भ्रमणशील

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** अलविदा जुम्मे की नमाज एवं आगामी ईद-उल-फितर त्यौहार को जनपद में सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण मनाए जाने के मददेनजर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने नगर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

शुक्रवार को जुमा अलविदा की नमाज़ और नगर भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक के के विशनोई ने शाही जामा मस्जिद के आस-पास व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा उन्होंने उपस्थित लोगों से वार्ता की। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग को त्यौहारों के अवसर पर विशेष सर्तकता बरतने और तैनात पुलिस बल को लगातार भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीएम प्रदीप वर्मा,एएसपी, एसडीएम निधि पटेल आदि मौजूद रहीं।



सम्भल- जुमा अलविदा की नमाज के दौरान भ्रमण करते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक।

# महिला आयोग की सदस्या ने सुनी समस्याएं

### ○घरेलू हिंसा के मामलों में त्वरित निस्तारण के निर्देश

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या ने जनसुनवायी में महिलाओं की समस्याओं की सुनवाई की। जबकि घरेलू हिंसा से जुड़े कई मामलों में त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

शुक्रवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या अवनी सिंह पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार सम्भल पहुंचीं। चन्दौसी रोड स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में जनसुनवाई कर महिलाओं की समस्याएं सुनीं। इस दौरान घरेलू हिंसा से जुड़े कई मामलों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। इस आयोग की सदस्या दौरान अवनी सिंह ने बताया कि आयोग की ओर से नियमित रूप से जिलों में जाकर महिलाओं की समस्याएं सुनी जाती हैं। सम्भल में आयोजित जनसुनवाई में उनके पास मामले आए, जिनमें अधिकतर घरेलू हिंसा से संबंधित थे। उन्होंने कहा कि जो पीड़ित महिलाएं उनके पास पहुंचीं, उनके मामलों को तुरंत आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया है और आयोग का प्रयास रहेगा कि इन मामलों का जल्द से जल्द समाधान कराया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के शिकायत दर्ज कराने में हिचकिचाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि महिला आयोग का उद्देश्य गांव-गांव तक पहुंचकर महिलाओं को जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देशों के साथ-साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि महिलाओं तक सीधे पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना जाए। इसके लिए गांवों में जनचौपाल लगाकर महिलाओं को उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। महिलाओं से अपील करते हुए उन्होने कहा कि आज के समय में महिलाएं काफी जागरूक हो चुकी हैं और हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आगे बढ़कर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठानी चाहिए और किसी भी तरह की समस्या होने पर आयोग या प्रशासन से संपर्क करना चाहिए।



सम्भल- लोनिवि के निरीक्षण भवन में महिलाओं की समस्यायें सुनती अवनी सिंह।

## रिश्ता तय होने से नाराज लोगो ने किया हमला, घायल

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** शादी का रिश्ता तय होने से नाराज कुछ लोगों ने एक परिवार पर हमला बोल दिया। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से मारपीट कर कई लोगों को घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव जिजोंडा डांडा निवासी राजकुमार उर्फ राजू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी ही जाति के गांव निवासी युवक के बेटे के लिए कुछ लोग रिश्ता लेकर आए थे। बाद में वही लोग उनके घर पहुंचे और उनके पिता से मुलाकात कर छोटे भाई के लिए शादी का प्रस्ताव रखा। इस पर परिवार ने छोटे भाई का रिश्ता तय कर दिया, जिसकी शादी 12 फरवरी 2026 को तय हुई है। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर युवक के परिवार के लोगों ने 31 जनवरी 2026 की रात करीब आठ बजे उनके घर पर हमला बोल दिया। हमलावरों ने लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से हमला कर परिवार के कई लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। हमले में भाई अंकित के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि बचाने आए श्याम, चाची और चचेरी बहन भी घायल हो गई थी।

# शराबियों के हुड़दंग से स्कूटी सवार की मौत

### ○दूसरे गुट कारे बाइक से पकड़ते रास्ते में आई स्कूटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** युवाओं के दो गुटों में शराब पीने के बाद हुई मारपीट के दौरान एक गुट के भागने पर दूसरे गुट द्वारा उसका पीछे करते हुए बाइक से दौड़ाते समय हुड़दंग करते हुए चौराहे पर बाइक ग्रामीण की स्कूटी से टकरा गई। जहां हादसे के दौरान एक ग्रामीण की मौत हो गई तथा उसका दूसरा भाई घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पहुंची पुलिस ने सब का पंचनामा पर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कैला देवी थाना क्षेत्र के सौंधन में सिहावली रोड स्थित एक आम के बाग में दर्जनों बाइक सवार युवक शराब पार्टी कर रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर मारपीट होने लगी। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई और कुछ युवक वहां से भाग छूटे। पीछे से बुलेट सवार उनका पीछा कर रहे थे। इसी बीच सौंधन चौराहे पर बुलेट सवार युवक ने राइडर बाइक को लात मार दी, जिससे वह गिर गई। वही सामने से आ रहे ग्रामीण सहजू (45) और उसके भाई प्रेमपाल की स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे दोनों भाई गंभीर घायल हो गए। साप्ताहिक बाजार होने के चलते भीड़ एकत्रित हो गई और घायलों को तत्काल सौंधन के निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। जहां से प्राइवेट वाहन द्वारा जिला अस्पताल भेजा गया, मगर रास्ते में ही सहजू की मौत हो गई। ग्रामीण की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर मृतक के स्वजन व ग्रामीण भी पहुंच गए और उन्होंने राइडर बाइक सहित चार बाइकों को पकड़कर पुलिस चौकी सोंधान पहुंचा दिया। वहीं एक युवक को भी पकड़ कर पुलिस के हवाले करने की सूचना है। बुलेट सवार सहित अन्य सभी बाइक सवार मौका पाकर फरार हो गए। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक कैला देवी जितेंद्र कुमार वर्मा भी मौके पर पहुंच गए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## एक नज़र इधर भी

### छात्राओं ने थाने का भ्रमण कर जानी पुलिस की कार्यशैली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** एमजीएम कालेज सम्भल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के समापन दिवस के प्रथम सत्र में स्वयंसेवक सेविकाओं ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत उद्यान परिसर में साफ सफाई कर श्रमदान किया। जिसमें स्वयंसेवक सेविकाओं ने उद्यान परिसर में झाड़ू लगा कर कचरा एकत्रित कर कूड़ेदान में डालने का कार्य किया। इस कार्य में मोहम्मद आतिफ धरुव कुमार अभय कुमार टीना राणा आकांक्षा सिंह दीक्षा सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दीक्षा सिंह आकांक्षा टीना राणा ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। इल्मा मुस्कान महक ने हम होंगे कामयाब गीत प्रस्तुत किया। आकांक्षा सोनम दीक्षा सिंह और इलमा ने भारतीय एकता पर एक नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अधिकारी डा. नेमपाल सिंह ने सभी स्वयंसेवकों को जन जागरूकता फैलाने का टास्क दिया और सभी ने प्रतिदिन एक अच्छा काम करने का संकल्प लिया। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डा. अनुभा गुप्ता ने हम होंगे कामयाब गीत की सराहना करते हुए सभी को निरंतर आगे बढ़ाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद आमान ने किया। इस अवसर पर अजीत कुमार सौरभ कुमार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के समस्त स्वयंसेवक सेविका उपस्थित रहे।

### शिव विवाह प्रसंग सुनकर भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर के श्याम गार्डन में चल रही सात दिवसीय श्रीराम कथा के दूसरे दिन जयपुर के कथा व्यास बाबूदास महाराज ने भगवान शिव के जीवन और उनके आदर्शों का विस्तार से वर्णन करते हुए माता पार्वती के साथ शिव-विवाह की कथा सुनाई। शिव बारात और विवाह प्रसंग का वर्णन सुनकर श्रृद्वालु भावविभोर हो उठे और जयकारों से पंडाल गुंजायमान हो गया। कथा व्यास ने कहा कि भगवान शिव सरलता, त्याग और करुणा के प्रतीक हैं। उनके जीवन से सादगी, सेवा और भक्ति की प्रेरणा मिलती है।

### कहरोला गर्वी में सामुदायिक भवन का हुआ लोकार्पण

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** विकास खंड रजपुरा के ग्राम कहरोला गर्वी में सामुदायिक भवन का जीर्णोद्वार पूरा होने पर समारोह पूर्वक लोकार्पण किया। कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह चौधरी, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की पूर्व सदस्य मंजू दिलेर, आरएसएस के जिला प्रचारक दीपक कुमार तथा गुन्नौर विधानसभा के पूर्व विधायक अजीत कुमार उर्फ राजू यादव की मौजूदगी रही। जबकि कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक यज्ञ हवन में अंतर्राष्ट्रीय धनुर्धर तेजवीर आर्य ने यज्ञब्रह्मा की भूमिका निभाई व शास्त्रीय संगीत से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद अतिथियों ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कियां। अतिथियों ने शिलापट का अनावरण करके सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। सामुदायिक भवन संरक्षण समिति के सदस्यों द्वारा मंचासीन अतिथियों का पटिका पहनाकर व पुस्तक भेंट कर स्वागत किया गया। इस दौरान साईं कान्वेंट स्कूल बाघऊ की प्रधानाध्यापिका ऊषा शर्मा के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

### सीएम डेशबोर्ड समीक्षा बैठक में रैंकिंग सुधार को कार्य करने पर ज़ोर

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर मुख्यमंत्री के विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पूर्व दशम छात्रवृत्ति एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति, पीएम कुसुम योजना, डे एन आर एल एम, प्रधानमंत्री आवास एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण तथा मनरेगा, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अन्तर्गत भवन निर्माण तथा सड़क निर्माण को लेकर चर्चा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी को रैंकिंग सुधार को लेकर कार्य करना है। टॉप टेन में रहने का प्रयास करें। दुग्धा मूल्य भुगतान, सहकारी दुग्ध समितियां, फैमिली आईडी, सामाजिक वनीकरण, कृत्रिम गर्भाधान, मत्स्य सम्पदा योजना, आईसीडीएस पोषण अभियान, ओडीओपी टूल किट एवं वित्त पोषण योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, आदि बिन्दुओं पर चर्चा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### निर्माण कार्यों की समीक्षा में दिए निर्देश

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। कलक्ट्रेट सभागार में डीएम डा. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कार्यदायी संस्थाओं द्वारा किये जाने वाले निर्माण कार्यों को लेकर समीक्षा की गयी। लोक निर्माण विभाग द्वारा किये जाने वाले सड़क निर्माणों मुरादाबाद- गवां- बुलंद शहर मार्ग के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कार्यदायी संस्था यूपी पीसीएल द्वारा खेतापुर में निर्माणाधीन आयुष चिकित्सालय के शीघ्र निर्माण तथा माइल स्टोन बनाने को लेकर निर्देशित किया। जूनियर हाईस्कूल सैंजनी, को 31 दिसम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत आनंदपुर में ग्रामीण स्टेडियम एवं ओपन जिम निर्माण को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### लखनऊ में आयोजित बहुजन संवाद कार्यक्रम में की गाजियाबाद के कांग्रेसी नेताओं ने शिरकत

**गाजियाबाद।** कांग्रेस पार्टी ने 13 मार्च को लखनऊ में कांशीराम जयंती के अवसर पर 'सामाजिक परिवर्तन दिवस' मनाया। इस दौरान कांग्रेस की ओर से बहुजन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य दलित, पिछड़े व अल्पसंख्यक समाज के अधिकारों पर संवाद करना था। इस मौके पर पूरे देश से कांग्रेसियों ने पहुंच कर शिरकत की। गाजियाबाद से भी कई कांग्रेसी नेता कार्यक्रम में पहुंचे जिनमें जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा के अलावा विनोद धामा, अमित गोयल और हरेंद्र बाबा आदि शामिल थे।

# नगर मजिस्ट्रेट के छापे में घरेलू गैस का पकड़ा दुरूपयोग

### ○आपूर्ति विभाग की टीम रही मौजूद, 11 घरेलू और एक कमर्शियल सिलेंडर बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नगर मजिस्ट्रेट के प्रतिष्ठानों पर मारे गए छापे में घरेलू एल.पी.जी. गैस सिलेण्डरों का दुरूपयोग करता पाया गया। कई प्रतिष्ठानों से घरेलू गैस सिलेंडरों की बरामदगी की गई।

नगर में प्रतिष्ठानों पर घरेलू गैस के दुरूपयोग की सूचना पर नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार के नेतृत्व में आपूर्ति विभाग की टीम के साथ छापामार कार्यवाही की गयी। छापामार कार्यवाही में अब्दुल जब्बार स्वीट्स चारा मण्डी, चौधरी सराय से 03 घरेलू एल.पी.जी. गैस सिलेण्डर बरामद हुए। फिजा स्वीट्स एकता चौकी नखासा से 02 घरेलू एल.पी.जी. गैस सिलेण्डर बरामद हुए।जबकि फरमान स्वीट्स पक्काबाग चौराहा से 01 तथा 24 कैरेट रेस्टोरेंट, चौधरी सराय से 03 खाली घरेलू तथा 01 खाली कामर्शियल एल.पी.जी. गैस सिलेण्डर और बाबा स्वीट्स एजेन्टी चौराहा, सम्भल से 02 घरेलू गैस सिलेण्डर बरामद हुए। छापामारी कार्यवाही में कुल 11 घरेलू गैस सिलेण्डर तथा 01 कामर्शियल एल.पी.जी. गैस सिलेण्डर बरामद किए गए।

## गुन्नौर क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण सड़कों का होगा निर्माण

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** लोक निर्माण विभाग द्वारा विधानसभा क्षेत्र गुन्नौर की दो बहुत महत्वपूर्ण सड़के स्वीकृत हुई। इसके निर्माण के प्रस्ताव को काफी समय से प्रयास किये गये। गुन्नौर तहसील के गवां- अनूपशहर मार्ग (राज्य मार्ग) से श्री हरि बाबा बांध मंदिर पहुंच मार्ग एवं परिक्रमा मार्ग तक जबकि बबराला-राजघाट मार्ग का 2 लेन विद पेड शोल्डर चौड़ीकरण एवं शुद्धिकरण का कार्य होगा। गुन्नौर विधायक रामखिलाड़ी सिंह यादव ने कहा कि इस महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण से क्षेत्रवासियों को सुगम आवागमन, बेहतर कनेक्टिविटी और व्यापार-रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। क्षेत्र के विकास को इससे नई गति मिलेगी और आम जनता को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचेगा। शेष सड़के भी जल्द होंगी। जनता के विश्वास और सहयोग से क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए मैं सदैव प्रतिबद्ध हूँ।

# महिलाओं की सुरक्षा महत्वपूर्ण: अमरेश तिवारी

### ○महिला सफाई मित्रों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह पर महिला सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

नगर पंचायत बबराला एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वावधान में अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी के नेतृत्व में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में दीपचंद गेंदा देवी राजकीय महिला चिकित्सालय बबराला के फार्मेसिस्ट लक्ष्मीकांत शर्मा, मानवेन्द्र शर्मा, मीना के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया। जबकि आवश्यकतानुसार नि:शुल्क दवाई वितरित की गई। इसके साथ ही आत्मनिर्भरता व स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के अवसर पर बताया गया कि यह विशेष दिन महिलाओं की आर्थिक सामाजिक राजनीतिक सांस्कृतिक विकास और जेंडर इक्वलिटी के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए समर्पित है और महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देना सम्मान देना सशक्तिकरण के प्रति समाज को प्रेरित करना। महिला दिवस का मुख्य उद्देश्य है। इसकी शुरुआत संयुक्त राष्ट्र ने 1977 में की जब से पूरे भारत में महिला दिवस मनाया जाता है महिलाओं को उनके अधिकार हेल्पलाइन नंबर तथा सुरक्षा के विभिन्न उपायों के बारे मे सरकार द्वारा ठोस कदम उठाए गए हैं। इस कार्यक्रम में आईटीसी मिशन से अर्बन कोर्डिनेटर करन सिंह, प्रमोद कुमार, सफाई नायक सुभाष चंद्र प्रथम, सुभाष कुमार व सभी महिला सफाई मित्र उपस्थित रहे।



बबराला- नगर पंचायत में महिला सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण करते।

# आन-मान व शान के साथ निकलेगी शोभायात्रा

### ○गूगल मीट पर रामलीला कमेटी अध्यक्ष ने ली बैठक

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** श्री रामलीला कमेटी संभल द्वारा आयोजित भव्य शोभा यात्रा का आयोजन 26 मार्च को होगा। यात्रा का शुभारंभ मुख्य डाकघर से होगा।

श्री रामलीला कमेटी की गूगल मीट एप पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कमेटी के अध्यक्ष अनंत कुमार अग्रवाल ने बताया कि नगर क्षेत्र के ज्योतिषाचार्य पुरोहित एवं पंडित जनों से परामर्श उपरांत तय किया गया कि चैत्र शुक्ल नवमी तिथि अर्थात 26 मार्च को संध्या 6:00 बजे मुख्य डाकघर से श्री रामनवमी भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भव्य शोभा यात्रा मुख्य डाकघर से अपने परम्परागत मार्गों से होते हुए सूर्यकुंड तीर्थ पर संपन्न होगी। उन्होंने कहा कि शोभायात्रा में जनप्रतिनिधियों पुलिस एवं प्रशासन के उच्च अधिकारियों समाजसेवियों के साथ साहित्यिक सामाजिक धार्मिक संस्थाओं के संचालकों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। श्री रामलीला कमेटी के प्रबंधक वैभव गुप्ता ने कहा कि शहर में यात्रा मार्ग में तोरण द्वार बनेंगे। बाजार में सजावट होगी और अनेक स्थानों पर यात्रा का स्वागत अभिनंदन करने की व्यवस्था की जाएगी। शोभा यात्रा प्रबंधक अनुराग गुप्ता अन्नु ने कहा कि समाज के सभी वर्गों को आमंत्रित करके तन मन धन का सहयोग लिया जाएगा और भगवान श्री राम की शोभायात्रा आन मान शान के साथ सम्भल की पहचान बनेगी। श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अनंत कुमार अग्रवाल ने यात्रा से संबंधित स्वागत सम्मान सजावट सुरक्षा ध्वनि वधक पूजन तिलक आदि सभी व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी श्री रामलीला कमेटी से जुड़े सभी सदस्यों को सोपी। उन्होंने बताया कि 26 मार्च को संध्या 6:00 बजे से देर रात्रि तक आयोजित होने वाली श्री रामनवमी शोभायात्रा को दिव्य और भव्य स्वरूप तैयार करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं ने अपनी ताकत लगा दी है। बैठक में कमलकांत तिवारी सुबोध कुमार गुप्ता पंकज सांख्यधर साहिल गांधी मीनू रस्तोगी विष्णु कुमार, उमेश कुमार शर्मा प्रिंस शर्मा आदि सामाजिक कार्यकर्ताओं ने ऑनलाइन बैठक में हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता अनंत कुमार अग्रवाल ने की और संचालन अतुल कुमार शर्मा ने किया।

# ज़रूरतमंदों की करें मदद: मौलाना कादरी

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर गुन्नौर में जुमा अलविदा के दिन मौलाना ने इंसानियत का पाठ पढाया। कस्बे की सुन्नी नूरानी मदीना मस्जिद के मोलाना अली अहमद कादरी ने बताया कि बरकतों रहमतों वाला रमजान का महीना हमसे जुदा होने वाला है।आज जुमा अलविदा है। इसका मतलब है कि रमजान हमसे जुदा होने वाले हैं। जिस तरह रमजान के दिनों में आप सबने जिम्मेदारी से इबादत की और नेक काम किये। आपसी भाई चारा कायम रखा। इसी तरह रमजान के बाद भी रहना है। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने आसपास ऐसे लोगो को तलाश करो जिनकी माली हालत खराब है। जिनका कोई सहारा नही है, ऐसे लोगो की मदद करके उनकी ईद खुशियों से भर दो। अल्लाह ने आपको इतना दिया है तो जरूरतमंदों को जकात दो। क्योंकि इस मुबारक महीने में अगर आप नेक राह में खर्च करोगे तो अल्लाह पाक एक के बदले 70 गुना देगा। आखिर में मुल्क में अमनो अमान की दुआ की। इस मौके पर अकील खान उर्फ गुडडा, राहिल सलमानी, भूरा सलमानी, अंसार सलमानी, जावेद अली, सालिम अली हसमत सलमानी शोहरत खा मुगीस अकील सलमानी तस्लीम नाजिम सेहबान कुरेशी आदि मौजूद रहे।

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरे बेटे दिलदार, शाहरूख व अमीर खान शादी-शुदा हैं ओर अलहेदा रहते हैं। मेरे तीनों पुत्र मेरी सेवा व टहल नहीं करते हैं और आये दिन गलत कृत्य करते रहते है। समझाने पर कहना नहीं मानते है और मेरे व मेरी पत्नी के साथ मारपीट कर हत्या करना चाहते हैं। इसलिए मैने अपने तीनों पुत्रों से अपने सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं और अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब वह तीनों अपने किसी भी कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**नन्हे खां पुत्र वशीर अहमद**
नि. ग्राम मतावली पटटी जग्गू थाना असमोली तह. व जिला सम्भल।

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरे दो पुत्र मोनू व मनोज व उनकी पत्नी प्रिया व आरती गलत संगत में पड़ गये हैं। मेरा कहना नहीं मानते है। इसलिए मैने अपने दोनों पुत्रों व पुत्रवधुओं से अपने सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं और अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा या मेरे परिवार का उक्त दोनों पुत्रों व पुत्रवधुओं से कोई ताल्लुक वास्ता नहीं है। इनके किसी भी कृत्य व लेनेदेन की भी जिम्मेदारी मेरी नहीं है।


**श्याम सिंह पुत्र छिददा**
नि. मौहल्ला हल्लू सराय तह. व जिला सम्भल।

# जामा मस्जिद पर शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई अलविदा जुमे की नमाज, सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रमजान के पवित्र महीने के अंतिम शुक्रवार यानी अलविदा जुम्मे की नमाज शहर की ऐतिहासिक जामा मस्जिद सहित जिले की सभी मस्जिदों में शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।जिलाधिकारी अनुज कुमार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह के साथ शहर के विभिन्न संवे. दनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने जामा मस्जिद क्षेत्र में पहुंचकर नमाज की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अलविदा जुम्मे की नमाज को देखते हुए जामा मस्जिद और आसपास के क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। पुलिस बल के साथ पीएसी और खुफिया विभाग के अधिकारी भी तैनात रहे। मस्जिद के आसपास बैरिकेडिंग कर भीड़ को व्यवस्थित ढंग से नियंत्रित किया गया, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।नमाज अदा करने के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में अकीदतमंद जामा मस्जिद और अन्य मस्जिदों में पहुंचने लगे थे। निर्धारित समय पर इमाम द्वारा नमाज अदा कराई गई, जिसमें शहर और आसपास के क्षेत्रों से आए हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। नमाज के दौरान अमन-चौन, भाईचारे और देश की तरक्की के लिए दुआ की गई।प्रशासन की सतर्कता और पुलिस की मुस्तैदी के चलते अलविदा जुम्मे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। अधिकारियों ने बताया कि शहर में लगातार गश्त और निगरानी रखी जा रही है, ताकि कानून व्यवस्था पूरी तरह कायम रहे और लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो।







## एक नजर

### बच्चा बाग साबरी मस्जिद,जैतपुर में हुआ कुरआन मुकम्मल, समाज सेवी हाजी हशमत रजा हुए शामिल



**कुंदरकी।** नगर के मोहल्ला कायस्थान बच्चा बाग स्थित साबरी मस्जिद में हुआ कुरआन मुकम्मल। जिसमे कारी मेराज ने कुरआन सुनाया व कारी शकील हबीब ने कुरआन सुना कुरआन मुकम्मल में कारी मेराज को 10 हजार रूपये पेश किये तथा कारी शकील हबीब को 5 हजार रुपये का हार पेश किया। दोनों को जोड़ा दिया। एक एसी साबरी मस्जिद को दी गई। इस दौरान हाजी हसमत रजा मशकूर रियासत गुड्डू खान समीर खान मुकीम खान मुजम्मिल खान आदि रहे। उधर ग्राम जैतपुर में कारी मुनाजिर को एक उमरे का पैकेज दिया और 5 हजार रुपये का नजराना पेश किया और एक-एक जोड़ा दिया कुरआन मुकम्मल में रियासत गुड्डू समीर मुकीम मुजम्मिल खान मशकूर हाजी हसमत मुजम्मिल खान सभी महसूस रहे।

## जमात-उल-विदा पर जामा मस्जिद में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए वार्डन्स की ड्यूटी



**मुरादाबाद।** आज जमात-उल-विदा (जुमा अलविदा) के अवसर पर जामा मस्जिद के क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नागरिक सुरक्षा के 150 से अधिक वार्डन्स की ड्यूटी लगाई गई थी। अपर जिलाधिकारी नगर मुरादाबाद ज्योति सिंह जी के निर्देश पर उपनियंत्रक नीरज चक जी के नेतृत्व में वार्डन्स ने अपनी ड्यूटी निभाई। जामा मस्जिद के आसपास की गलियों में वार्डन्स पीली ड्रेस में मौजूद रहे, ताकि भीषण गर्मी में भी शांति व्यवस्था बनाए रखी जा सके। उपनियंत्रक श्री नीरज चक, डिप्टी चीफ वार्डन पंकज सक्सेना, वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक सतीश कुमार, डिवीजनल वार्डन अशोक कुमार गुप्ता, मोहम्मद खालिद और अन्य अधिकारियों ने सहयोग दिया। इस अवसर पर स्टाफ अधिकारी राजेश गुप्ता, वसीम अख्तर, शरीफ अहमद, शफीक अहमद, परवेज खां, नरेश कुमार शर्मा, संजीव खन्ना, मोहम्मद जुबैर, अरशद अली, सूरज प्रकाश, इसरार हुसैन, मुनीर वारी, राम नारायण, जुनेद आलम, संजय भटनागर, शाहनवाज, अब्दुल मारूफ, नरेश कुमार शर्मा, सलीम कादरी, इसरार हुसैन, वसीम अख्तर, आगा शाह नवाज, अरशद अली, इरफान कुरेशी, जुनेद आलम, ब्रह्मेश शर्मा आदि ने भी सहयोग दिया। इस आयोजन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में वार्डन्स की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण रही। उनकी सक्रियता और समर्पण के कारण जामा मस्जिद के आसपास का क्षेत्र शांतिपूर्ण और सुरक्षित रहा।

## जुमातुल विदा की नमाज को मस्जिदें रहीं खचा-खच, मुल्क में अमन-चैन और तरक्की के लिए मांगी दुआएं



**बिलारी।** पवित्र माह रमजान के आखिरी जुम्मे को जुमातुल विदा के रूप में मनाते हुए शुक्रवार को नगर की सभी मस्जिदों में अकीदतमंदों ने बड़ी संख्या में नमाज अदा की। माहे रमजान का आखिरी जुमा इस्लाम में बेहद मुकद्दस माना जाता है। इसी वजह से अकीदतमंद दूर-दूर से मस्जिदों में पहुंचकर इबादत करते हैं अल्लाह की बारगाह में दुआएं मांगते हैं। नमाज के बाद लोगों ने मुल्क की तरक्की, अमन-चौन और भाईचारे की कामना करते हुए विशेष दुआ की। जुमातुल विदा के अवसर पर प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दिया। मस्जिदों और आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात रहा, ताकि नमाज अदा करने आए लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। वहीं, ईद-उल-फितर का त्योहार चांद दिखाई देने के बाद मनाया जाता है। इस बार चांद की स्थिति को लेकर यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि रमजान के दौरान दो जुमे अलविदा पड़ सकते हैं। हालांकि अंतिम निर्णय चांद के दीदार के बाद ही होगा।

## तीन को चरस के साथ पुलिस ने गिरफ्तार करके भेजा जेल

**बिलारी।** कोतवाली पुलिस ने अवैध चरस के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दरोगा सुनील कुमार ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उन्हें मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि मुरादाबाद रोड पर ब्राइट फ्यूचर स्कूल के पास तीन लोग संदिग्ध हालत में खड़े हैं, तीनों को मौके पर पकड़ लिया । तलाशी लेने पर तीनों के पास से 925 ग्राम नाजायज चरस बरामद हुई है। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम अरशद पुत्र मोहम्मद हसन , अफसर आलम पुत्र अख्तर हुसैन और साजिद पुत्र अब्बास हुसैन निवासी मोहल्ला अंसारियान बताया है।

तीनों को एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया है।

## एसएम कॉलेज के छात्रों ने समस्याओं को लेकर प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**चन्दौसी।** एस.एम. डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर प्राचार्य डॉ. दानवीर सिंह को ज्ञापन सौंपा। छात्रों ने कॉलेज परिसर में बने हॉस्टल को लंबे समय से बंद होने का मुद्दा उठाते हुए इसे विद्यार्थियों के लिए पुनः चालू कराने की मांग की।

साथ ही कॉलेज के बड़े मैदान को खोलने की मांग की, ताकि छात्र शारीरिक परीक्षाओं की तैयारी कर सकें। विद्यार्थियों ने कुछ शिक्षकों द्वारा ट्यूशन पढ़ने के लिए दबाव बनाने की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग भी की। इसके अलावा कॉलेज में कैंटीन और साइबर कैफे की व्यवस्था तथा नियमित कक्षाएं संचालित कराने की मांग रखी। इस दौरान हर्ष सिंह, नितिन प्रताप, गौरव यादव, नीरज, लवी, लक्ष्मी और विपिन आदि छात्र मौजूद रहे।

## ईद की नमाज को लेकर पुलिस-प्रशासन सतर्क

■ **अधिकारियों ने मस्जिद और ईदगाह का किया निरीक्षण**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आगामी ईद की नमाज को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी कटघर ने मजिस्ट्रेट के साथ थाना कटघर क्षेत्र के करूला स्थित बाबरी मस्जिद का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मस्जिद परिसर और आसपास के क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने मौजूद पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि ईद के अवसर पर नमाजियों की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त रखा जाए। साथ ही संवे. दनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए। इसके बाद क्षेत्राधिकारी कटघर ने मजिस्ट्रेट के साथ थाना गलशहीद क्षेत्र स्थित ईदगाह पहुंचकर ईद की नमाज को लेकर की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इंतजामिया कमेटी के सदस्यों के साथ ईदगाह परिसर का भ्रमण किया और नमाज के दौरान होने वाली व्यवस्थाओं पर चर्चा की। अधिकारियों ने कमेटी के सदस्यों से समन्वय बनाकर कार्य करने की अपील की, ताकि ईद का पर्व आपसी सौहार्द और भाईचारे के माहौल में संपन्न हो सके।पुलिस प्रशासन ने साफ किया कि ईद के मौके पर शहर में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा और प्रमुख स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। अधिकारियों ने लोगों से भी अपील की कि त्योहार को शांति और सौहार्द के साथ मनाएं तथा किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें।



## केवाईसी न कराने से गैस एजेंसियों पर लग रही भीड़ एलपीजी की कोई किल्लत नहीं

**चन्दौसी।** रसोई गैस की किल्लत की अफवाहों के बीच गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की भीड़ देखने को मिल रही है, जबकि एजेंसी संचालकों का कहना है कि एलपीजी की किसी प्रकार की कमी नहीं है। एजेंसियों पर भीड़ का मुख्य कारण उपभोक्ताओं द्वारा केवाईसी (केवाईसी) न कराया जाना है। इस संबंध में गैस एजेंसी स्वामी हाजी ताहिर ने बताया कि एजेंसी कार्यालय से लगातार गैस उपभोक्ताओं को फोन कर अपने नंबर पर केवाईसी कराने के लिए कहा गया है। इसके अलावा एजेंसी के कर्मचारी घर-घर जाकर भी उपभोक्ताओं से केवाईसी कराने का अनुरोध कर रहे हैं। जिसके बाद ही सिलेंडर की डिलीवरी की जाती है। हाजी ताहिर ने कहा कि यदि उपभोक्ता गैस बुक कराते हैं तो निर्धारित समय सीमा के भीतर उनके घर पर सिलेंडर पहुंचा दिया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, रसोई गैस की सप्लाई पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है।

## अलविदा जुमा को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम मस्जिदों के बाहर मुस्तैद रहेगा पुलिस बल

**सुरजननगर।** पवित्र माह-ए-रमजान के अंतिम शुक्रवार यानी श्अलविदा जुमाश को लेकर सुरजननगर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। अकीदतमंदों की भारी भीड़ और संवेदनशीलता को देखते हुए



पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। शांति व्यवस्था बनाए रखने और नमाजियों की सुविधा के लिए मस्जिदों के बाहर भारी पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है।घ्शुक्रवार को रमजान के इस मुकद्दस महीने का चौथा और संभावित आखिरी जुमा होने के कारण मस्जिदों में भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। इसे देखते हुए स्थानीय पुलिस ने पहले से ही अपनी कार्ययोजना तैयार कर ली है। सुरजननगर की प्रमुख मस्जिदों, विशेषकर ताज मस्जिद के आसपास सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। चौकी प्रभारी ओमकार सिंह ने स्पष्ट किया है कि जिन मस्जिदों में नमाजियों की संख्या अधिक रहती है, वहां अतिरिक्त पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। नमाज के दौरान सड़कों पर जाम की स्थिति न बने और आवागमन सुचारू रहे, इसके लिए पुलिस ने ट्रैफिक मैनेजमेंट का खास प्लान बनाया है। आवश्यकतानुसार, मस्जिदों की ओर जाने वाले मुख्य मार्गों से वाहनों को वैकल्पिक रास्तों पर डायवर्ट किया जाएगा। प्रशासन ने सख्त निर्देश जारी किए हैं कि किसी भी परिस्थिति में सड़कों पर नमाज अदा नहीं की जाएगी, ताकि राहगीरों को असुविधा न हो। घ्सुरक्षा व्यवस्था केवल शारीरिक उपस्थिति तक सीमित नहीं है। पुलिस प्रशासन सोशल मीडिया और स्थानीय स्तर पर शरारती तत्वों पर भी पैनी नजर रख रहा है। चौकी प्रभारी ने चेतावनी दी है कि क्षेत्र का माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

एक ओर जहां प्रशासन सुरक्षा में जुटा है, वहीं मस्जिद कमेटियों ने भी नमाजियों की सुविधा के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए मस्जिदों के सहन में धूप से बचाव के लिए टेंट और शामियाने लगाए गए हैं। साथ ही साफ-सफाई और वजू के पानी की विशेष व्यवस्था की गई है। घ्अलविदा जुमा की इस नमाज को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस और स्थानीय संभ्रांत नागरिकों के बीच समन्वय भी बनाया गया है, ताकि इबादत का यह दिन आपसी भाईचारे और शांति के साथ संपन्न हो सके।

## अलविदा जुमा पर नगर पंचायत पाकबड़ा में साफ-सफाई अभियान

**पाकबड़ा।** मुरादाबाद - जुम्मा अलविदा के अवसर पर नगर पंचायत पाकबड़ा के सफाई कर्मचारियों ने नगर में व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य नगर को स्वच्छ और साफ-सुथरा बनाना था, खासकर जुम्मा अलविदा जैसे महत्वपूर्ण दिन पर। सफाई कर्मचारियों ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर कूड़ा-कचरा साफ किया और लोगों को



स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया। इस अभियान में सभासदगण, सफाई नायक, और अन्य अधिकारी भी शामिल हुए। नगर पंचायत पाकबड़ा के चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने कहा कि जुम्मा अलविदा के अवसर पर सफाई अभियान चलाना हमारी जिम्मेदारी है, ताकि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भी स्वच्छता के प्रति जागरूक रहें और नगर को साफ-सुथरा बनाने में अपना योगदान दें।

## झपटकर नगदी और मोबाइल लूटने वाले दो गिरफ्तार

**बिलारी।** स्योंडारा रोड पर समाथल गांव के पास बने यात्री शेड में बैठे युवक से बैग और मोबा. इल छीन लिया। बैग में दस हजार और ओप्पो का मोबाइल फोन था। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर दो आरो. पियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। उनके पास मोबाइल और 10 हजार की रकम भी बरामद हुई। संभल जिले के थाना बनियाठेर के गांव मऊ निवासी आरिफ पुत्र अख्तर समाथल गांव के पास बने यात्री शेड में बैठा हुआ था। तभी एक बाइक पर दो युवक आए और उसके हाथ से झपट्टा मारकर बैग को छीन लिया। बैग में दस हजार की नगदी तथा ओप्पो का मोबाइल रखा हुआ था। इस मामले को लेकर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। रिपोर्ट दर्ज होते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी। दरोगा उचित कुमार सिंह ने टीम के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिसमें स्योड़ारा गांव निवासी तेजपाल पुत्र मंटू तथा मल्लपुर सिधारी निवासी आकाश पुत्र होराम दोनों को गिरफ्तार करके उन्हें जेल भेज दिया। आरोपियों के पास से लूटा गया सामान भी बरामद हुआ।

## हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव में निपुण भारत और बुनियादी शिक्षा पर हुआ मंथन

■ **प्रतिभाशाली बच्चों और शिक्षकों को किया सम्मानित**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** विकासखंड बिलारी में शुक्रवार को श्हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में खंड विकास अधिकारी नरेश पाल सिंह एवं आंगनवाड़ी सुपरवाइजर शिव कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कंपोजिट विद्यालय अलहदादपुर देवा के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

बुनियादी शिक्षा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति और निपुण भारत मिशन के परिप्रेक्ष्य में पूर्व-प्राथमिक एवं बुनियादी शिक्षा के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य अतिथि बीडीओ ने माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम और आदर्श बाल वाटिका की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों की शुरुआती शिक्षा ही उनके भविष्य का आधार है। खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार ने पूर्व-प्राथमिक शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए शिक्षकों को बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रेरित किया। विशेषज्ञ के तौर पर एआरपी अक्षय कुमार: प्री-प्राइमरी शिक्षा में राज्य सरकार के प्रयासों तथा श्स्कूल रेडीनेसश (फेज-1 व फेज-2) के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की जानकारी दी। घ्एसआरजी संजय विशाल नेगी एवं डॉ. रितु त्यागी ने बाल वाटिका में चल रहे विभिन्न नवाचारों और शैक्षिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। शिक्षिका हिमानी भटनागर, सीमा यादव और बरखा ने प्रभावी टीएलएम का प्रदर्शन किया, जबकि आंगनवाड़ी सुपरवाइजरों द्वारा श्वंडर बॉक्स के माध्यम से शिक्षण विधियों को दर्शाया गया। उत्सव के दौरान बाल वाटिका और आंगनवाड़ी केंद्रों के 45 बच्चों को मुख्य अतिथि एवं खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, ब्लॉक में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 25 शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनकी कर्तव्यनिष्ठा के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर एआरपी मोहर सिंह, भुवनेश कुमार, राजीव कुमार, वरुण, राजबहादुर सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, फरहत अली, नाजिम हुसैन, सिम्मी सदफ, रविंद्र कुमार, दिलशाद हुसैन, मोहम्मद इलियास, अखलाक हुसैन, बरखा, सतीश चंद्र, पूनम, प्रमोद कुमार, सारिका, अजय कुमार, नीतू चौधरी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं और विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक विद्यालय नरसरा के प्रधानाध्यापक ईश्वरचंद्र एवं एआरपी अक्षय कुमार ने किया।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी. डि. ) महोदय मुरादाबाद।**
**मूलवाद संख्या:** 154 सन् 2025
**तारीख पेशी:** 24.3.2026

मौ० शकील **बनाम** मौ० वसीम आदि

1. मौ० जोएब कुरैशी पुत्र मौ० शमीम, निवासी 104, तलोजा, महाराष्ट्र, 2. श्रीमति अदीबा पत्नी मौ० शारिक, निवासिनी 104, तलोजा, महाराष्ट्र, हाल पता-कोठीवाल नगर, मुरादाबाद, 3. हुमैरा पुत्री मौ० शमीम, निवासिनी 104, तलोजा, महाराष्ट्र, 4. श्रीमति सायरा विधवा मौ0 शमीम, निवासिनी 104, तलोजा, महाराष्ट्र। हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत स्थायी निषेधाज्ञा की डिक्री हेतु योजित किया है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 24 माह 03 सन् 2026 को समय प्रात: 10.00 बजे असालतन या मार्फत -बकील के जो मुकदमे के हालात से वाकिफ किया गया हो और जो कुल अमूसत अहम मुताल्लिक मुकदमा का जवाब दे सके या, हाजिर हो और जबाव देही दावे की करें और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें, जिस पर आप बताईद अपनी जवाब देही के इस्तदलाल करना चाहते हों।

लिहाजा आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे, तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में सुना व फैसला होगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज दिनॉक 12.03. 2026 को जारी किया गया।

**वाद लिपिक**
**न्यायालय सिविल जज**
**(सी0डि0 ) मुरादाबाद ।**

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र महेश व पुत्रवधू श्रीमती सोमवती को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/ लेन-देन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **पूरन सिंह पुत्र चेनू जाति सैनी निवासी ग्राम चांदपुर गनेश तहसील व थाना बिलारी, जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैं अपने पति किशोर कुमार पुत्र स्व. विशन पाल सिंह व पुत्र सोनू उर्फ योगेन्द्र को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद करती हूं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/ लेन-देन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **श्रीमती धर्मवती पत्नी किशोर कुमार वार्ड नम्बर-1, गौतम बुद्ध पार्क के पास, थाना मझोला शाहपुर तिगरी, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**MORADABAD MUSLIM DEGREE COLLEGE, MORADABAD**

**(Affiliated to Guru Jambheshwar University Moradabad.)**

**Advt. No. 01/2026** **Dated: 13.03.2026**

Applications are invited from eligible candidates for appointment to the post of Assistant Professors in various departments of studies of MMDC. The last date of application is 28-03- 2026 (Saturday) until 5:00 pm.

**Subjects:** Arabic, Drawing & Painting, Economics, Education, English, Geography, Hindi, History, Home Science, MSW, Psychology, Political Science, Sociology, Urdu, Commerce, Biotechnology, Botany, Chemistry, Computer Science, Home Science, Mathematics, Microbiology, Physics, Zoology

Eligibility & Qualification: As per UGC / Guru Jambheshwar University norms
Salary: As per UGC / Guru Jambheshwar University norms

**Application Fee: 200/-** (Demand Draft in favour of Moradabad Muslim Degree College) Interested candidates should apply on the prescribed application format available in office along with CV, self-attested copies of all academic and educational certificates/testimonials, and 2 recent passport size photographs.

**For more details contact: Email: info@mmdegreecollege.com**
**Moradabad Muslim Degree College, Katghar, Moradabad - 244001, U.P.**

# दरोगा भर्ती परीक्षा को लेकर महानगर में कड़ी सुरक्षा, 28 केंद्रों पर दो दिन चलेगी परीक्षा




**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर (दरोगा) भर्ती की लिखित परीक्षा को लेकर मुरादाबाद जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। 14 और 15 मार्च को आयोजित होने वाली इस परीक्षा के लिए जिले में 28 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां चार पालियों में परीक्षा कराई जाएगी। परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है।पुलिस प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों और शहर के संवेदनशील स्थानों पर करीब 500 पुलिसकर्मियों की तैनाती की है। इसके अलावा सॉल्वर गैंग और नकल माफिया पर नजर रखने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इस संबंध में एसटीएफ की टीम भी शहर में सक्रिय है और संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। खुफिया एजेंसियों को भी अलर्ट मोड में रखा गया है ताकि परीक्षा के दौरान किसी तरह की अनियमितता न होने पाए।जानकारी के अनुसार प्रदेश में दरोगा के 4,543 पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। इसी के तहत मुरादाबाद में आयोजित परीक्षा में दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों से कुल 45,160 अभ्यर्थी शामिल होंगे। इनमें दिल्ली, मेरठ, बुलंदशहर, अमरोहा, बागपत, बरेली, बिजनौर, गाजियाबाद, रामपुर, संभल और हरियाणा के अभ्यर्थी भी शामिल हैं।जिले में बनाए गए 28 परीक्षा केंद्रों में से 19 केंद्रों पर 480-480 और 9 केंद्रों पर 240-240 अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। छोटे केंद्रों पर एक-एक सब इंस्पेक्टर को केंद्र प्रभारी, कंट्रोल रूम और चेकिंग की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि बड़े केंद्रों पर पुलिस बल की संख्या दोगुनी रखी गई है।इसके साथ ही शहर के प्रमुख चौराहों, रेलवे स्टेशन और रोडवेज बस अड्डों पर भी सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं, ताकि बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।वहीं अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग ने भी अतिरिक्त बसों का संचालन शुरू कर दिया है। रोडवेज की एआरएम राजवती ने बताया कि परीक्षा के दिनों में कई रूटों पर बसों के अतिरिक्त फेरे लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा बस अड्डे पर मोबा. इल चार्जिंग और पेयजल की भी व्यवस्था की गई है, ताकि परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों को किसी तरह की असुविधा न हो।

## बिजली की समस्या को लेकर मुख्य अभियंता से की शिकायत

**बिलारी।**भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता एडवोकेट ने बिलारी विधानसभा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति, बिजली बिलों की शिकायतों को लेकर मुख्य अभियंता विद्युत विभाग को शिकायत पत्र भेजा है। जिसमें नगर की चरमराती विद्युत व्यवस्था को लेकर शिकायत की है। भाजपा नगर अध्यक्ष ने शिकायत करके कहा कि बिलारी के विद्युत उपभोक्ताओं के बिल अधिक आ रहे हैं। इस मामले को लेकर उच्च अधिकारियों से वार्ता की जाती है तो वह संतोषजनक जवाब नहीं देते। इसके अलावा असमय विद्युत कटौती की जाती है। जिसकी वजह से आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विद्युत विभाग के की कार्यशैली को लेकर भी शिकायत की कहा कि वह भी विद्युत आपूर्ति बंद करने को लेकर संतोषजनक जवाब नहीं देते हैं। मामले में कार्रवाई की मांग उठाई है।

## आईएफटीएम विश्वविद्यालय में एंटी जागरूकता रैगिंग रैली का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के एंटी रैगिंग सेल द्वारा विश्व. विद्यालय परिसर में रैगिंग के खिलाफ जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से एंटी रैगिंग जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने रैली के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रैगिंग अपराध की श्रेणी में आता है इसलिए विद्यार्थियों को इसके प्रति सचेत रहना चाहिए। साथ ही साथ वरिष्ठ विद्यार्थियों को नए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करना चाहिए। स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी. के. सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। एंटी रैगिंग रैली शिक्षकों के मार्गदर्शन में पूरे विश्वविद्यालय परिसर में निकाली गई। डॉ. सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों को रैगिंग के दुष्परिणामों से अवगत कराने तथा परिसर में सुरक्षित सम्मानजनक और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रैली का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि रैली के दौरान विद्यार्थियों ने हाथों में जागरुकता पोस्टर और बैनर लेकर परिसर में मार्च किया तथा रैगिंग के खिलाफ संदेश देते हुए नारे लगाए। एंटी रैगिंग स्क्वॉड के अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि रैगिंग एक गंभीर और दंडनीय अपराध है तथा इसके प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन एंटी रैगिंग कमेटी के संयोजक डॉ. हरप्रीत सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। रैली के सफल आयोजन में कार्यक्रम संयोजक श्री अभिषेक श्रीवास्तव तथा आयोजन सचिव श्री दीपक शर्मा, डॉ. रिद्धि गर्ग, डॉ. राजदीप सिंह, डॉ. उत्कर्ष त्यागी, श्री प्रशांत शर्मा और डॉ. हरिओम चौहान का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने रैगिंग मुक्त परिसर बनाने का संकल्प लिया।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में टेल्स ऑफ स्ट्रेंथ-रोल प्ले ऑफ इंस्पायरिंग वूमेन प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में ष्टेल्स ऑफ स्ट्रेंथ-रोल प्ले ऑफ इंस्पायरिंग वूमेन प्रतियोगिताष्का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल सचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के रोल प्ले के माध्यम से झांसी की रानी, सावित्रीबाई फुले, कल्पना चावला या आधुनिक कामकाजी महिलाओं का अभिनय कर समाज को प्रेरित किया जा सकता है।

स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के रोल प्ले के जरिए समाज को यह संदेश दिया जाता है कि घर हो या कार्यस्थल, महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के बराबर हैं। कार्यक्रम में बिजनेस मैनेजमेंट विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार यादव, होटेल मैनेजमेंट विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. मेघा भाटिया एवं कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार सक्सेना ने प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्द्धन किया। प्रतियोगिता में बी.कॉम प्रथम वर्ष के छात्रों को प्रथम स्थान और बीबीए द्वितीय वर्ष के छात्रों को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। निर्णायक की भूमिका में मैनेजमेंट विभाग की डॉ. शैफाली अग्रवाल एवं डॉ. निखिल गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# ब्लॉक प्रमुख द्वारा रोजा इफ्तार कार्यक्रम का किया आयोजन



**कुंदरकी।** मैंनाठेर क्षेत्र के ग्राम डींगरपुर जी जे पेट्रोल पंप के बराबर में एम एस रिसोर्ट होटल में आज रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया।इस कार्यक्रम में हजारों क्षेत्रवासी शामिल हुए और सभी ने एक साथ बैठकर इफ्तार किया।इफ्तार में खजूर, फल, पकौड़े और शरबत सहित कई पारंपरिक व्यंजन परोसे गए। यह आयोजन रमजान के पवित्र महीने के दौरान सामाजिक सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था।इस अवसर पर कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि रमजान धैर्य और त्याग का महीना है। यह हमें एक-दूसरे की मदद करने और समाज में शांति व एकता बनाए रखने की सीख देता है।उन्होंने आगे कहा कि त्योहार हमें जोड़ने का काम करते हैं और इनका उद्देश्य समाज को एकता के सूत्र में बांधना है।विधायक ने जोर दिया कि इन त्योहारों की मान्यताएं धार्मिक परंपराओं के साथ-साथ सामाजिक दृष्टिकोण से भी बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि आज इस दावत-ए-इफ्तार कार्यक्रम में मुस्लिम और हिंदू समाज का एक साथ शामिल होना इस बात का प्रतीक है कि हमारा देश प्रेम और सद्भाव के खूबसूरत धागे में बंधा हुआ है।कुंदरकी विधानसभा के लोगों ने इस आयोजन को सौहार्द और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने वाला एक सराहनीय कदम बताया। कार्यक्रम में सभी धर्मों की उपस्थिति ने सामाजिक एकता का मजबूत संदेश दिया।कार्यक्रम में ऑस्कर लंबरदार, , महमूदपुर माफी चेयरमैन मंगल सैनी, मैंनाठेर थाना प्रभारी किरन पाल, चौकी प्रभारी राजनाथ सिंह, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सैनी, नीरज चंद्रा, अजीम मलिक, जाहिद हुसैन, कुंदरकी ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गुलाम जिलानी, रोहित सिंह, रविंद्र सिंह, ग्राम प्रधान राहिल, मुजाहिद, गुलाम रब्बानी, महफूज, मुजीबुल, नसीम अहमद, मोहम्मद अनस, फैसल, नफीस अहमद, शानू लम्बरदार, फारूक, रवि सक्सेना, जय सिंह, सोनू रस्तौगी और चेयरमैन पति मेहंदी हसन सहित हजारों क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# शिया जामा मस्जिद मे रहबर ए मौज्जम शहीद अयातुल्लाह खामनाई को किया गया याद

**कुंदरकी।** नगर की शिया जामा मस्जिद मे रहबर ए मौज्जम शहीद अयातुल्लाह खामनाई को याद किया गया तथा उनके निर्देशों को याद किया गया जिसके तहत मुकद्दस रमजान के आखघ्रि जुमे जुमतुल विदा के मौके पर बैतुल मुकद्दस (अल-कुद्स) की आजादी और पश्चिम एशिया में जारी हिंसा के खिलाफ आवाज बुलंद की गई। इस मौके पर शिया जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना अफाक आलम जैदी ने ईरान और फिलिस्तीन से जुड़े हालात पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि दुनिया को जुल्म के खिलाफ खड़ा होना चाहिए। कहा कि बैतुल मुकद्दस पर इजराइल के कब्जे और फिलिस्तीनी जनता पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाना हर इंसाफ-पसंद इंसान का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर दुनिया के कई देशों की खामोशी इंसानियत के लिए चिंता का विषय है। मौलाना नय्यर रजा नकवी ने कहा कि हम बैतुल मुकद्दस पर इजराइल के जबरन कब्जे और वहां हो रहे जुल्म के खिलाफ विरोध कर रहे हैं। वहां जो अत्याचार हो रहा है, उसे अमेरिका का खुला समर्थन मिल रहा है। ईरान लगभग निहत्था है, लेकिन अमेरिका उस पर बमबारी कर रहा है और आम लोगों को निशाना बना रहा है। मौलाना ने कहा कि भारत और ईरान के रिश्ते ऐतिहासिक और दोस्ताना रहे हैं। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक, धार्मिक और व्यापारिक संबंध सदियों पुराने हैं।




उन्होंने कहा ईरान ने हमेशा भारत के साथ दोस्ती और सहयोग का रिश्ता निभाया है। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने भारत को अपने तेल के जहाज लाने की अनुमति दी। मौलाना ने कहा कि अमेरिका की नीतियों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि किसी भी देश पर हमला कर निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाना अंतरराष्ट्रीय नैतिकता और इंसानियत दोनों के खिलाफ है।

उन्होंने कहा कि दुनिया के जिम्मेदार देशों को आगे आकर युद्ध और हिंसा को रोकने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर दुनिया में शांति कायम करनी है तो ताकतवर देशों को अपनी नीतियों में न्याय और इंसाफ को प्राथमिकता देनी होगी। इस मौके पर बड़ी सख्या मे लोग शामिल रहे।

## बेदखली सूचना

हमारा पुत्र शावेज खान पुत्र आफाक खान व इसकी पत्नी गुलनाज पत्नी शावेज खान पुत्री राहत खान निवासीगण मौहल्ला जमा मस्जिद वारसी नगर गली नंबर 8 मुरादाबाद जिला मुरादाबाद गलत संगत में पड़ गये है और आये दिन हमे व हमारे परिवार से मारपीट करते रहते हैं ओर हमारे साथ गलत व्यवहार करते हैं, एवं झूठे केस में फसाने की धमकी देते रहते हैं जिनको हम अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर समस्त पारिवारिक संबंध विच्छेद करता हूँ/करती हूं। भविष्य में इसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व कानूनी फौजदारी कार्यवाही के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होंगे। हमारा व हमारे परिवार का उक्त शावेज खान व गुलनाज से कोई मतलब वास्ता ना होगा। आफाक खान पुत्र इसाक खान एवं आबदा बेगम पत्नी आफाक खान मौहल्ला जमा मस्जिद वारसी नगर गली नंबर 8 मुरादाबाद, जिला मुरादाबाद।

# काशीराम जयंती पर नोएडा चलाने का बसपा कार्यकर्ताओं से आव्हान

**ठाकुरद्वारा।** विधानसभा क्षेत्र के गांव फतनपुर में शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सेक्टर एवं बूथ कमेटी का गठन किया गया और कार्यकर्ताओं से पार्टी संगठन को मजबूत करने का आहवान किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य मंडल सेक्टर प्रभारी रामकुमार गुलाब एवं जिला अध्यक्ष निर्मल सिंह सागर एडवोकेट मौजूद रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बहुजन समाज पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने पार्टी संस्थापक काशीराम की जयंती के अवसर पर नोएडा में आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष शिवलाल सिंह, विधानसभा प्रभारी लोक. ेश सिंह, विधानसभा महासचिव डॉ. धयान सिंह तथा कोषाध्यक्ष सूरजपाल सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे। नेताओं ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्य करें और आने वाले कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लें। अब वह दिन दूर नहीं जब 2027 में बसपा की सरकार बनेगी और पांच वी बार बहन कुमारी मायावती उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनेंगी।

# ‘गिव मी विंग्स-मुझे पंख दो’ कार्यक्रम में बालिकाओं ने दिखाई प्रतिभा

**चन्दौसी।** विकासखंड बनियाखेड़ा के सरथल स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में शुक्रवार को (गिव मी विंग्स-मुझे पंख दो) कार्यक्रम उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से इन्वॉल्व लर्निंग सॉल्यूशन्स फाउंडेशन द्वारा किया गया जिसका उद्देश्य बालिकाओं के नेतृत्व, आत्मविश्वास और रचनात्मक क्षमताओं को मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम में पूरी योजना और संचालन स्वयं विद्यालय की छात्राओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जनपद सम्भल के सभी 10 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक भारतीय खेल, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, पीयर लर्निंग डेमो, बाल संसद, बाल पुलिस तथा टीईडी-स्टाइल टॉक्स ‘मेरी कहानी, मेरी आवाज‘ जैसे विभिन्न आकर्षक गतिविधियों का आयोजन किया गया। छात्राओं ने अपने मॉडल और नवाचार भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अल्का शर्मा, खण्ड शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार, इन्वाल्व संस्था से सम्यक जैन, आशुतोष, संदीप व टीम इन्वाल्व के सभी साथी सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं की प्रदर्शनी और प्रस्तुतियों का अवलोकन कर उनके प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में बालिकाओं ने बताया कि कैसे पीयर लर्निंग, बाल संसद, मीना मंच जैसे कार्यक्रमों ने उनको न केवल अपनी बात रखने का अवसर दिया बल्कि उनको अपनी बात रखने का आत्मविश्वास दिया, समस्त अधिकारियों ने ये माना कि इसे कार्यक्रम समय-समय पर होते रहने चाहिए। यह कार्यक्रम बालिकाओं के आत्मविश्वास, नेतृत्व और सशक्तिकरण का प्रेरणादायक उदाहरण बना तथा यह संदेश देता है कि जब बेटियों को अवसर मिलता है, तो वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन की नई दिशा तय कर सकती हैं।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा ‘सुमन’**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मानपुर दत्तराम**
**विकास खंड-ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)।**

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/निविदा/2025-26 दिनांक: 13.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत मानपुर दत्तराम में मनरेगा योजनान्तर्गत मैन रोड से इकबाल के घर की ओर नाली+सीसी टाईल्स निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 29.03.2026 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प. /डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैन रोड से इकबाल के घर की ओर नाली+सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेत, ईंट, रोड़ी, ईंट, बजरफुट, सीसी टाईल्स आदि। | 713795/- | 14276 | 250/- | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें**:-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-मानपुर दत्तराम**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

## एक नजर

### भारत विकास परिषद शाखा सम्मान समारोह 15 मार्च को

कांठ (शाह टाइम्स) भारत विकास परिषद रूहेलखण्ड पश्चिम प्रान्त, उत्तर मध्य रीजन-1 के तत्वाधान में प्रान्तीय परिषद की बैठक एवं शाखा सम्मान समारोह 15 मार्च को मुरादाबाद में होगास भारत विकास परिषद कांठ शाखा के अध्यक्ष महेश चंद्र गुप्ता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल समारोह में प्रतिभाग करेगा स कार्यक्रम के मुख्य अतिथि : डा० नितिन दालभ, विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र अरोड़ा होंगे। निर्मल मेहता, अजय विश्नोई, जगन्नाथ चावला, कविता खुराना आदि मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम 15 मार्च को फ्लेवर रेस्टोरेंट, रामगंगा विहार, मुरादाबाद मैं होगा स परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष अजय कट्टा, नीरज मित्तल ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करके इसे सफल बनाने का आह्वान किया है।




## अलविदा जुम्मे को लेकर डीएम-एसपी ने संभल में किया पैदल गश्त

**चन्दौसी।** अलविदा जुम्मे की नमाज को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए शुक्रवार को जनपद सम्भल में प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेन्द्र पैंसिया तथा पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने कस्बा सम्भल में भारी पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की। पैदल गश्त के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों, चौराहों और मस्जिदों के आसपास की सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने क्षेत्र में मौजूद आमजन से संवाद स्थापित करते हुए आपसी भाईचारा, सौहार्द और शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि अलविदा जुम्मे की नमाज के दौरान सभी लोग मिल-जुलकर त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नमाज के दौरान यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित किया जाए और कानून-व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जाए। जनपद पुलिस और प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं, जिससे अलविदा जुम्मे की नमाज शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न हो सके।



## मारपीट में युवक घायल इलाज के लिए भेजा जिला अस्पताल

**कांठ( शाह टाइम्स )** थाना क्षेत्र के बेगमपुर निवासी गजरूप का कहना था कि 12 मार्च की सुबह 10:00 बजे उसका लड़का कोशिंदर मझरे में बाल कटा रहा था तभी मिश्रीपुर गांव के सुमित पुत्र आसाराम विकास पुत्र सुशील हाथों में लोहे की राङ व डंडा लेकर आए और उसके बेटे के साथ मारपीट करने लगे मारपीट में उसके पुत्र के सिर में कई जगह चोट आई शोर सुनकर उसका भाई गजराम मौके पर पहुंचा जिसे देखकर दोनों युवक गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। 112 डायल पर फोन किया तो पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सीएचसी कांठ में भर्ती कराया जहां से बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## एमएससी गणित प्रथम सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा 18 मार्च को

**चन्दौसी।** एस.एम. कॉलेज के गणित विभाग के प्रभारी प्रोफेसर डॉ. एन.के. शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि एमएससी गणित प्रथम सेमेस्टर की पावर प्रेजेंटेशन (पीपीटी) आधारित मौखिक परीक्षा 18 मार्च 2026 को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा महाविद्यालय के कक्ष संख्या 21 में दोपहर 01 बजे से शाम 04 बजे तक संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होने के लिए अपना प्रवेश पत्र, कॉलेज का परिचय पत्र तथा तैयार की गई पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) साथ लाना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय पर उपस्थित होकर विद्यार्थियों को अपनी प्रस्तुति देनी होगी। डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि यदि कोई परीक्षार्थी पावर प्रेजेंटेशन मौखिक परीक्षा में उपस्थित नहीं होता है तो इसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

## प्रदेश स्तरीय खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर छात्रों का सम्मान




**ठाकुरद्वारा।** विकासखंड ठाकुरद्वारा के कंपोजिट विद्यालय प्रतापपुर-गढूवाला के विद्यार्थियों द्वारा प्रदेश स्तरीय खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई ठाकुरद्वारा की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को मेडल, प्रशस्ति पत्र और फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस ने बताया कि अयोध्या में आयोजित बेसिक शिक्षा विभाग की 36वीं प्रदेश स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में मुरादाबाद मंडल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष राकेश सिंह ने भी बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना की। कार्यक्रम में ब्लॉक मंत्री त्रिवेंद्र कुमार, अवधेश कुमार, अरुण कुमार, खेल शिक्षक भीम सिंह, सोनिया चौहान, एआरपी मोनिका गहलौत, रूपा आर्या सहित अनेक शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन नरेश चंचल ने किया। इस अवसर पर पीयूष प्रशांत, निकेश कुमार चौहान, अतुल प्रताप सिंह, भूरे खां, तहसील प्रभारी अनुज चौहान, जितेंद्र सिंह, विशाल चौधरी, नितिन मोघा, सुब्हान असद, महमूद नासिर, सत्यप्रकाश सिंह, नरेंद्र कुमार, अशोक कुमार मंत्री, राकेश कुमार, अरविंद कुमार, मनोज यादव, आलोक वत्सल, राहुल कुमार, अशोक कुमार, विवेक आर्य, शमशेर सिंह, विजयपाल सिंह, मिथिलेश, विनीता चौधरी, प्रतिमा मिश्रा, शिल्पी अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

## राजपुर मिलक में गुलदार की दहशत ग्रामीणों ने पिंजरा लगवाने की मांग उठाई

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत राजपुर मिलक में गुलदार (तेंदुआ) देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। इस संबंध में ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी ठाकुरद्वारा को शिकायती पत्र देकर वन विभाग से गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगवाने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार 11 मार्च की रात करीब 10 बजे गांव के आसपास टाइगरध्गुलदार दिखाई दिया था, जिसके बाद इलाके में भय का वातावरण बन गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचने के लिए ग्राम पंचायत राजपुर मिलक में जल्द से जल्द पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ा जाए, ताकि क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों को राहत मिल सके। इस संबंध में ग्रामीण फरमान हुसैन, शहीद हुसैन, मलिक, अन्य ग्रामवासियों ने हस्ताक्षर कर प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

## संक्षिप्त खेला समाचार

### जुलाई में गोवा में होगा अल्टीमेट टेटे सीजन -7

**नई दिल्ली, वार्ता।** गोवा का सूरज, रेत और शानदार नजारा जल्द ही अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के लिए मंच तैयार करेगा, क्योंकि भारत की प्रमुख फेंचाइजी-आधारित टेबल टेनिस लीग अपने सातवें ऐतिहासिक सीजन के लिए इस तट पर आ रही है। शहर-आधारित फेंचाइजियां और दुनिया के कुछ बेहतरीन पैडलर गोवा के तटों पर उतरेंगे, और जुलाई 2026 से श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम को स्मैश, स्पिन और विश्व-स्तरीय मुक.ाबले के एक जीवंत अखाड़े में बदल देंगे। टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीटीएफआई) के तत्वावधान में घ्छ स्पोर्ट्स प्रा लिमि द्वारा आयोजित, अल्टीमेट टेबल टेनिस 2017 में अपनी शुरुआत के बाद से देश की सबसे प्रमुख खेल संपत्तियों में से एक बन गया है। सीजन 7 में भारत के सर्वश्रेष्ठ पैडलरों के साथ-साथ दुनिया की बेहतरीन प्रतिभाओं का एक और शानदार प्रदर्शन देखने को मिलेगा।

### मैं सिर्फ टाइमिंग पर ध्यान देती हूं, मेडल्स पर नहीं : प्रीति पाल

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रीति पाल, जो पैरालंपिक खेलों में ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स में दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट हैं, ने अपनी सफलता का राज बताया है। उनका कहना है कि वह सिर्फ अपनी टाइमिग बेहतर करने पर ध्यान देती हैं और मेडल जीतने के बारे में सोचकर खुद पर दबाव नहीं डालतीं। प्रीति ने 2024 पेरिस पैरालंपिक्स में दो ब्रॉन्ज मेडल जीते थे। एक महिलाओं की 100मी रेस में और दूसरा 200मी टी35 रेस इवेंट में। बुधवार को चल रहे वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में महिलाओं की 100मी टी35/टी37 रेस में गोल्ड मेडल जीतने के बाद यूनीवार्ता से बात करते हुए प्रीति ने कहा कि यह वह मुकाबला है जहां हर कोई अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की

# रोहित शर्मा इस समय सबसे फिट सबसे मजबूत खिलाड़ी : आकाश



● **कहा : तर्क के हिसाब से अगर आप फिट हैं, जो आपको पूरा मैच खेलना चाहिए, न कि सब्स्टियूट होना चाहिए**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि रोहित शर्मा इस समय सबसे फिट, सबसे तेज और शायद सबसे मजबूत खिलाड़ी हैं।

जियो स्टार के 'गेम प्लान -नो योर टीम' शो पर बोलते हुए, जियो स्टार के एक्सपर्ट आकाश चोपड़ा ने कहा कि तर्क के हिसाब से, अगर आप फिट हैं, तो आपको पूरा मैच खेलना चाहिए, न कि सब्स्टिट्यूट होना चाहिए। खासकर तब, जब आप दूसरी पारी में बैटिंग कर रहे हों, आपको 'इम्पैक्ट प्लेयर' के तौर पर मैदान पर नहीं उतरना चाहिए। एक ओप.नर को डगआउट में बैठकर 20 ओवर का मैच देखने की आदत नहीं होती। ओपनिंग बैट्समैन मैदान पर रहने, उसी हिंसाब से तैयारी करने और फिर तुरंत एक्शन में आने के आदी होते हैं। रोहित शर्मा इस समय सबसे फिट, सबसे तेज और शायद सबसे मजबूत खिलाड़ी हैं।

इसलिए उन्हें पूरे 40 ओवर मैदान पर रहना चाहिए। असल में, इसी तरह मुंबई इंडियंस रोहित शर्मा का पूरा फायदा उठा पाएगी। पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने एमआई के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा से गुजारिश की कि उन्हें 'इम्पैक्ट प्लेयर' के तौर पर सब्स्टिट्यूट न किया जाए। उन्होंने कहा कि रोहित शर्मा का इस्तेमाल 12वें खिलाड़ी के तौर पर किया गया है, जो सिर्फ बैटिंग करता है। लेकिन मुझे लगता है कि जिस तरह के लीडर वह रहे हैं, उनके जैसा खिलाड़ी मैदान पर होना चाहिए। मुश्किल मैचों में, जब आपको कुछ अहम फैसले लेने होते हैं।

# सुमित अंतिल ने जीता स्वर्ण पदक



● **कहा : कि वह 75 मी. आंकड़ा पार करने की दिशा में काम कर रहे हैं, यह दूरी किसी एथलीट ने पार नही की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता सुमित अंतिल ने कहा है कि वह 75 मीटर का आंकड़ा पार करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

यह एक ऐसी दूरी है जिसे उनकी श्रेणी के किसी भी एथलीट ने अब तक हासिल नहीं किया है। बुधवार को चल रहे वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में पुरुषों की जैवलिन थ्रो स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के बाद यूनीवार्ता से बात करते हुए, इस पैरा जैवलिन थ्रोअर ने इस मील के पत्थर को पार करने का अपना दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मैं अभी तक अभ्यास में भी 75 मीटर तक नहीं पहुंच पाया हूं। लेकिन हम धीरे-धीरे अपनी तकनीक और ताकत को बेहतर बनाने पर काम कर रहे हैं।

देखते हैं आगे क्या होता है। टोक्यो पैरालंपिक चैंपियन ने 69-25 मीटर का विजई थ्रो किया, जिससे पोडियम पर पूरी तरह से भारतीयों का ही दबदबा रहा। पुष्पेंद्र सिंह ने 56-91 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता, जबकि पूनम राम ने 49-48 मीटर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। अंतिल ने स्वीकार किया कि उनका यह थ्रो उनकी उम्मीदों से कहीं बेहतर था, क्योंकि उन्हें प्रतियोगिता के दौरान थोड़ा कम स्कोर रहने की उम्मीद थी। उन्होंने कहा कि इस बार हमारे कई टूर्नामेंट कतार में हैं। यह मेरे लिए ऑफ-सीजन का 'लोडिंग फेज' (तैयारी का चरण) है। मुझे इतने अच्छे थ्रो की उम्मीद नहीं थी, मुझे लगभग 67-68 मीटर के आसपास रहने की उम्मीद थी, लेकिन आज 69-25 मीटर का थ्रो काफी अच्छा रहा। इसलिए मैं खुश हूं, और मेरी टीम भी खुश है। वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 11 से 13 मार्च तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें आठ देशों के एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। सोनीपत के रहने वाले इस खिलाड़ी ने बताया कि कैसे शांत रहने की क्षमता उन्हें प्रतियोगिता के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि मुझे प्रतियोगिताओं का काफी अनुभव है। मुझे पता होता है कि मुझे कब पदक मिलेगा और कब नहीं। मैं बस शांत रहना चाहता था। मैं अपनी ऊर्जा को जितना हो सके बचाकर रखना चाहता था, ताकि थ्रो करते समय उस ऊर्जा का पूरा इस्तेमाल कर सकूं। अंतिल ने कहा कि हालांकि वह 75 मीटर का आंकड़ा पार करने का लक्ष्य बना रहे हैं, फिर भी वह अपनी तकनीक में कोई बड़ा बदलाव नहीं कर रहे हैं। उन्हें लगता है कि उनका प्रशिक्षण कार्यक्रम (ट्रेनिंग प्रोग्राम) बिल्कुल सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। सुमित अंतिल भारत के सबसे ज्यादा मेडल जीतने वाले पैरा एथलीटों में से एक हैं। उन्होंने 2020 और 2024 के पैरालंपिक खेलों में पुरुषों की जैवलिन थ्रो स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता था।

# डुप्लांटिस ने 3.31 मी. के साथ अपना 15वां पोल वॉल्ट विश्व रिकॉर्ड बनाया

● **पोल वॉल्ट ने 6.31 मी. की ऊंचाई पार करके जीत हासिल की**

**स्टॉकहोम, वार्ता।** स्वीडन के आर्मंड डुप्लांटिस ने अपने ही पोल वॉल्ट विश्व रिकॉर्ड में एक और सेंटीमीटर जोड़ते हुए, गुरुवार को उप्साला में आयोजित 'मोंडो क्लासिक' (जो कि वर्ल्ड एथलेटिक्स इंडोर टूर सिल्वर मीटिग का हिस्सा है) में 6.31 मीटर की ऊंचाई पार करके जीत हासिल की।

26 वर्षीय मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन ने 5.65 मीटर की ऊंचाई से शुरुआत की, और फिर 5.90 मीटर और 6.08 मीटर की ऊंचाई भी अपने पहले ही प्रयास में पार करके जीत पक्की कर ली। इसके बाद उन्होंने बार (बाधा) को 6.31 मीटर तक ऊपर उठाया और उसे भी पहले ही प्रयास में पार कर लिया। नॉर्वे के सोंड्रे गुटोरमसेन 6-00 मीटर की ऊंचाई के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि अमेरिकी खिलाड़ी जैचरी ब्रैडफोर्ड 5.90 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। डुप्लांटिस ने कहा कि अगर आप मुझसे मुक.ाबला करने के लिए स्वीडन आते हैं, तो मुझे हराना और भी मुश्किल होगा। उन्होंने आगे कहा कि इस समय मेरे मन में कई तरह की भावनाएं उमड़ रही हैं। मुझ पर थोड़ा अतिरिक्त दबाव भी था, क्योंकि मैं कुछ अलग ही अंदाज में प्रदर्शन करना चाहता था।

# पंत ने युवराज के साथ की ट्रेनिंग



● **दोनों ने ब्रेबॉर्न स्टेडियम में लगभग चार दिन बिताए इस दौरान उन्होंने दिन और रात, दोनों समय बैटिंग सेशन किए**

**मुंबई, वार्ता।** ऋषभ पंत ने पिछले हफ्ते मुंबई में युवराज सिंह के साथ ट्रेनिंग की। यह उनकी आईपीएल 2026 की तैयारियों का हिस्सा था। दोनों ने ब्रेबॉर्न स्टेडियम में लगभग चार दिन बिताए। इस दौरान उन्होंने दिन और रात, दोनों समय बैटिंग सेशन किए और व्हाइट-बॉल क्रिकेट के अलग-अलग तरह के शॉट्स पर अभ्यास किया।

28 साल के पंत का पिछला सीजन कुछ खास नहीं रहा था। इसलिए, इस बार वे अपने प्रदर्शन से सबको प्रभावित करने के लिए बेताब हैं। उनके करीबी एक सूत्र ने बताया कि युवराज के साथ उनके निजी संबंध काफी अच्छे हैं। दोनों ने कुछ दिनों तक साथ मिलकर ट्रेनिंग करने की संभावना पर चर्चा की थी। पिछले हफ्ते यह योजना साकार हो गई।

भारतीय क्रिकेट के व्हाइट-बॉल फॉर्मेट के दिग्गज खिलाड़ी युवराज सिंह ने अब एक मेंटर (मार्गदर्शक) के तौर पर भी अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल और प्रभसिमरन सिंह जैसे कई खिलाड़ियों के साथ काम किया है। खासकर अभिषेक शर्मा, जो अब दुनिया के सबसे खतरनाक टी-20 बल्लेबाजों में से एक बन गए हैं। उनकी इस सफलता में युवराज सिंह की अहम भूमिका मानी जाती है। युवराज सिंह के साथ ट्रेनिंग करने से पंत के व्हाइट-बॉल करियर को भी नई जान मिल सकती है। अगस्त 2024 के बाद से उन्होंने भारत के लिए व्हाइट-बॉल फॉर्मेट के किसी भी मैच में हिस्सा नहीं लिया है। युवराज सिंह के साथ ट्रेनिंग पूरी करने के बाद पंत चेन्नई रवाना हो गए। चेन्नई में लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम 'कोचिग बियॉन्ड' मैदान पर अपना तैयारी शिविर (कैंप) लगा रही है। इस शिविर की देखरेख बॉलिग कोच भरत अरुण और बैटिंग कोच लांस क्लूजनर कर रहे हैं।

# लक्ष्मी ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में शॉट पुट में जीता सोना

● **लक्ष्मी ने अपनी उपलब्धि का श्रेय सालों की कड़ी मेहनत व लगातार ट्रेनिंग को दिया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** क्लासरूम से लेकर थ्रोइंग सर्कल तक, एक टीचर लक्ष्मी ने एक यादगार पल रचा, जब उन्होंने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में महिलाओं के शॉट पुट एफ36/एफ37/एफ40 इवेंट में गोल्ड मेडल जीता।

उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय सालों की कड़ी मेहनत और लगातार ट्रेनिंग को दिया। जीत के बाद 'यूनीवार्ता' से बात करते हुए लक्ष्मी ने कहा कि यह मेडल लंबे समय के समर्पण और रोजाना के अभ्यास का नतीजा है। उन्होंने कहा कि मैं अब बहुत खुश हूं कि मैं शॉट पुट में गोल्ड मेडलिस्ट बन गई हूं। मैं और मेडल जीतने के लिए कड़ी मेहनत और अभ्यास करती रहूंगी। लक्ष्मी ने 7.76 मीटर के थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल किया, जबकि भारत की अकुताई सीताराम उल्भगत 5.49 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। भूटान की चिमी डेमा ने 5.27 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। एथलेटिक्स में अपनी यात्रा के बारे में बताते हुए लक्ष्मी ने कहा कि यह प्रगति सालों से लगातार प्रयासों और प्रदर्शन में सुधार के जरिए धीरे-धीरे हुई है। उन्होंने कहा कि अभ्यास में हमेशा चुनौतियां आती हैं, लेकिन हर साल सुधार होता है। पहले मेरे थ्रो लगभग छह मीटर के होते थे, और अब मैंने सात मीटर का आंकड़ा पार कर लिया है।

# एआईएफएफ के पूर्व महासचिव का निधन



● **ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने अपने पूर्व महासचिव कुशल दान के निधन पर शोक व्यक्त किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) ने अपने पूर्व महासचिव कुशल दास के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। दास ने 2010 से 2022 तक एआईएफएफ के महासचिव के रूप में सेवा दी थी। उनका निधन शुक्रवार, को 66 वर्ष की आयु में हुआ। उनके परिवार में पत्नी और दो पुत्र हैं।

पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट कुशल दास भारतीय फुटबॉल में खेल प्रबंधन और प्रशासन का व्यापक अनुभव लेकर आए थे। अपने पेशेवर जीवन की शुरुआत में उन्होंने पीडब्ल्यूसी, और शेल जैसी अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के साथ काम किया।

1996 में जब वैश्विक खेल विपणन और टेलीविजन प्रोडक्शन कंपनी आईएमजी भारतीय बाजार में आई, तब वे उसके मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) के रूप में जुड़े। बाद में उन्होंने दुबई में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में भी कार्य किया, जिससे अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रशासन में उनकी पहचान और मजबूत हुई।

नवम्बर 2010 में उन्होंने ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के महासचिव का पद संभाला, जिसे उन्होंने एक दशक से अधिक समय तक निभाया। अपने कार्यकाल के दौरान दास ने कई महत्वपूर्ण आयोजनों और संरचनात्मक बदलावों की देखरेख की, जिनसे भारत में फुटबॉल की पहचान को नई ऊंचाई मिली। उनके नेतृत्व में भारत ने 2017 फीफा अंडर-17 विश्व कप की सफल मेजबानी की। महिला फुटबॉल में भी इस दौरान महत्वपूर्ण प्रगति हुई और 2017 में इंडियन विमेंस लीग की शुरुआत की गई।

उनके कार्यकाल के अंतिम चरण में भारत ने 2022 एएफसी महिला एशियन कप जैसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों की सफल मेजबानी भी की। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा कि कुशल दास ने एआईएफएफ के महासचिव के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान भारतीय फुटबॉल के प्रशासन और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारतीय फुटबॉल के लिए उनके प्रयास हमेशा याद किए जाएंगे। भारतीय फुटबॉल समुदाय की ओर से मैं उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति इस कठिन समय में अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे।

# राजस्थान रॉयल्स का कैंप जयपुर में 17 मार्च से शुरु

**जयपुर।** आरआर ने घोषणा की है कि उनका पहला प्री-सीजन ट्रेनिंग कैंप 17 मार्च से जयपुर में शुरू होगा। रॉयल्स की टीम 'पिक सिटी' में इकठा होगी और सवाई मानसिंह स्टेडियम में ट्रेनिंग, फटिनेस और नेट्स सेशन के साथ कैंप की शुरुआत करेगी। रॉयल्स ने यह जानकारी देते हुए कहा कि हेड कोच और क्रिकेट डायरेक्टर कुमार संगकारा के मार्गदर्शन में, इस कैंप का फोकस टीम बॉन्डिग को मजबूत करने, जोरदार ट्रेनिंग और प्लानिग के साथ-साथ स्ट्रेंथ और ट्रेनिंग सेशन पर रहेगा। इससे पहले, रवि बिश्नोई, वैभव, संदीप शर्मा और हाल ही में रविंद्र जडेजा सहित खिलाड़ियों के एक छोटे ग्रुप ने नागपुर में फ्रेंचाइजी के 'हाई परफॉर्मेंस सेंटर' में एक छोटे कैंप और फटिनेस असेसमेंट सेशन में हिस्सा लिया था। रॉयल्स इस सीजन का अपना पहला मैच 30 मार्च को सीएसके से खेलेंगे।

# अल्काराज लगातार 5वीं बार सेमीफाइनल में



● **कार्लोस अल्काराज ने कैमरन नॉरी के खिलाफ 6-3, 6-4 से जीत हासिल की**

**इंडियन वेल्स, वार्ता।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने अपनी जीत का सिलसिला 16 मैचों तक बढ़ाया और गुरुवार को बीएनपी परीबा ओपन में लगातार पांचवें इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में पहुंचे। टॉप सीड खिलाड़ी ने कैमरन नॉरी के खिलाफ 6-3, 6-4 से जीत हासिल की, जिससे उन्होंने ब्रिटेन के खिलाड़ी से बदला ले लिया, जिसने उन्हें पिछले नवम्बर में पेरिस में हराया था। अल्काराज ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में नॉरी के बारे में कहा कि मुझे उनके स्टाइल से बहुत दिक्कत होती है। हर बार जब मैं उनके खिलाफ खेलता हूं तो यह मेरे लिए हमेशा बहुत मुश्किल होता है। उनके स्टाइल, उनके (हैवी) टॉपस्पिन फोरहैंड, सुपर हाई के साथ यह थोड़ा कन्फ्यूजिग है। और फिर बैकहैंड, बहुत फ्लैट और बहुत लो। कभी-कभी उनके खिलाफ खेलना मुश्किल होता है। मुझे सही शॉट मिल रहा है। मैंने अच्छा खेला। मैंने सॉलिड खेला। जब भी हो सका, मैंने एग्रेसिव खेला। मैं इस लेवल पर खेलकर खुश हूं। अल्काराज और नॉरी ने पूरे मैच में मोमेंटम बदला, लेकिन स्पेन के खिलाड़ी ने ज्यादातर अपना पलड़ा भारी रखा। पहला सेट आखिरी चार गेम में तीन बार सर्व ब्रेक के साथ खत्म हुआ। इसके बाद नॉरी ने दूसरे सेट में 2-0 की बढ़त बना ली, जिसके बाद अल्काराज ने लगातार चार गेम जीतकर जवाब दिया। 22 साल के खिलाड़ी ने 10 ब्रेक के मौके बनाए, जिनमें से चार को भुनाया। तेज बेसलाइन हिटिग, हल्के ड्रॉप शॉट और शानदार नेट प्ले का मिक्स दिखाते हुए, दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी ने एक घंटे 33 मिनट में जीत हासिल की। अल्काराज ने कहा कि टेनिस लगभग आधे सेकंड में सही शॉट चुनने के बारे में है,ष जिन्होंने 19 फोरहैंड विनर के साथ गेम खत्म किया। कभी-कभी मैं शॉट मिस कर देता हूं क्योंकि मैंने सही वाला नहीं चुना होता। मेरे दिमाग में, मेरे पास सात, पांच ऑप्शन होते हैं, कभी-कभी मेरे लिए सही वाला चुनना मुश्किल होता है। अपनी जीत के साथ, अल्काराज लगातार पांच इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में पहुंचने वाले तीसरे व्यक्ति बन गए, उनके हमवतन राफेल नडाल (2006-13) और विरोधी नोवाक जोकोविच (2011-16) ही उनसे आगे हैं। अल्काराज हेड2हेड सीरीज में नॉरी से 6-3 से आगे हैं। 26 बार के टूर-लेवल टाइटलिस्ट सेमीफाइनल में दानिल मेदवेदेव के खिलाफ अपने 6-2 के रिकॉर्ड को बेहतर करना चाहेंगे। अल्काराज ने मेदवेदेव के साथ अपने पिछले चार मुकाबले जीते हैं। अल्काराज ने 2023 और 2024 में इंडियन वेल्स का खिताब जीता, दोनों फाइनल में मेदवेदेव को हराया।

# रोंची और ओरम पीएसएल में कोचिग देंगे

**वेलिंग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड की पुरुष टीम के असिस्टेंट कोच, ल्यूक रोंची और जैकब ओरम, आने वाले पीएसएल 2026 में इस्लामाबाद यूनाइटेड के कोच के तौर पर काम करेंगे। भले ही यह मार्च में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ न्यूजीलैंड की घरेलू टी20 सीरीज और अप्रैल में बांग्लादेश के लिमिटेड-ओवर्स दौरे से टकरा रहा हो। जहां रोंची न्यूजीलैंड के बैटिंग कोच हैं, वहीं ओरम टीम के बॉलिग कोच हैं। जनवरी में, रोंची-जिन्होंने 2017-18 में टूर्नामेंट में डेब्यू करने के बाद इस्लामाबाद यूनाइटेड के लिए तीन सीजन खेले थे-को टीम का हेड कोच बनाया गया था। ओरम, रोंची के असिस्टेंट में से एक के तौर पर टीम से जुड़ेंगे। न्यूजीलैंड के परफॉर्मेंस मैनेजर माइक सैंडल ने कहा कि यह ल्यूक और जेक के लिए अपने कोचिग अनुभव को और बढ़ाने और न्यूजीलैंड क्रिकेट के माहौल से बाहर अपने कौशल को निखारने का एक शानदार मौका है। ष्ठीक हमारे खिलाड़ियों की तरह, हमारे कोचों की भी दुनिया भर में काफी मांग है। हमारा मानना है कि ल्यूक और जेक को पीएसएल में बिताए समय से न

# हंड्रेड की नीलामी में सनराइजर्स लीड्स ने अबरार अहमद को खरीदा



**लंदन, वार्ता।** लंदन में आयोजित पुरुष हंड्रेड की नीलामी में सनराइजर्स लीड्स ने पाकिस्तान के मिस्ट्री स्पिनर अबरार अहमद को 1 लाख 90 हजार पाउंड (दो लाख 55 हजार अमेरिकी डॉलर) में खरीद लिया। अबरार इस टूर्नामेंट में भारतीय स्वामित्व वाली टीम द्वारा खरीदे जाने वाले पहले पाकिस्तानी खिलाड़ी बने।

भारतीय मीडिया समूह सन टीवी ने पिछले साल नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के नाम से जानी जाने वाली फेंचाइजी का पूर्ण अधिग्रहण कर लिया था, जिसमें उन्होंने ईसीबी से 49 फीसदी हिस्सेदारी और शेष 51 फीसदी हिस्सेदारी यॉर्कशायर से लगभग 100 मिलियन पाउंड में खरीदी थी। इसके अलावा तीन अन्य हंड्रेड टीमों की भी हिस्सेदारी उन निवेशकों को बेची गई थी जो कि आईपीएल फ्रेंचाइजी के मालिक हैं। सनराइजर्स जिनकी सहयोगी फेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद और एसए20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने किसी भी सक्रिय पाकिस्तानी खिलाड़ी को अपने साथ नहीं जोड़ा था, लंच से ठीक पहले अबरार के लिए ट्रेंट रॉकेट्स के खिलाफ नीलामी जीत ली। उस्मान तारिक के बाद अबरार गुरुवार सुबह नीलामी में खरीदे गए दूसरे पाकिस्तानी खिलाड़ी थे। तारिक को बर्मिंघम फीनिक्स ने 1 लाख 40 हजार पाउंड में खरीदा। कई पाकिस्तानी खिलाड़ी पहले भी आईपीएल के स्वामित्व या आंशिक स्वामित्व वाली वैश्विक टी20 टीमों के लिए खेल चुके हैं लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से चल रहे भू-राजनीतिक तनाव के चलते 2008 के बाद से कोई भी सक्रिय पाकिस्तानी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी आईपीएल में नहीं खेला है।

# सिनर ने टीएन को हराया, सेमीफाइनल में ज्वेरेव से भिड़ेंगे

● **जैनिक सिनर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टिएन के खिलाफ 6-1, 6-2 से जीत हासिल की**

**इंडियन वेल्स, वार्ता।** जैनिक सिनर ने गुरुवार को बीएनपी परीबा ओपन में लर्नर टीएन को जोरदार अंदाज में हराने के लिए अपने स्पीड स्केट्स पहने। एटीपी रैंकिग में नंबर 2 खिलाड़ी ने फर्स्ट-स्ट्राइक टेनिस से भरपूर शानदार प्रदर्शन करते हुए मौजूदा नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स चैंपियन टिएन के खिलाफ 6-1, 6-2 से जीत हासिल की। सिनर, जिन्होंने चौथे राउंड में जोआओ फोंसेका को दो टाई-ब्रेक सेट में हराया था, एक और मुकाबले में नहीं फंसने के लिए पक्के इरादे वाले दिखे और उनका आक्रामक रवैया उनके 20 साल के विरोधी के लिए बहुत मुश्किल साबित हुआ।

पिछले अक्टूबर में बीजिग फाइनल में भी टिएन को सीधे सेटों में हराने वाले सिनर ने कहा कि मुझे लगता है कि मैचअप का अनुभव आपकी थोड़ी मदद करता है। दूसरी तरफ, हमने खुद को सबसे अच्छे तरीके से तैयार करने की कोशिश की। वह बहुत टैलेंटेड खिलाड़ी है। वह यहां कई बार आएगा, लेकिन मैं खुश हूं कि मैंने कैसे रिएक्ट किया। मुझे लगता है कि वह बहुत आक्रामक था, खासकर शुरुआत में, इसलिए मैंने खुद को रोकने की कोशिश की। बेशक यह मेरे लिए एक जरूरी मैच था। सिनर के खिलाफ टिएन की कोशिश तब शुरू में ही कमजोर पड़ गई जब अमेरिकी लेफ्टी ने दूसरे गेम में डबल फॉल्ट करके सिनर को ब्रेक दे दिया। सिनर ने इसके बाद मुश्किल से पीछे मुड़कर देखा और 66 मिनट में अपनी जीत पक्की कर ली, उन्होंने अपने कमाए पांच में से चार ब्रेक पॉइंट को कन्वर्ट किया। 24 साल के इटैलियन खिलाड़ी अपने पहले बीएनपी परीबा ओपन चैंपियनशिप मैच में जगह बनाने के लिए चौथी सीड वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव से भिड़ेंगे।

बेन शेल्टन और एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना के खिलाफ लगातार तीन सेट जीतकर अपने पहले एटीपी मास्टर्स 1000 क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने के बाद, गुरुवार के मुकाबले के दूसरे सेट में टिएन फिजिकली स्ट्रगल करते दिखे। अमेरिकन खिलाड़ी सिनर के ग्राउंडस्ट्रोक्स की लगातार ताकत और सटीकता का मुकाबला नहीं कर पाए, और इटैलियन खिलाड़ी लगातार नौवें मास्टर्स 1000 मैच जीतने के अपने रास्ते पर शायद ही कभी परेशान दिखे। जब सिनर से पूछा गया कि इंडियन वेल्स में गर्म हालात का उन्होंने इतने अच्छे से सामना कैसे किया, तो उन्होंने कहा कि हम यहां बहुत जल्दी आ गए थे। टूर्नामेंट से एक हफ्ते पहले बहुत गर्मी थी, इसलिए हमने शरीर को इसकी आदत डालने के लिए लंबे ट्रेनिंग सेशन किए। आज मुझे कोर्ट पर बहुत अच्छा लगा। यह निश्चित रूप से एक ऐसा एरिया है जहां मैं ऑस्ट्रेलिया में हुई दिक्कतों को देखते हुए सुधार करने की कोशिश कर रहा हूं। मेरा मानना है कि ए पॉजिटिव चीजें हैं, छोटे डिपार्टमेंट जहां हमें सुधार करना है। मैं खुश हूं



कि हमने मैचों के लिए कैसे तैयारी की है और बेशक अगला मैच मुश्किल होने वाला है। 'टेनिस पैराडाइज' में आखिरी चार में सिनर का मुकाबला चौथी सीड ज्वेरेव से होगा, जिन्होंने पहले आर्थर फिल्स को 6-2, 6-3 से आसानी से हराया था। 28 साल के जेवरेव, जो 30वीं सीड फिल्स को हराकर सभी नौ मास्टर्स 1000 इवेंट्स में सेमीफाइनल में पहुंचने वाले सिर्फ पांचवें खिलाड़ी बने, शनिवार के सेमीफाइनल में सिनर के खलिाफ लगातार पांच मैच हारने का सिलसिला तोड़ने की कोशिश करेंगे।

# सर्किट हाउस में हुआ जनसुनवाई का आयोजन, महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन ने सुनीं शिकायतें

**मुरादाबाद।** महिलाओं से जुड़े उत्पीड़न और पारिवारिक विवादों के मामलों के त्वरित समाधान के उद्देश्य से दिल्ली रोड स्थित सर्किट हाउस में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन ने पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं ने घरेलू हिंसा, पारिवा. रिक विवाद और उत्पीड़न से जुड़े मामलों को आयोग के समक्ष रखा। आयोग की सदस्य संगीता जैन ने प्रत्येक मामले को विस्तार से सुना और अधिकारियों से मामले की वस्तुस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय या उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान महिलाओं से जुड़े विभिन्न मामलों में कुल तीन शिकायतें प्राप्त हुईं। आयोग की सदस्य ने संबंधित




विभागों और पुलिस अधिकारियों को इन शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि महिलाओं को न्याय दिलाना सरकार और प्रशासन की प्राथमिकता है। संगीता जैन ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि महिलाओं से जुड़े मामलों में संवे. दनशीलता के साथ काम किया जाए और पीड़ितों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी महिला को न्याय पाने में कठिनाई होती है तो वह सीधे महिला आयोग से संपर्क कर सकती है।इस दौरान प्रशासनिक और पुलिस विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने आयोग को आश्वस्त किया कि सभी मामलों की जांच कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जनसुनवाई के माध्यम से पीड़ित महिलाओं को अपनी बात रखने और त्वरित समाधान पाने का अवसर मिला।

# नवरात्रि संपन्न कराने के लिए पांच अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी
## सफाई और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

**कांठ (शाह टाइम्स)** नवरात्रि 19 मार्च को शुरू होने वाले हैं और यह 26 मार्च को रामनवमी के साथ ही संपन्न होंगे। नवरात्रों को संपन्न कराने की जिम्मेदारी एसडीएम ने तहसीलदार नायब तहसीलदार कांठ नायव तहसीलदार छजलैट सहायक विकास अधिकारी पंचायत और खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपी है जारी निर्देश में उन्होंने कहा कि इस पर्व पर मंदिर घरों में हिंदुओं द्वारा देवी पूजन एवं पाठ आदि के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं मंदिरों में अधिकतम महिलाएं पूजा अर्चना करने जाती हैं इस दौरान उनके मार्ग में छेड़छाड़ व अन्य अपराध की संभावना होती है नवरात्रि के दौरान विगत वर्षों की भांति जुलूस शोभायात्रा मेले आदि का आयोजन भी होता है। दोपहर से देर रात तक जुलूस शोभा यात्रा आदि निकाली जाती रही है इनको संपन्न कराने के दौरान अत्यधिक सतर्कता व पुलिस व्यवस्था आवश्यक होती है।

ताकि किसी व्यक्ति के द्वारा छोटी घटना को लेकर लोगों की भावनाओं को भड़काकर कानून व्यवस्था तथा आपसी सांप्रदायिक सौहार्द को प्रभावित न कर सके। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करते हुए नजर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ-साथ अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कांठ उमरी कला एवं खंड विकास अधिकारी को भी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में पडने वाले मंदिरों को जाने वाले मार्गों की मरम्मत सफाई व्यवस्था एवं प्रकाश व्यवस्था हेतु निर्देशित किया है। बिधुत उपखंड अधिकारी कांठ और अगवानपुर को भी ग्रामीण क्षेत्र में पड़ने वाले मंदिरों को जाने वाले मार्गों पर समुचित प्रकाश व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया है। इसके अलावा प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ उमरी कला छजलैट को भी निर्देश दिए हैं की आकस्मिक दुर्घटना के समय सहायता करने के लिए 19 मार्च से 26 मार्च के लिए संबंधित मार्गो पर एंबुलेंस व चिकित्सा टीम लगाई जानी चाहिए उन्होंने एंबुलेंस का नंबर चिकित्सा टीम के प्रभारी व चालक का नाम और मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराने के लिए कहा है उन्होंने निर्देशित किया की शोभा यात्रा आदि मार्गो में यदि कोई विवाद है या कोई परेशानी है तो उसका समय रहते निस्तारण कराए1 और स्थल का नजरी नक्शा बनाकर उप जिलाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करें।

# दूध का कारोबार करने के लिए लेना होगा लाइसेंस अन्यथा होगी कार्रवाई

कांठ (शाह टाइम्स)देश भर में दूध और डेरी उत्पादों में बढ़ती मिलावट की खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण शिकायतों को देखते हुए भारतीय (एफएसएआइ) ने दूध उत्पादन और उसकी बिक्री के लिए लाइसेंस अनिवार्य कर दिया है। अब कोई भी व्यक्ति या संस्था बिना उचित पंजीकरण या लाइसेंस के दूध का कारोबार नहीं कर सकेगी। डेरी सहकारी समितियों के सदस्यों को लाइसेंस नहीं लेना होगा यानी जो किसान या पशुपालक किसी रजिस्टर्ड सहकारी समिति से जुड़े हैं और उन्हें दूध देते हैं, उन्हें व्यक्तिगत रूप से अलग लाइसेंस लेने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके लिए एफएसएआइ ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्य खाद्य आयुक्तों को एडवाइजरी जारी की है। नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की चेता. वनी भी दी गई है। एफएसएआइ ने बताया कि कुछ दूध उत्पादक और दूध विक्रेता खुद को पंजीकृत किए बिना या लाइसेंस लिए बिना कारोबार कर रहे हैं। इसके लिए राज्य के खाद्य आयुक्तों से कहा गया है कि पंजीकरण-लाइसेंसिंग की जरूरतों का सख्ती से पालन किया जाए। नियमों का उल्लंघन करने के मामलों में कार्रवाई हो सकती है।

# टीएमयू में दीक्षांत समारोह आज, अभिनंदन को सजा भव्य पंडाल

## डीएम अनुज सिंह, एसएसपी सतपाल अंतिल के संग कुलाधिपति सुरेश जैन ने लिया दीक्षांत समारोह- 2026 की तैयारियों का जायजा
## एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, ग्रुप वाइस चेयरमैन मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन की भी रही मौजूदगी

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के 14 मार्च को होने वाले दीक्षांत समारोह-2026 की तैयारियां मुकम्मल हो गई हैं। मेहमनों के अभिनंदन के लिए भव्य पंडाल सजकर तैयार है। मुरादाबाद के आला अफसरों- डीएम श्री अनुज सिंह, एसएसपी श्री सतपाल अंतिल के संग कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने दीक्षांत समारोह- 2026 की तैयारियों का आज शाम जायजा लिया। इस मौके पर एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, ग्रुप वाइस चेयरमैन श्री मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन की भी मौजूदगी रही। इन अफसरों ने आला प्रबंधन से मेहमानों के आगमन से लेकर प्रस्थान तक के बंदोबस्त को समझा। उल्लेखनीय है, दीक्षांत समारोह में स्वास्थ्य एवम् परिवार कल्याण और रसायन एवम् उर्वरक मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री श्री जेपी नड्डा बतौर मुख्य अतिथि आ रहे हैं।



श्री नड्डा के अलावा यूपी के उप मुख्यमंत्री एवम् चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण मंत्री श्री ब्रज. ेश पाठक, यूपी के वित्त मंत्री श्री सुरेश खन्ना, निवर्तमान प्रदेशाध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह भी दीक्षांत समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। ये मेहमान 36 रिसर्च स्कॉलर्स को पीएचडी के अलावा 108 गोल्ड, 105 रजत और 98 ब्रांज मेडल्स देकर स्टुडेंट्स को सम्मानित करेंगे। समारोह में कुल 6,041 स्टुडेंट्स डिग्री से अलंकृत किए जाएंगे।ये अतिथि पूर्वाह्न 10:30 बजे कैंपस पहुंचेंगे और करीब तीन घंटे रूककर समारोह में स्टुडेंट्स को डिग्री और मेडल्स वितरण के संग अपना मंगल आशीर्वाद देंगे। अतिथियों के स्वागत के लिए कैंपस में चौतरफा होर्डिंग्स सज गए हैं। यूनिवर्सिटी में जगह-जगह पंडालों के माध्यम से स्टुडेंट्स नृत्य और लोकगीतों के जरिए विभिन्न राज्यों की संस्कृति प्रस्तुत करेंगे।

## एक नजर



### वाहन से टकराकर बेसहारा गाय की मौत, कराया अंतिम संस्कार

**कांठ ( शाह टाइम्स )** वाहन से टकराकर बेसहारा गाय की मौत हो गई सूचना मिलने पर गौ सेवक मोके पर पहुंचे और गाय का अंतिम संस्कार कर दिया गौ सेवा गतिविधि के जिला संयोजक विकास शर्मा ने बताया कि उन्हें गढी में धर्म कांटे के पास रात 9:00 बजे एक बेसहारा गाय के मरे पड़े रहने की सूचना मिली थी।

इसकी जानकारी मिलते ही उन्होंने डॉक्टर आदित्य गोयल को इसकी सूचना दी और अधिकारियो को भी अवगत कराया पशुपालन विभाग के चिकित्सक मौके पर पहुंचे बताया गया कि गाय रात्रि 9:00 बजे किसी गाड़ी से टकराकर घायल हुई थी उसके बाद इसकी कोई सूचना नहीं दी गई और रात्रि में दूसरी गाड़ी से टक्कर लगने के बाद इसकी मौत हो गई बाद में जेसीबी मंगा कर गाय का अंतिम संस्कार कराया गया।

### अलविदा जुमे को दुआओं के लिए उठे हजारों हाथ



**कांठ( शाह टाइम्स )** अलविदा जुमे पर आज क्षेत्र की मस्जिदों में नमाज अदा की गई और दुआओं के लिए हजारों हाथ उठे आज रमजान के महीने का आखिरी जुम्मा था जिस पर मस्जिदों में बड़ी संख्या में हर बार की तरह ही नमाजी पहुंचे और शांतिपूर्ण वातावरण में नमाज अदा की इसके बाद उन्होंने देश और समाज की तरक्की के लिए दुआ की अलविदा जुम्मे को लेकर एक दूसरे को बधाई भी दी गई। पुलिस ने जगह-जगह तैनात रहकर नमाज शांतिपूर्वक संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाई हालांकि लोगों का यह भी मानना था कि यदि ईद अगले शनिवार को होती है तो अलविदा जुम्मा अगले सप्ताह का माना जाएगा कुल मिलाकर आज सभी ने अलविदा जुम्मा मानकर ही नमाज अदा की और एक दूसरे को बधाई दी।

### नौ साल के बच्चों ने रोजा रख कर अदा की नमाज

**कांठ( शाह टाइम्स )** आस्था का संचार किसके अंदर कब हो जाए यह किसी को पता नहीं होता लेकिन जब भी ऐसा कुछ होता है लोगों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर होना पड़ता है ऐसा ही नजारा कांठ में



देखने को मिला हाजी मोहम्मद रिजवान के दो बच्चे इब्राहिम और अब्दुल रहमान की उम्र 9 वर्ष है जबकि हाजी इंतखाब आलम के पुत्र आहिल आलम की उम्र भी 9 साल ही है तीनों बच्चों ने आज रोजा रखकर अलविदा जुमे की नमाज अदा की। हमउम्र के तीन बच्चों द्वारा रोजा रखने और नमाज अदा करने पर लोगों ने आश्चर्य व्यक्त किया है।

### अनजान युवक को स्कूल में घुसने पर किया पुलिस के हवाले माफी मांगने पर छोड़ा

कांठ(शाह टाइम्स) अनजान युवक को स्कूल में घुसने पर अध्यापिका और मोहल्ले वालों ने पुलिस के हवाले कर दिया बाद में युवक के माफी मांगने पर मामला रफा दफा हो गया। बताया गया की मुख्तियारपुर नवादा गांव के स्कूल में एक युवक दो दिन से जा रहा था बच्चों ने यह बात बताई तो अनजान युवक देखकर मोहल्ले वालों को शक हो गया आज युवक जैसे ही स्कूल पहुंचा तो मोहल्ले के लोग और स्कूल के स्टाफ ने उन्हें पकड़ लिया सूचना देकर डायल 112 को बुलाया गया पुलिस आई तो पूछताछ में पता चला कि युवक कहीं बाहर का रहने वाला हैं और तीन-चार दिन पहले ही गांव आया था और किसी ग्रामीण के यहां काम कर रहा था पुलिस युवक को थाने भी ले गई लेकिन उसके गलती मानने और अनजाने में स्कूल में पानी पीने के लिए जाने की बात कहने पर पुलिस ने उसे छोड़ दिया। घटनाक्रम की जानकारी लेने पर पहले तो स्कूल की प्रधान अध्यापिका भड़क गई लेकिन बाद में बताया कि अनजान युवक होने के कारण उस पर संदेह हुआ था इसलिए पुलिस भी बुलाई गई थी। लेकिन युवक की गलती मानने के बाद मामला खत्म हो गया।

# विधायक ने लोगों की समस्याएं सुनकर दिलाया समाधान का भरोसा

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर ने आज कांठ समाजवादी पार्टी कार्यालय पर लोगों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान का भरोसा दिलाया ग्रामीण इलाकों से आए लोगों ने सड़क बिजली पानी राशन पेंशन आवास आदि समस्याएं उनके सामने रखी जिनका उन्होंने निस्तारण कराने का भरोसा दिलाया उन्होंने कहा कि जनता के हितों की रक्षा के लिए वह सदैव तत्पर रहते हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव अधिक दूर नहीं है इसलिए सभी कार्यकर्ता अभी से चुनाव की तैयारी में जुट जाएं गांव-गांव घर-घर जाकर समाजवादी पार्टी की नीतियों विचारधारा और जनहित कार्य योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का काम करें। भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर उन्होंने प्रहार करते हुए कहा कि वर्तमान समय में आम जनता महंगाई बेरोजगारी और अव्यवस्था से परेशान है रसोई गैस के सिलेंडरों की कमी के कारण कई स्थानों पर लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है बताया कि सरकार केवल प्रचार का काम कर रही है जबकि जमीनी स्तर पर आम लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है उन्होंने कार्यकर्ताओं से एक जु जुटता और मेहनत के साथ संगठन को मजबूत किए जाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विक्रम सिंह यादव कार्यालय प्रभारी अमजद अली भूरे खान सकलेन खान अंजार चौधरी मुजीब शाहिद नवाब अली डॉक्टर दानिश अंसारी आदि मौजूद रहे।



# नवरात्रि संपन्न कराने के लिए पांच अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

**कांठ (शाह टाइम्स)।** नवरात्रि 19 मार्च को शुरू होने वाले हैं और यह 26 मार्च को रामनवमी के साथ ही संपन्न होंगे। नवरात्रों को संपन्न कराने की जिम्मेदारी एसडीएम ने तहसीलदार नायब तहसीलदार कांठ नायव तहस. ीलदार छजलैट सहायक विकास अधिकारी पंचायत और खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपी है जारी निर्देश में उन्होंने कहा कि इस पर्व पर मंदिर घरों में हिंदुओं द्वारा देवी पूजन एवं पाठ आदि के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं मंदिरों में अधिकतम महिलाएं पूजा अर्चना करने जाती हैं इस दौरान उनके मार्ग में छेड़छाड़ व अन्य अपराध की संभावना होती है नवरात्रि के दौरान विगत वर्षों की भांति जुलूस शोभायात्रा मेले आदि का आयोजन भी होता है। दोपहर से देर रात तक जुलूस शोभा यात्रा आदि निकाली जाती रही है इनको संपन्न कराने के दौरान अत्यधिक सतर्कता व पुलिस व्यवस्था आवश्यक होती है। ताकि किसी व्यक्ति के द्वारा छोटी घटना को लेकर लोगों की भावनाओं को भड़काकर कानून व्यवस्था तथा आपसी सांप्रदायिक सौहार्द को

■ सफाई और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

प्रभावित न कर सके। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करते हुए नजर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ-साथ अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कांठ उमरी कला एवं खंड विकास अधिकारी को भी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में पडने वाले मंदिरों को जाने वाले मार्गों की मरम्मत सफाई व्यवस्था एवं प्रकाश व्यवस्था हेतु निर्देशित किया है। बिधुत उपखंड अधिकारी कांठ और अगवानपुर को भी ग्रामीण क्षेत्र में पड़ने वाले मंदिरों को जाने वाले मार्गों पर समुचित प्रकाश व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया है। इसके अलावा प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ उमरी कला छजलैट को भी निर्देश दिए हैं की आकस्मिक दुर्घटना के समय सहायता करने के लिए 19 मार्च से 26 मार्च के लिए संबंधित मार्गो पर एंबुलेंस व चिकित्सा टीम लगाई जानी चाहिए उन्होंने एंबुलेंस का नंबर चिकित्सा टीम के प्रभारी व चालक का नाम और मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराने के लिए कहा है।

उन्होंने निर्देशित किया की शोभा यात्रा आदि मार्गो में यदि कोई विवाद है या कोई परेशानी है तो उसका समय रहते निस्तारण कराए1 और स्थल का नजरी नक्शा बनाकर उप जिलाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करें।

# कुत्ते व बंदर बना रहे लोगों को रोजाना शिकार

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** क्षेत्र में आवारा कुत्तों,बंदरों ने पिछले तीन माह में सैकड़ो लोगों को अपना शिकार बनाया है इन लोगों का उपचार साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा हैस कुत्तो ने बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों को काटकर घायल कर दिया। सभी ने सीएचसी पहुंचकर एंटी रैबीज वैक्सीन की पहली डोज लगवाई है।नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों और बंदरों का आतंक कम नहीं हो रहा है। यह महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को काटकर घायल कर रहे हैं। पिछले दिनों नगर पंचायत ने बंदरों को पकड़वाने के लिए अभियान चलवाया था, लेकिन 250 बंदरों को पकड़ने के बाद ही इसे बीच में रोक दिया गया। जिसका परिणाम है कि बंदर हमलावर हो रहे हैं।नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों के झुंड भी घूम रहे हैं। स्कूलों को जाने वाले मार्गों पर भी कुत्ते दिखाई दे रहे हैं और यह बच्चों को काटकर उन्हें घायल भी कर रहे हैंस शासन के निर्देश के बाद भी नगर में कुत्तों को पकड़ने की कोई व्यवस्था नहीं की गई हैस जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में शांत बैठे हैं।

# एनकेबीएमजी कॉलेज के एनएसएस शिविर का समापन
## छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मोहा मन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर के एनकेबीएमजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाइयों द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह एवं संकल्प दिवस प्राथमिक विद्यालय करेला, चन्दौसी में उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का



संयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शीतल और डॉ. प्रियंका के निर्देशन में किया गया। समापन समारोह में प्रबंध समिति के वरिष्ठ सदस्य पंकज शर्मा मुख्य अतिथि, संगीता भार्गव विशिष्ट अतिथि तथा मिस कविता अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अलका रानी अग्रवाल ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या द्वारा माँ शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं ने विभिन्न रंगा. रंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। ईशा रस्तोगी, भावना आर्य, दीक्षा, तमन्ना वार्ष्णेय, शिवानी भारती, मानवी सिंह, समीक्षा, कोमल, नेहा, प्रिया, प्रिया बघेल, कुमकुम गंग. वार, वंशिका रस्तोगी, सपना, भावना और साक्षी उपाध्याय सहित अन्य छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, देशभक्ति गीत, राजस्थानी नृत्य, मसाने की होली, भगवान शिव की स्तुति पर आधारित नृत्य तथा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि पंकज शर्मा ने अपने संबोधन में स्त्री शिक्षा और लिंग समानता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लड़कियों को शिक्षा के प्रति जागरूक होना होगा, तभी वे अपने अधिकारों को पूरी तरह प्राप्त कर सकेंगी। विशिष्ट अतिथि संगीता भार्गव ने भी छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ चरित्र निर्माण पर विशेष ध्यान देने की प्रेरणा दी और कहा कि एनएसएस जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अति विशिष्ट अतिथि मिस कविता ने मधुर गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। प्राचार्या प्रो. अलका रानी अग्रवाल ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रियंका ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया। स्वयंसेविकाओं द्वारा बनाए गए हैंडीक्राफ्ट का मूल्यांकन अति विशिष्ट अतिथि कविता द्वारा किया गया। अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शीतल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए शिविर की आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय की शिक्षिकाओं, कर्मचारियों तथा सीता और मुकेश का विशेष सहयोग रहा।

# एसएम कॉलेज के एनएसएस 7 दिवसीय शिविर का समापन

**चन्दौसी।** एस.एम. कॉलेज, चन्दौसी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कौशल विकास हेतु युवा विषय के अंतर्गत आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का सातवां और अंतिम दिन ग्राम देवरखेड़ा स्थित राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर में सम्पन्न हुआ। शिविर का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशेष कुमार पांडेय के संयोजन में किया गया। अंतिम दिन शिविर की शुरुआत स्वयंसेवकों द्वारा शिविर स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाकर की गई। इसके बाद स्वयंसेवकों ने गांव में रैली निकाल. कर ग्रामवासियों को ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक किया। रैली के माध्यम से लोगों को पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों के स्थान पर गैर पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों, विशेषकर सौर ऊर्जा के अधिक से अधिक उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र को समापन सत्र के रूप में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता एस.एम. कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दानवीर सिंह यादव ने की। अपने संबोधन में




उन्होंने कहा कि विश्व में पारंपरिक ऊर्जा स्रोत सीमित हैं, जबकि बढ़ती जनसंख्या के कारण ऊर्जा की खपत लगातार बढ़ रही है। ऐसे में गैर पारंपरिक ऊर्जा स्रोत भविष्य की अनिवार्य आवश्यकता बन चुके हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे इन ऊर्जा स्रोतों के प्रति लोगों को जागरूक करें और अपनी ऊर्जा का उपयोग राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में करें। इस अवसर पर शरद शर्मा ने भी स्वयंसेवकों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि स्वयंसेवक वर्ग संघर्ष के स्थान पर वर्ग समन्वय की भावना अपनाकर समाज और राष्ट्र के लिए उपयोगी बनें। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने शिक्षकों को समर्पित काव्य पाठ, राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत तथा सात दिवसीय कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक हरवीर ने किया। शिविर को सफल बनाने में श्री भूपाल सिंह शास्त्री, श्री सुरेश और श्री जितेंद्र कुमार का विशेष सहयोग रहा। अंत में राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन किया गया।

# सम्पादकीय

शनिवार, 14 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## पीएम की चुप्पी

ईरान युद्ध का असर हमारी रसोई और चूल्हे तक आ जाएगा, यह आकलन करने में केंद्रीय कैबिनेट ने 11 दिन खपा दिए। अंतत: कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी को ऐसे निर्देश देने पड़े कि सभी मंत्रालय आपस में मिल कर काम करें। संभावित चुनौतियों के लिए तैयार रहें। देशवासियों पर युद्ध का असर कम पड़ना चाहिए। प्रधानमंत्री ने चुनौती की बात स्वीकार की है और चाहिए शब्द का इस्तेमाल कर उपदेश दिया है। यह क्यों नहीं हो सकता कि खुद प्रधानमंत्री मंत्रियों के स्तर पर समन्वय करें। चूंकि वह देश के सर्वोच्च, संवैधानिक कार्यकारी प्रमुख हैं, लिहाजा उन्हें देश को संबोधित कर हकीकत बयां करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने नोटबंदी, कोरोना वैश्विक महामारी, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कई बार राष्ट्र को संबोधित किया है। बहरहाल भारत में करीब 19.5 करोड़ घन मीटर गैस की खपत औसतन हर रोज होती है, जबकि गैस का घरेलू उत्पादन करीब 10 करोड़ घन मीटर ही है, जाहिर है कि भारत को गैस आयात करनी पड़ती है। इसमें रसोई गैस एलपीजी के अलावा, एलएनजी, पीएनजी, सीएनजी भी हमारी जिंदगी की सक्रियता के लिए बेहद अनिवार्य हैं। उनके बिना जिंदगी, समाज और कारोबार का चक्का ही जाम हो जाएगा। पीएनजी पाइपलाइन के जरिए हमारे घरों तक जाती है और 1.62 करोड़ इसके कनेक्शन हैं। एलपीजी के 33 करोड़ से अधिक उपभोक्ता हैं। सीएनजी वाहनों में इस्तेमाल की जाती है। एलएनजी खाद के प्लांट से लेकर औद्योगिक उत्पादन, विनिर्माण की इकाइयों के लिए संजीवनी है। प्रधानमंत्री मोदी देश को संबोधित कर खुलासा कर सकते हैं कि भारत ने अमरीका के साथ 22 लाख टन गैस का सौदा किस आधार पर किया है। इसके अलावा, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, नॉर्वे, पश्चिम अफ्रीका, नाइजीरिया, अंगोला और अल्जीरिया सरीखे देशों से पर्याप्त गैस की आपूर्ति का अपडेट क्या है। यह छोटे, पिद्दी से देश भारत जैसे विराट, विशाल देश को गैस सप्लाई कर रहे हैं, लेकिन खुद 78 साल का भारत अपने लिए गैस का पर्याप्त उत्पादन करने में सक्षम क्यों नहीं हो सका। यह वाकई यक्ष-प्रश्न है। गैस की जानकारी देश को देने में गोपनीयता क्या है। कूटनीतिक रणनीति क्या है। आपकी तेल-गैस की सप्लाई को कौन तारपीडो करेगा। यह तो आम भारतवासी की जिंदगी और चूल्हे से जुड़ा संवेदनशील विषय है। आखिर प्रधानमंत्री आपदा या संकट के दौर में देश की जनता, विपक्ष और मीडिया को खुलासा क्यों नहीं करेंगे? ऊर्जा-संकट से ही हमारी खाद्य-सुरक्षा प्रत्यक्ष तौर पर जुड़ी है। ठीक है, केंद्र सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की अधिसू. चना जारी कर उसे लागू कर दिया है, लेकिन आम आदमी सड़क पर उतरने को विवश है। गैस सिलेंडर लेकर लोगों ने उसी तरह कतारें लगाना शुरू कर दिया है, जिस तरह कोरोना महामारी के दौरान ऑक्सीजन सिलेंडर को लेकर हुआ था।


## ...तो कांशीराम उप्र के मुख्यमंत्री होते



केवल राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाने से कोई फायदा नहीं होता, बदलाव तब आता है, जब व्यक्ति यह ठान ले कि जो गलत हो रहा है, उसे वह स्वीकार नहीं करेगा, भाषण देने से पहले वह सोच रहे थे कि बीआर अंबेडकर शिक्षा और संगठन की बात करते थे, आज लोग कांशी राम को याद करते हैं, लेकिन समाज को 15 और 85 में बांट दिया गया है, इसका फायदा केवल 15 प्रतिशत लोगों को मिल रहा है, जबकि बाकी 50 प्रतिशत समाज को अलग-अलग कर दिया गया है, अगर जवाहरलाल नेहरु आज जीवित होते, तो कांशीराम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री होते, केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का नाम एपस्टीन फाइल में बताया जा रहा है और उनकी बेटी की कंपनी में जॉर्ज सोरोस की फंडिंग का भी उल्लेख किया गया है।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# नेपाल की नई सरकार की प्राथमिकता भारत से रिश्ते मजबूत करने की होगी





**यशोदा श्रीवास्तव**

नेपाल में बालेन शाह के नेतृत्व में सत्तारूढ़ होने वाली नई सरकार के कामकाज के तौर तरीकों की प्रतीक्षा में दुनिया के कई देश हैं लेकिन नेपाल के पड़ोसी देशों को खास तौर पर इसकी प्रतीक्षा बेसब्री से है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष मतदान के चुनाव की गिनती पूरी हो चुकी है, दोनों चुनाव प्रणाली में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को 175 से अधिक सीटें हासिल हुई है। प्रत्यक्ष प्रणाली के चुनाव में 165 सीटों में से राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को सर्वाधिक 125 सीटें हासिल हुई है जो अबतक किसी भी पार्टी को मिली सीटों से कहीं ज्यादा है। अप्रत्यक्ष चुनाव प्रक्रिया में अभी कुछ आधिकारिक औपचारिकता बाकी है जिस वजह नेपाल में नई सरकार के सत्ता रूढ़ होने में एक सप्ताह का समय लग सकता है। इस बीच यह साफ है कि नई सरकार का गठन बालेन शाह के नेतृत्व में ही होगा।

राजशाही के परंपरागत राजाओं के राजतिलक को छोड़ दें तो दुनिया में इक्का दुक्का उदाहरण ही मिलेंगे जब किसी देश ने 35 वर्षीय एक नौजवान पर भरोसा जताते हुए सत्ता की चाभी सौंप दी हो। काठमांडू के नारा देवी में पैदा हुए बालेन शाह का पैतृक गांव मधेश के महोत्तरी जिले में है। उनके पिता एक आयुर्वेदिक चिकित्सक हैं। बालेन शाह के रैप सांग में मुख्यत: नेपाल की पीड़ा और दुश्वारियों का दर्दनाक वर्णन होता था और यही कारण है कि वे नेपाल के युवाओं में रोल-मॉडल बन गए। काठमांडू के युवाओं ने इन्हें 2023 में पहले काठमांडू का मेयर बनाया और अब नेपाल भर के इन्हीं युवाओं ने नेपाल की सत्ता सौंप दी। बालेन शाह के नेतृत्व में सत्ता रूढ़ होने वाली इस सरकार में अपेक्षाकृत युवाओं की भरमार होगी। राजनीतिक विश्लेषकों के आकलन में इस युवा सरकार को लेकर आशा और उम्मीद तो है लेकिन कुछ भ्रांतियां और संशय भी है जिस पर से पर्दा हटना बाकी है।

वाकई यह हैरत की बात है कि जिस आंदोलन में राजधानी काठमांडू तबाह हुआ हो,उसका इल्जाम युवाओं पर लगा हो और उन्हीं युवाओं में से कुछ राजनीति में आकर चुनाव लड़ रहे हों और जनता इन पर विश्वास जताते हुए सत्ता सौंपने का निर्णय ले रही हो, तो यह महज एक्सीडेंटल नहीं है। सोचिए नेपाल की जनता अपनी ही चुनी हुई सरकारों द्वारा कितना धोखा खाई होगी और कितनी बार ठगी गई होगी तब ऐसा निर्णय लेने को मजबूर होना पड़ा होगा। बालेन शाह के नेतृत्व में बनने वाली नेपाल की अपेक्षाकृत युवा सरकार नेपाल के लोगों की अपेक्षानुरूप काम कर पाएगी, इसका रुझान सत्ता रूढ़ होने के कुछ दिन बाद ही पता चल पाएगा। बालेन शाह का प्रधानमंत्री चुना जाना मधेश क्षेत्र के लोगों के लिए गर्व की बात है क्योंकि पहली बार ऐसा है कि नेपाल की सर्वोच्च सत्ता पर मधेश का कोई शख्स आसीन होने जा रहा है। इस क्षेत्र में पूर्व में नेपाली कांग्रेस का वर्चस्व रहा करता था। मधेश क्षेत्र के सांसद के बदौलत कोइराला परिवार के सदस्य स्व। वीपी कोइ. राला से लेकर गिरिजा प्रसाद कोइराला और सुशील कोइराला तक प्रधानमंत्री होते रहे हैं लेकिन इस परिवार ने प्रधानमंत्री तो दूर मधेश से नेपाली कांग्रेस का सभापति तक के बारे में नहीं सोचा। इस बार काफी संभावना है कि प्रधानमंत्री के साथ नेपाली कांग्रेस के संसदीय दल का नेता भी मधेश से हो। हालांकि अंकगणित के हिसाब से नेपाली कांग्रेस दूसरे नंबर की पार्टी तो है लेकिन प्रमुख विपक्षी के लायक नहीं है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के दो तिहाई से अधिक सदस्य युवा हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जो नई सरकार में गृह मंत्री हो सकते हैं, वे भी युवा हैं और संभावित प्रधानमंत्री बालेन शाह तो महज 35 वर्ष के ही हैं। सुडान गुरूंग जिनकी पहचान जेन जी आंदोलन के नायक के रूप में हैं, वे भी बमुश्किल 30 के ही होंगे। नेपाल में बदलाव का साक्षी बने नेपाल के युवा पावर की चर्चा अब पूरी दुनिया में है। निसंदेह नेपाल की यह युवा सरकार नेपाल में बदलाव के अनुभूति की इबारत लिखने का प्रयास करेगी जो नेपाल के लिए सुखद होगा ही दुनिया के लिए भी एक नजीर होगा, जैसा कि इनमें नेपाल के लिए कुछ कर गुजरने का जुनून दिख रहा है। नेपाल एक ऐसा प्लेटफार्म है जिसपर चीन की नजर है ही, अमेरिका भी यहां अपना पांव पसार रहा है। भारत चूंकि इस नन्हें राष्ट्र का पड़ोसी है और दोनों देशों के बीच दशकों पुरानी संधियों के नाते भारत और नेपाल के बीच के संबंध सबसे अलग और आत्मीय है। नेपाल के नई सरकार से भी भारत के रिश्तों को लेकर कोई कन्फ्यूजन नहीं है।भारत के पीएम मोदी की बालेन शाह और पार्टी अध्यक्ष रवि लामी छाने से वार्ता के बाद नेपाल और भारत से रिश्तों में प्रगाढ़ता के संकेत मिले हैं।

भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने बालेन शाह और रवि लामी छाने को प्रचंड जीत की बधाई दी और नेपाल के नई सरकार के साथ मिलकर काम करने की इच्छा जताई। मोदी से वार्ता के बाद बालेन शाह और रवि लामी छाने का जो बयान आया दर असल भारत के लिए संतोष जनक और उत्साहवर्धक है। संभावित सरकार के दो बड़े हस्तियों ने इस वार्ता को बहुत ही सार्थक बताया और कहा भारत सदैव ही नेपाल का हितैषी राष्ट्र रहा है, आगे भी रहेगा। भारत और नेपाल के बीच चलताऊ रिश्ते तो है नहीं, दोनों देश रोटी बोटी के रिश्ते से लेकर रीति रिवाज, धर्म, सांस्कृतिक और सभ्यता की दृष्टि से बेहद करीब हैं। बालेन शाह और रवि लामी छाने दोनों ने इस संबंधों को और आगे बढ़ाने को लेकर उत्सुकता दिखाई है। हालांकि इसका संकेत तभी मिल गया था जब बीच चुनाव में पार्टी अध्यक्ष रवि लामी छाने ने काठमांडू के एक होटल में भारतीय राजदूत नवीन वास्तव से मुलाकात की थी। नेपाल चुनाव में यह जो परिवर्तन की आंधी चली है,दर असल यह राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी पर भरोसा और जिम्मेदारियों का बोझ है। पहले की सरकारों में पहाड़ और मैदान, पहाड़ी और मधेशी को लेकर भी विभेद रहा है,अब शायद ऐसा न हो। संविधान में कुछ मुद्दों को लेकर मधेश की अनदेखी हुई है। मधेशी नेता इसी मुद्दे को लेकर मधेशी जनता को ठगते रहे हैं। बालेन शाह ने संविधान संशोधन की बात खुद ही कहकर मधेशी नेताओं के मुंह पर ताला लगा दिया। खैर इस चुनाव में तो मधेश आधारित राजनीतिक दलों के अस्तित्व पर ही संकट आ पड़ा है।

भारत और नेपाल के बीच जो उत्तराखंड के भू क्षेत्र का विवाद है, नई सरकार उसे हल करना चाहेगी लेकिन पूर्व पीएम ओली की तरह बवाल काट कर नहीं। इस मुद्दे को बात चीत के जरिए सुलझाने पर जोर होगा। इसके अलावा भारत और नेपाल के बीच जहां जहां भी सीमा विवाद है ,इसे हल करने का प्रयास होगा। दोनों देशों के बीच करीब 1760 किमी लंबी सीमा है जहां सौ से अधिक सीमा विवाद है। उम्मीद है नेपाल की नई सरकार कुछ अलग करने की शुरुआत भारत और नेपाल के बीच सीमा विवाद को सुलझाने से करेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सूंघने की क्षमता कैसे विकसित हुई


**होता यह है कि इन ग्राहियों की एक मिश्रित सक्रियता विशिष्ट गंध का एहसास कराती है, लेकिन इन गंध-ग्राहियों की क्रिया को समझना एक चुनौती रही है। एक दिक्कत यह रही है कि यह ग्राही सिर्फ गंध तंत्रिकाओं में ही ठीक-ठाक काम करते हैं, बाकी किसी भी कोशिका में यह ठप हो जाते हैं। इसका मतलब यह होता है कि इन्हें किसी भी अन्य प्रकार की कोशिका में जोड़कर अध्ययन नहीं किया जा सकता। इस समस्या से निपटने के लिए कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय ( सैन फ्रांसिस्को ) के आशीष मांगलिक और उनके साथियों ने OR51E2 नामक ग्राही पर ध्यान केंद्रित किया। इस ग्राही की विशेषता है कि यह ओडोरेंट की पहचान के अलावा कुछ अन्य कार्य भी करता है और यह गुर्दों तथा प्रोस्टेट की कोशिकाओं में भी पाया जाता है।**

गंध एक महत्वपूर्ण संवेदना है। मनुष्यों में यह शायद उतनी महत्वपूर्ण न हो, लेकिन कई अन्य जंतुओं में यह सबसे महत्वपूर्ण संवेदना होती है। जहां अन्य संवेदनाओं को लेकर हमारी समझ काफी विस्तृत है, वहीं गंध को लेकर कई अस्पष्टताएं हैं। अब हम इस दिशा में एक कदम और आगे बढ़े हैं।

गंध संवेदना दरअसल एक रसायन-आधारित संवेदना है। कुछ रसायन हमारी गंध संवेदी तंत्रिकाओं के ग्राहियों को उत्तेजित करते हैं और मस्तिष्क इसे गंध के रूप में पहचानता है। अब पहली बार एक मानव गंध-ग्राही की सटीक त्रि-आयामी संरचना का खुलासा किया गया है। नेचर में प्रकाशित इस अध्ययन में OR51E2 नामक एक गंध-ग्राही की संरचना का विवरण देते हुए बताया गया है कि यह आणविक क्रियाओं के माध्यम से कैसे चीज की गंध को ताड़ता है।

गौरतलब है कि मानव जीनोम में 400 जीन्स होते हैं जो गंध-ग्राहियों के कोड हैं और यह ग्राही कई गंधों को पहचान सकते हैं। स्तनधारियों में गंध ग्राही के जीन्स सबसे पहले चूहों में 1990 के दशक में पहचाने गए थे। इससे पहले 1920 के दशक में यह अनुमान लगाया गया था कि मनुष्य की नाक तकरीबन 1000 गंधों को ताड़ सकती है, लेकिन 2014 में किए गए एक अध्ययन का निष्कर्ष था कि हम 1 खरब से ज्यादा गंधों को अलग-अलग पहचान सकते हैं। हर गंध-ग्राही गंधदार अणुओं के सिर्फ एक समूह से अंतर्क्रिया कर सकता है जबकि एक ही ओडोरेंट कई ग्राहियों को सक्रिय कर सकता है। होता यह है कि इन ग्राहियों की एक मिश्रित सक्रियता विशिष्ट गंध का एहसास कराती है, लेकिन इन गंध-ग्राहियों की क्रिया को समझना एक चुनौती रही है। एक दिक्कत यह रही है कि यह ग्राही सिर्फ गंध तंत्रिकाओं में ही ठीक-ठाक काम करते हैं, बाकी किसी भी कोशिका में यह ठप हो जाते हैं। इसका मतलब यह होता है कि इन्हें किसी भी अन्य प्रकार की कोशिका में जोड़कर अध्ययन नहीं किया जा सकता। इस समस्या से निपटने के लिए कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय (सैन फ्रांसिस्को) के आशीष मांगलिक और उनके साथियों ने OR51E2 नामक ग्राही पर ध्यान केंद्रित किया। इस ग्राही की विशेषता है कि यह ओडोरेंट की पहचान के अलावा कुछ अन्य कार्य भी करता है और यह गुर्दों तथा प्रोस्टेट की को. शिकाओं में भी पाया जाता है। यह ग्राही OR51E2 दो ओडोरेंट अणुओं के साथ अंतर्क्रिया करता है-एसिटेट (जिसकी गंध सिरके जैसी होती है) और प्रोपिओनेट (जिसकी गंध चीजनुमा होती है)। शोधकर्ताओं ने इस ग्राही को शुद्ध रूप में प्राप्त किया और फिर प्रोपिओनेट से सम्बद्ध तथा असम्बद्ध OR51E2 की संरचना का विश्लेषण किया। इसके लिए उन्होंने क्रायो-इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी और एटॉमिक रिजॉल्यूशन इमेजिंग तकनीकों का इस्तेमाल किया। इसके अलावा उन्होंने कंप्यूटर सिमुलेशन की भी मदद ली ताकि पता चल सके कि यह ग्राही प्रोटीन ओडोरेंट अणुओं के साथ कैसे अंतर्क्रिया करता है।

विश्लेषण से पता चला कि यह प्रोटीन OR51E2 आयनिक व हाइड्रोजन बंधनों के जरिए प्रोपिओनेट अणु के कार्बोक्सिलिक समूह को एक अमीनो अम्ल से जोड़ लेता है। जैसे ही प्रोपिओनेट जुड़ता है, OR51E2 की आकृति बदल



जाती है और यही ग्राही को चालू कर देता है। शोधकर्ताओं ने दर्शाया है कि इस ग्राही के जीन में आर्जीनीन को प्रभावित करने वाले उत्परिवर्तन उसे प्रोपिओनेट द्वारा सक्रिय नहीं होने देते। वैज्ञानिकों की इच्छा रही है कि वे गंध ग्राहियों की रासायनिक संरचनाओं का एक कैटालॉग तैयार कर सकें और उसके आधार पर यह बता सकें कि इनमें से कौन-से ग्राही मिलकर किस गंध विशेष का एहसास कराते हैं। मांगलिक की टीम द्वारा यह खुलासा मात्र पहला कदम है।

# एक गिलास दूध और एक छोटा-सा एंजाइम



कल्पना कीजिए, रात का खाना खत्म हुआ और सामने एक गिलास दूध हाजिर हो गया। कुछ लोगों के लिए यह एक सुखद आदत है। लेकिन कुछ लोगों के पेट में दूध पहुंचते ही एक अजीब हलचल शुरू हो जाती है - गैस बनना, मरोड़ उठना, पेट फूलना और कभी-कभी दस्त भी लग जाते हैं। क्या इसके पीछे दूध दोषी है? या हमारे भीतर कुछ ऐसा है जो बदल चुका है, चुपके से, बिना बताए। यह कहानी है लैक्टोज असहिष्णुता कीद्य एक ऐसी अवस्था जिसे अक्सर दूध से एलर्जी समझ लिया जाता है। यह वास्तव में पाचन के जैव रसायन की एक बेहद रोचक और जैव विकास सम्बंधी गाथा है।

**लैक्टोज क्या है?**

दूध को संपूर्ण आहार कहा जाता है और इसका एक बड़ा कारण है उसमें मौजूद शर्करा, जिसे हम लैक्टोज कहते हैं। रासायनिक दृष्टि से यह एक डाईसेकराइड है, यानी दो सरल शर्करा अणुओं से मिलकर बना अणु। देखा जाए तो, साधारण शकर द्धसुक्रोजत्र्ञ भी एक डाईसेकराइड होती है और ग्लूकोज तथा फ्क्टोज के अणुओं के जुड़ने से बनती हैरू

**शकर = ग्लूकोज प्लस फ्क्टोज**

इसी प्रकार से दूध में उपस्थित शर्करा लैक्टोज भी दो शर्करा अणुओं से जुड़कर बनी होती है- लैक्टोज = ग्लूकोज प्लस गैलेक्टोज। जब हम दूध पीते हैं तो आंतों में लैक्टोज टूटकर ग्लूकोज और गैलेक्टोज बन जाते हैं। असहिष्णुता की कहानी यहीं से शुरू होती है।

**लैक्टोज पाचन की दिक्कत**

हमारी छोटी आंत की भीतरी सतह पर असंख्य सूक्ष्म ऊंगली-नुमा संरचनाएं होती हैं जिन्हें विलाई कहते हैं। इन्हीं विलाई पर एक विशेष एंजाइम काम करता है लैक्टेज। लैक्टेज ही वह सूक्ष्म रसायन है जिस पर दूध, खासकर लैक्टोज, पचाने की पूरी जिम्मेदारी टिकी है। लैक्टेज दरअसल लैक्टोज के दोनों अणुओं के बीच की रासायनिक कड़ी को तोड़ता है, जिससे ग्लूकोज और गैलेक्टोज अलग-अलग हो जाते हैं। ए दोनों सरल शर्कराएं आसानी से रक्तप्रवाह में अवशोषित होकर शरीर को ऊर्जा देती हैं। यदि लैक्टेज पर्याप्त मात्रा में है तो लेक्टोज टूटता है, दूध पचता है, ऊर्जा मिलती है, सब सुचारू चलता है। यदि लैक्टेज पर्याप्त मात्रा में नहीं है तो कहानी बदल जाती है। अपचित लैक्टोज जब छोटी आंत से आगे बड़ी आंत में पहुंचता है, तो वहां रहने वाले अरबों जीवाणु, जिन्हें सामूहिक रूप से आंतों का माइक्रोबायोटा कहते हैं, इसे अपने भोजन के रूप में किण्वित करने लगते हैं। यह किण्वन क्रिया कई उत्पाद बनाती है - हाइड्रोजन गैस, कार्बन डाईऑक्साइड, और कभी-कभी मीथेन भी। साथ ही, लैक्टोज आंत में पानी को अपनी ओर खींचता है, जिससे दस्त की स्थिति बन सकती है। महत्वपूर्ण बात यह है कि समस्या दूध में नहीं, बल्कि उसे पचाने की हमारी घटी हुई क्षमता में है।

**ऐसा क्यों होता है?**

मनुष्य, गाय, बकरी, हाथी वगैरह सभी स्तनधारी जीव जन्म के बाद मां के दूध पर निर्भर रहते हैं। इसलिए प्रकृति ने शिशु को लैक्टेज का भरपूर उत्पादन करने की क्षमता दी है। लेकिन जैसे-जैसे बच्चा ठोस आहार ग्रहण करने लगता है और दूध उसके जीवन का एकमात्र ऊर्जा-स्रोत नहीं रहता, शरीर लैक्टेज बनाने के लिए जिम्मेदार जीन द्धस्ब्ज्त्र्ञ की सक्रियता को धीरे-धीरे कम करने लगता है। यह कोई बीमारी नहीं है बल्कि एक स्वाभाविक, सुनियोजित जैविक प्रक्रिया है।

**एक अनोखा मोड़**

लगभग दस हजार वर्ष पहले, जब युरोप, अरब और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में पशुपालन और डेयरी संस्कृति का उदय हुआ, तो एक जेनेटिक उत्परिवर्तन हुआ जिसने प्रकृति की लॉटरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिन व्यक्तियों में यह उत्परिवर्तन था, उनके शरीर में वयस्क होने पर भी लैक्टेज बनता रहा। वे बड़े होने पर दूध पीते रह सकते थे और उन्हें पशुओं के दूध से अतिरिक्त कैलोरी, प्रोटीन और कैल्शियम मिलता था। यह अकाल और कठिन परिस्थितियों में उनके जीवित रहने में सहायक था। इस अतिरिक्त पोषण स्रोत ने इन व्यक्तियों को अधिक संतानें पैदा करने की संभावना दी, और यह जीन पीढ़ी-दर-पीढ़ी फैलता गया। इस परिघटना को लैक्टेज पर्सिस्टेंस या लैक्टोज सहिष्णुता कहते हैं।

**लैक्टोज असहिष्णुता के प्रकार**

प्राथमिक लैक्टोज असहिष्णुतारू सबसे सामान्य प्रकार। उम्र के साथ LCT जीन की सक्रियता स्वाभाविक रूप से घटती है। यह जेनेटिक रूप से निर्धारित होती है और स्थाई होती है। द्वितीयक लैक्टोज असहिष्णुतारू किसी संक्रमण, सीलिएक रोग, क्रो रोग, या आंत की सूजन के कारण लैक्टेज उत्पादन अस्थाई रूप से कम हो जाता है। मूल रोग के उपचार के बाद यह प्रायरू ठीक हो सकता है।

जन्मजात लैक्टोज असहिष्णुता यह अत्यंत दुर्लभ है। शिशु जन्म से ही लैक्टेज एंजाइम नहीं बना पाता। मां का दूध भी पच नहीं पाता, इसलिए इसमें तत्काल चिकित्सकीय हस्तक्षेप आवश्यक होता है। लैक्टोज असहिष्णुता का अर्थ जीवनभर दूध का पूर्ण परित्याग नहीं है। कई व्यावहारिक रास्ते खुले हैं, जैसे

-लैक्टोज-मुक्त दूध और दुग्ध उत्पादों का उपयोग करें।

- दही और पनीर अक्सर पच जाते हैं।

-डेयरी-उत्पाद खाने से पहले लैक्टेज एंजाइम सप्लीमेंट लें। थोड़ी मात्रा से शुरू करें और धीरे-धीरे असर जांचें।

-कैल्शियम के वैकल्पिक स्रोत द्धतिल, पालक, सोयाबीन, बादाम दूध अपनाएं।

-किसी भी परिवर्तन से पहले चिकित्सक से परामर्श अवश्य लें।

यहां एक महत्वपूर्ण चेतावनी भी हैरू दूध और डेयरी उत्पाद कैल्शियम और विटामिन डी के प्रमुख स्रोत हैं। इन्हें बिना उचित विकल्पों के छोड़ना हड्डियों को प्रभावित कर सकता है, विशेषकर बच्चों और महिलाओं में। लैक्टोज असहिष्णुता के आंकड़ों से यह आश्चर्यजनक तथ्य सामने आता है कि दुनिया की लगभग 60.70 प्रतिशत वयस्क आबादी इसी अवस्था में है। तो फिर प्रश्न यह है कि क्या दूध न पचना असामान्य है, या वयस्क होने पर भी दूध पचना एक विशेष जेनेटिक अपवाद है? दूध न पचना जैविक रूप से सामान्य है।

जैव विकास की .ष्टि से देखें तो लैक्टेज पर्सिस्टेंस यानी वयस्कावस्था में भी लैक्टोज पचाने की क्षमता वास्तव में एक अपवाद है। यह हमें यह भी याद दिलाता है कि सामान्य की परिभाषा अक्सर हमारी सांस्कृतिक और भौगोलिक पृष्ठभूमि से आकार लेती है, विज्ञान से नहीं। अंत में दूध से दूरी बनाने की जरूरत शरीर की जैविक विविधता का एक ईमानदार संकेत है। हमारा शरीर समय के साथ बदलता हैय जो शिशु अवस्था में सहज था, वह वयस्क होने पर बदल सकता है। एक व्यक्ति के लिए स्वाभाविक, दूसरे के लिए असहज हो सकता है। शरीर कोई एक स्थिर मशीन नहीं, बल्कि एक बदलती हुई जैविक कहानी है कृ और हर कहानी का अपना स्वाद है।

**-ऋषि राज राय**
**स्रोत फीचर्स**




**नई दिल्ली। देश में जारी 'एलपीजी संकट' के विरोध में प्रदर्शन के दौरान दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) के एक सदस्य को हिरासत में लेते हुए।**

## ईरान में 6000 ठिकानों पर हमला किया: अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने दावा किया है कि उसने 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के दौरान ईरान में 6,000 ठिकानों पर हमला किया है। अमेरिका के केंद्रीय कमान की ओर से जारी किए गए नए आंकड़ों के अनुसार अमेरिका ने 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के दौरान ईरान में 6000 ठिकानों पर हमला किया है। इस अभियान के लगभग 60 जहाज और 30 बारूदी सुरंगें बिछाने वाले ईरान जहाजों नुकसान पहुंचाया है या उन्हें नष्ट कर दिया है। अमेरिकी केंद्रीय कमान के अनुसार ईरान में अन्य ठिकानों में सैन्य ठिकानों, हथियार बनाने की फैक्ट्रियां, बैलिस्टिक मिसा. इल के केंद्रों, पनडुब्बियों और हवाई सुरक्षा प्रणालियों पर अमेरिका की ओर से हमले किए गए हैं।

## होर्मुज में शांति-सुरक्षा बनाए रखना ईरान का अधिकार: सईद ईरावनी

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थाई प्रतिनिधि अमीर सईद इरावानी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखना उनके देश का 'निहित अधिकार' है। इरावानी ने गुरुवार को संवाददाताओं से कहा कि ईरान 'अंतर्राष्ट्रीय समुद्र कानून के तहत नौवहन की स्वतंत्रता के सिद्धांत का पूरी तरह से सम्मान करता है और इसके प्रति प्रतिबद्ध है। प्रतिनिधि ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य सहित क्षेत्र की वर्तमान स्थिति ईरान की आत्मरक्षा का परिणाम नहीं है, बल्कि यह ईरान पर हमला करने और क्षेत्रीय सुरक्षा को कमजोर करने की अमेरिका की कार्रवाइयों का प्रत्यक्ष परिणाम है। ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने गुरुवार को होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद रखने का आह्वान करते हुए कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध करने के हथियार का उपयोग निश्चित रूप से जारी रहना चाहिए।

# अमेरिका ने H-1B वीजा देने की प्रक्रिया में किया बदलाव

### अब सैलरी के आधार पर होगा चयन, 1 अप्रैल से नया फॉम I-129 लागू होगा




■ कंपनियों को विदेशी कर्मचारियों के लिए दाखिल याचिका में नौकरी से जुड़ी जानकारी देनी होगी
■ इससे पहले की तुलना में ज्यादा अनुभवी और हाई सैलरी पाने वाले प्रोफेशनल्स को वीजा मिलने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने एच-1बी वीजा प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। अब लाभार्थियों का चयन रैंडम लाटरी के बजाय वेतन के आधार पर होगा। इसके लिए अमेरिकी इमिग्रेशन एजेंसी ने फार्म आई-129 का नया सिस्टम बनाया है, जिसे 1 अप्रैल 2026 से अनिवार्य कर दिया जाएगा।

कंपनियों को विदेशी कर्मचारियों के लिए दाखिल याचिका में नौकरी से जुड़ी जानक. ारी देनी होगी। इससे पहले की तुलना में ज्यादा अनुभवी और हाई सैलरी पाने वाले प्रोफेशनल्स को वीजा मिलने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। नए सिस्टम में आवेदकों को चार वेतन स्तरों में बांटा जाएगा। जिस पद का वेतन स्तर जितना ऊंचा होगा, चयन प्रक्रिया में उसे उतने अधिक मौके मिलेंगे। मसलन, लेवल-4 के उम्मीदवार को चार मौके मिलेंगे, जबकि लेवल-1 को सिर्फ एक मौका मिलेगा। फार्म आई-129 का उपयोग अस्थायी कामगारों को अमेरिका बुलाने के लिए किया जाता है। अमेरिका का श्रम विभाग हर पेशे और शहर के लिए एक मानक वेतन तय करता है। उसी के आधार पर नौकरी को लेवल-1 से लेवल-4 में रखा जाता है। भारतीयों पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा, क्योंकि हर साल कुल जारी किए जाने वाले एच-1बी वीजा में से 70 प्रतिशत भारतीय प्रोफेशनल्स को जारी किए जाते हैं। एच-1 बी वीजा की फीस कितनी- पहले फीस लगभग 9 हजार डालर यानी करीब 8 लाख 30 हजार रुपए थी, लेकिन सितम्बर 2025 में ट्रम्प ने इसे बढ़ाकर 1 लाथ डालर यानी लगभग 90 लाख रुपए कर दिया। इस वीजा की अवधि कितनी है- 3-3 साल के लिए दो बार जारी होता है। कुल अवधि 6 साल के बाद आवेदक चाहे तो ग्रीन कार्ड यानी नागरिकता से पहले की स्टेज के लिए आवेदन कर सकता है।

# मोजतबा खामेनेई की जान की कोई गारंटी नहीं: नेतन्याहू

### इजरायली पीएम की ईरान व उसके उसके संगठनों को सीधी चेतावनी, जारी रहेगा सैन्य अभियान

■ किसी भी आतंकी संगठन के नेता की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं ले सकते



■ वे क्षेत्र के कुछ अन्य देशों के साथ नए गठबंधन बना रहे हैं: नेतन्याहू

**यरुशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान और उसके सहयोगी संगठनों को लेकर बेहद कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि ईरान के खिलाफ अमे. रिका और इजरायल का साझा सैन्य अभियान उम्मीद से कहीं बेहतर चल रहा है।

वह पहले से कहीं ज्यादा मजबूत स्थिति में हैं। नेतन्याहू ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के लिए कोई लाइफ इंश्योरेंस (जीवन बीमा) नहीं है। जब ने नेतन्याहू से पूछा गया कि क्या इजरायल मोजतबा खामेनेई और हिजबुल्लाह के नेता नईम कासिम को निशाना बनाएगा, तो उन्होंने दोटूक जवाब दिया। उन्होंने कहा कि वह किसी भी आतंकी संगठन के नेता की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं ले सकते। गौरतलब है कि मोजतबा के पिता और ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल के साझा हमलों में मारे गए थे।

इजरायल ने 28 फरवरी से ईरान के खिलाफ 'रोरिंग लायन' नाम से एक अभियान शुरू किया है। इस अभियान में अमेरिका भी शामिल है, जिसने इसे 'एपिक फ्यूरी' नाम दिया है। इस सैन्य कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को रो. कना, उसके मिसाइल कार्यक्रम को नष्ट करना और क्षेत्र में ईरान के मददगार गुटों को खत्म करना है। ईरान में सत्ता परिवर्तन के सवाल पर नेतन्याहू ने कहा कि अमेरिका और इजरायल मिलकर ऐसे हालात पैदा कर रहे हैं, जिससे ईरान की जनता खुद इस क्रूर और तानाशाह शासन को उखाड़ फेंके। उन्होंने बताया कि इजरायली सेना सड़कों और चेकपाइंट्स पर रिवोल्यूशनरी गार्ड्स और बासिज बलों पर लगातार हमले कर रही है। नेतन्याहू ने ईरानी जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी का समय करीब आ रहा है और इजरायल उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि वे हवाई हमलों के जरिए ऐसे मौके बनाएंगे जिससे जनता सड़कों पर उतर सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब न तो पहले जैसा ईरान रहा, न वैसा मध्य पूर्व और न ही पहले जैसा इजरायल। इजरायल अब इंतजार नहीं करता, बल्कि वह खुद पहल करके पूरी ताकत से हमला करता है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ अपने मजबूत रिश्तों की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि ट्रम्प उनके निजी मित्र हैं और दोनों के बीच लगभग हर दिन बात होती है। नेतन्याहू के अनुसार, ट्रम्प ने उनसे कहा है कि अमेरिका और इजरायल का यह रिश्ता इतिहास में सबसे ज्यादा मजबूत है। नेतन्याहू ने यह भी संकेत दिया कि वे क्षेत्र के कुछ अन्य देशों के साथ नए गठबंधन बना रहे हैं, जिनके बारे में कुछ हफ्ते पहले तक सोचना भी नामुमकिन था।

## निर्दोषों को मारने वाले ईरानियों को मारना 'बड़ा सम्मान': ट्रम्प



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में उनके लिए उन ईरानियों को मारना एक 'बड़ा सम्मान' है, जो '47 वर्षों से पूरी दुनिया में निर्दोष लोगों को मार रहे हैं।' ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि वे 47 वर्षों से पूरी दुनिया में निर्दोष लोगों को मार रहे हैं। और अब मैं अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में उन्हें मार रहा हूं। ऐसा करना कितने बड़े सम्मान की बात है! उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरानी शासन को सैन्य, आर्थिक और अन्य तरीकों से 'पूरी तरह से नष्ट' कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान की नौसेना खत्म हो गई है, उनकी वायु सेना अब नहीं रही, मिसाइलें, ड्रोन और बाकी सब कुछ तबाह किया जा रहा है और उनके नेताओं को भी मिटा दिया गया है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका के पास 'अद्वितीय मारक क्षमता, असीमित गोला-बारूद और पर्याप्त समय' है।

## खाड़ी देशों की 'पेट्रो-डॉलर' व्यवस्था पर बढ़ा दबाव

■ ब्रिक्स की भूमिका अहम, बढ़ते संघर्ष ने हालांकि ब्रिक्स के भीतर भी मतभेदों को उजागर किया हैं

**नई दिल्ली।** ईरान-अमे. रिका-इजरायल के बीच चल रहे संघर्ष के बीच खाड़ी देशों की पेट्रो-डॉलर प्रणाली पर दबाव बढ़ता नजर आ रहा है और ऐसे समय में ब्रिक्स समूह की भूमिका महत्वपूर्ण होती जा रही है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से टेलीफोन पर बातचीत के दौरान क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए ब्रिक्स की सक्रिय और रचनात्मक भूमिका की आवश्यकता पर जोर दिया।

पेजेशकियन ने कहा कि अमे. रिका और इजरायल द्वारा ईरान के महत्वपूर्ण ढांचे को निशाना बनाए जाने के बावजूद ईरान भारत और अन्य मित्र देशों के साथ ब्रिक्स तथा शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) जैसे अंतर्राष्ट्रीय मंचों के माध्यम से सहयोग बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

विश्लेषकों के अनुसार मौजूदा ईरान-अमेरिका-इजरायल युद्ध के संदर्भ में पहली बार ब्रिक्स का खुलकर उल्लेख किया गया है, जिससे संकेत मिलता है कि 11 सदस्यीय समूह में शामिल ईरान को इस मंच से समर्थन की उम्मीद है। बढ़ते संघर्ष ने हालांकि ब्रिक्स के भीतर भी मतभेदों को उजागर किया हैं। ब्राजील, रूस, चीन और दक्षिण अफ्रीका ने अमेरिका-इजरायल के हमलों की आलोचना करते हुए इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया है, जबकि 2026 में ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहे भारत ने सीधे तौर पर हमलों की निंदा नहीं की है बल्कि संवाद और कूटनीति के जरिए समाधान पर जोर दिया है। मोदी ने भी पेजेशकियन से बातचीत में क्षेत्र में बढ़ते तनाव, नागरिकों की मौत और बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान पर चिंता जताते हुए शांति बहाली के लिए संवाद और कूटनीति को जरूरी बताया। इस बीच ईरान द्वारा यूएई और सऊदी अरब पर हमलों ने ब्रिक्स के कुछ सदस्य देशों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा कर दिया है, जिससे युद्ध पर संयुक्त बयान जारी करना लगभग असंभव हो गया है। इस संकट ने हालांकि पश्चिमी वित्तीय प्रणाली से स्वतंत्रता की दिशा में प्रयासों को तेज कर दिया है। ब्रिक्सपे प्लेटफॉर्म को स्विफ्ट (एसडब्ल्यूआईएफटी) नेटवर्क के विकल्प के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी आई है।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीलंका ने ईरान को सौंपे यूएस हमले में मारे गए 45 नाविकों के शव

**कोलंबो।** श्रीलंका ने शुक्रवार को अमेरिकी पनडुब्बी हमले में मारे गए 45 ईरानी नाविकों की लाशें ईरान के दूतावास को सौंप दी। ये नाविक उस ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस डेना पर सवार थे, जिस पर गाले के पास हमला हुआ था।इस जहाज को भारत के विशाखापत्तनम से ईरान लौटते समय निशाना बनाया गया था, जहां यह नौसैनिक अभ्यास में हिस्सा ले चुका था। इससे पहले, श्रीलंका ने 84 नाविकों की लाशें बरामद की थीं और अब 45 शवों को शुक्रवार को मत्तला अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से ईरान भेजा जाएगा।

### रूस से तेल आपूर्ति पर बातचीत करेगा थाईलैंड: उपप्रधानमंत्री

**बैंकॉक।** थाईलैंड के उपप्रधानमंत्री फीफाट रत्चाकिप्राकार्न ने शुक्रवार को कहा कि उनका देश रूस से कच्चे तेल की खरीद के लिए बातचीत शुरू करने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि अमे. रिका के हालिया बयान के बाद रूसी तेल निर्यात के बहिष्कार में ढील की जानकारी सामने आई है। इसके बाद थाईलैंड भी उन देशों में शामिल होगा जो रूस से कच्चे तेल की खरीद को लेकर बातचीत शुरू करेंगे। यह वार्ता थाईलैंड के ऊर्जा मंत्रालय की ओर से शुरू की जाएगी। उपप्रधानमंत्री के अनुसार, फिलहाल थाईलैंड के पास पेट्रोलियम प्रसंस्करण के लिए लगभग 98 दिनों के बराबर कच्चे तेल का भंडार मौजूद है।

### अफगानिस्तान में दो अमेरिकी नागरिक गिरफ्तार

**काबुल।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने दो अमेरिकी नागरिकों को हिरासत में लिए जाने की शुक्रवार को पुष्टि की। सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद के अनुसार इन दोनों व्यक्तियों को स्थानीय कानूनों का उल्लंघन करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। स्थानीय समाचार चैनल 'टोलो न्यूज' को दिए एक साक्षात्कार में मुजाहिद ने स्पष्ट किया कि इन अमेरिकी नागरिकों की गिरफ्तारी अफगान कानून तोड़ने के कारण हुई है।

### ऑस्ट्रेलिया में मिलीं 'मॉनिटर लिजार्ड' की तीन नई प्रजातियां

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलियाई नेशनल यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने क्वींसलैंड राज्य में चट्टानों पर रहने वाली मॉनिटर लिजार्ड (मॉनिटर छिपकली) की तीन नई प्रजातियों की पहचान की है। यह खोज ऑस्ट्रेलिया के सवाना क्षेत्रों में इस प्रकार के सरीसृपों का पहला आधिकारिक रिकॉर्ड है। विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी करके यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि इन तीनों प्रजातियों को उनके विशिष्ट रंगों और सवाना परिदृश्य की चट्टानों के अनुकूल खुद को ढालने की क्षमता के आधार पर पहचाना गया है।

## अमेरिका ने हमास को वित्तपोषित करने वाली चार संस्थाओं पर लगाया प्रतिबंध

■ वित्त मंत्रालय हमास को अपने हिंसक उद्देश्यों के लिए धर्मार्थ संस्थाओं का दुरुपयोग करने की अनुमति नहीं देगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने गुरुवार को चार धर्मार्थ संस्थाओं पर हमास उग्रवादी समूह को गुप्त रूप से वित्तपोषित करने का आरोप लगाते हुए उन पर प्रतिबंध लगा दिए। अमेरिकी वित्त विभाग ने कहा कि इन संगठनों ने मानवीय कार्यों की आड़ में धन जुटाया, लेकिन अंतत: हमास की सैन्य शाखा इज्ज अल-दीन अल-कसम ब्रिगेड का समर्थन किया, जो इजरायल के खिलाफ हमलों के लिए जिम्मेदार है। बयान में कहा गया कि ये कार्रवाई हमास द्वारा अपनी सैन्य शाखा के लिए अवैध धन जुटाने के लिए नागरिक संगठनों के शर्मनाक उपयोग को उजागर करती हैं। इसके साथ ही गाजा में आतंकवादी गति. विधियों का समर्थन करने वाले प्रमुख वित्तपोषण स्रोतों को बाधित करती हैं। बयान में कहा गया कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि मानवीय सहायता विश्वसनीय और सुरक्षित संगठनों द्वारा वितरित की जाए और वैध फलस्तीनी हितों एवं क्षेत्र में स्थाई शांति को आगे बढ़ाने के अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों के समर्थन में हो। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने एक बयान में कहा कि हमास आतंकवादी अभियानों के समर्थन के लिए फर्जी चैरिटी का उपयोग अपनी सैन्य शाखा को वित्तपोषित करने के लिए कर रहा है। वित्त मंत्रालय हमास को अपने हिंसक उद्देश्यों के लिए धर्मार्थ संस्थाओं का दुरुपयोग करने की अनुमति नहीं देगा।

## ईरान के विद्यालय पर हमले के बाद चीन ने बढ़ाया मदद का हाथ

**बीजिंग।** ईरान में एक प्राथमिक विद्यालय पर हुए हालिया हमले में छात्रों की मौत पर चीन ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए दो लाख अमेरिकी डॉलर की मदद देने की घोषणा की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने शुक्रवार को बीजिंग में संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। जियाकुन ने बताया कि चीन ने इस दुखद घड़ी में प्रभावित परिवारों के प्रति सहानुभूति जताते हुए वित्तीय मदद का निर्णय लिया है। उन्होंने घोषणा की कि 'रेड क्रॉस सोसाइटी ऑफ चाइना' ने ईरानी रेड क्रीसेंट सोसाइटी को दो लाख अमेरिकी डॉलर की आपातकाल. ीन मानवीय सहायता प्रदान करने का फैसला किया है।

# फिर बढ़ा एकतरफा टैरिफ का खतरा

### अमेरिका सरकार ने भारत समेत 16 व्यापारिक साझेदार देशों के खिलाफ शुरू की नई जांच




**तेहरान।** वैश्विक व्यापार में एक बार फिर तनाव बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। मौजूदा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन ने भारत समेत 16 प्रमुख व्यापारिक साझेदार देशों के खिलाफ नई जांच शुरू की है। अमेरिका का आरोप है कि इन देशों की व्यापारिक नीतियां अमेरिकी उद्योगों को नुकसान पहुंचा रही हैं और इससे अमेरिकी बाजार पर दबाव बढ़ रहा है।

यह जांच 1974 के अमेरिकी व्यापार अधिनियम की धारा 301 के तहत की जा रही है। यह वही कानून है जिसके तहत अमेरिका किसी देश की व्यापारिक नीतियों को अनुचित मानते हुए एकतरफा टैरिफ बढ़ा सकता है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने कहा कि इस जांच का मकसद यह पता लगाना है कि इन देशों की नीतियां अमेरिकी व्यापार के लिए नुकसानदेह हैं या नहीं। अमेरिका ने जिन देशों के खिलाफ जांच शुरू की है उनमें भारत, चीन, बांग्लादेश, कंबोडिया, यूरोपीय संघ, इंडोनेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया, मेक्सिको, नार्वे, सिंगापुर, स्विट्जरलैंड, ताइवान, मलयेशिया, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं। अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि इन देशों की औद्योगिक नीतियों के कारण वैश्विक बाजार में अत्यधिक उत्पादन हो रहा है और इसका असर अमेरिकी उद्योगों पर पड़ रहा है। अमेरिकी व्यापार प्रति. निधि जैमीसन ग्रीर ने कहा कि जांच का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना है कि इन देशों की नीतियां अमेरिकी कंपनियों के लिए अनुि. चत या भेदभावपूर्ण तो नहीं हैं। इसके साथ ही यह भी देखा जाएगा कि क्या इन नीतियों के कारण अमे. रिकी व्यापार पर बोझ पड़ रहा है या उसका विस्तार सीमित हो रहा है। जांच में विनिर्माण क्षेत्र में अतिरिक्त उत्पादन और क्षमता से जुड़े मुद्दों पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। अमे. रिकी प्रशासन का कहना है कि वह अपने औद्योगिक आधार को कमजोर नहीं होने देगा। अधिका. रियों के मुताबिक कई देशों में अतिरिक्त उत्पादन को अमेरिकी बाजार में निर्यात किया जा रहा है। इससे अमेरिकी कंपनियों को नुकसान हो रहा है। इसलिए ट्रम्प प्रशासन नए टैरिफ लगाने के विकल्पों पर भी विचार कर रहा है ताकि घरेलू उद्योगों को संरक्षण मिल सके।

# अफगानिस्तान का पाकिस्तान पर जवाबी हमला

### खैबर पख्तूनख्वा में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, पाकिस्तानी हमले में मारे गए थे 6 अफगानी



■ तालिबानी अधिकारियों के मुताबिक, हमले में छह लोगों की मौत और 15 घायल हुए हैं

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि अफगान वायुसेना ने शुक्रवार को पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हवाई हमला किया। मंत्रालय के मुताबिक यह कार्रवाई पाकिस्तानी सेना की बीती रात किए गए हमलों के जवाब में की गई। रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि कोहाट क्षेत्र में पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को टारगेट किया गया। साथ ही सैन्य किले को भी निशाना बनाया गया।

हालांकि हमले से किसी के मारे जाने या घायल होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। दरअसल, पाकिस्तान ने गुरुवार रात अफगानिस्तान की राजधानी काबूल और कंधार में हवाई हमले किए थे। तालिबानी अधिकारियों के मुताबिक, हमले में 6 लोगों की मौत और 15 घायल हुए हैं। इसमें महिलाएं और बच्चे शामिल है। साथ ही कई घरों को भी नुकसान पहुंचा है। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद के मुताबिक, पाकिस्तान ने प्राइवेट एयरलाइन 'काम एयर' के फ्यूल डिपो पर हमला किया था, जो सिविलियन विमानों और यूएन के विमानों को भी फ्यूल सप्लाई करता है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस हमले का जवाब दिया जाएगा। वहीं, पाकिस्तानी सुरक्षा अधिका. रियों ने रायटर्स को बताया कि यह कार्रवाई पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) के ठिकानों पर की गई है। हाल के महीनों में देश में बढ़ते आतंकी हमलों के बाद यह आपरेशन शुरू किया गया। तालिबानी अधिकारियों के मुता. बिक पाकिस्तान ने कई नागरिक इलाकों को भी निशाना बनाया है। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि पाकिस्तानी हमले कंधार और पक्तिका प्रांतों में भी किए गए। कंधार तालिबान नेताओं का गढ़ माना जाता है। वहीं, तालिबान सरकार ने पाकिस्तान के आरोपों को खारिज कर दिया है। उसका कहना है कि अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल किसी भी देश के खिलाफ हमलों के लिए नहीं होने दिया जाएगा। दरअसल, पाकिस्तान लंबे समय से अफगानिस्तान की तालिबान सरकार पर दबाव बनाता रहा है कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी आतंकी संगठन को न करने दे। इस्लामाबाद का आरोप है कि टीटीपी अफगानिस्तान से आपरेट हो रहा है, जबकि तालिबान सरकार इन आरोपों से लगातार इन्कार करती रही है।

## इराक में ड्रोन हमले में फ्रांस के एक सैनिक की मौत, कई घायल

**पेरिस।** इराक के एरबिल इलाके में ड्रोन हमले के दौरान एक फ्रांसीसी सैनिक मारा गया है और कई अन्य घायल हुए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि इराक के एरबिल इलाके में एक ड्रोन हमले के दौरान एक फ्रांसीसी सैनिक मारा गया है और कई अन्य घायल हुए हैं। उन्होंने मारे गए सैनिक का नाम चीफ वारंट ऑफिसर अर्नाड फियोन का नाम बताया। वह अमे. रिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से मारे जाने वाले पहले फ्रांसीसी सैनिक हैं। मैक्रों ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उनके परिवार और उनके साथी सैनिकों के प्रति मैं पूरे देश की ओर से अपना स्नेह और एकजुटता व्यक्त करना चाहता हूं। हमारे कई सैनिक घायल हुए हैं। फ्रांस उनके और उनके प्रियजनों के साथ खड़ा है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने इस इलाके में इस्लामिक स्टेट के खिलाफ लड़ रहे फ्रांसीसी सैनिकों पर हुए हमलों की निंदा करते हुए उन्हें अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा कि इराक में उनकी मौजूदगी आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के सख्त दायरे का हिस्सा है। ईरान में चल रहा युद्ध के दौरान ऐसे हमलों को किसी भी तरह से सही नहीं ठहराया जा सकता।

